सेंसेक्स
76,693.36 +1,618.85
डॉलर
83.507 +0.042
रांची सर्राफा
10 ग्राम 72,800
01 किलो 98,500

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 02, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 08 जून 2024, वर्ष-25, अंक-126, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 12



पीएम बोले- पहले एनडीए
आज भी एनडीए और...

## मिला आमंत्रण

**राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सभी सहयोगियों ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें नरेंद्र मोदी के लिए अपना समर्थन पत्र सौंपा। वहीं, मोदी ने राष्ट्रपति को अपने प्रधानमंत्री मनोनयन का पत्र सौंपा। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मोदी को मनोनीत प्रधानमंत्री के रूप में काम करने को कहा।**



# 9 जून को तीसरी बार शपथ लेंगे नरेंद्र मोदी



दही-चीनी से स्वागत...

**मोदी ने राष्ट्रपति भवन में द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा। राष्ट्रपति ने मोदी को दही-चीनी खिला शुभकामनाएं दी।**

### नरेंद्र मोदी ने ये भी कहा

### चुनाव आयोग का काम बाधित करने सुप्रीम कोर्ट पहुंचे

हर तीसरे दिन चुनाव आयोग के काम में रुकावट आए। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे खटखटाए गए। इस काम में एक ही टोली थी। सुप्रीम कोर्ट का उपयोग करते हुए कैसे रुकावट डाले, इसका निरंतर प्रयास करते रहे। ये टेक्नोलॉजी को महत्व नहीं देते हैं। ये सिर्फ ईवीएम में नहीं दिखाई दिया है, यूपीआई में भी दिखा। इन्होंने आधार पर भी बार-बार सुप्रीम कोर्ट जाकर परेशानी पैदा की।

### कांग्रेस के खटाखट स्कीम ने देश के लोगों को किया भ्रमित

मोदी ने कांग्रेस की 'खटाखट स्कीम' पर सवाल उठाया। कहा ये लोग कितना बड़ा झूठ बोलते रहे, चुनाव के समय देश के लोगों को गुमराह करने के लिए पर्चियां बांटी, आज कांग्रेस दफ्तरों पर लोग कतार में खड़े हैं, एक लाख रुपये कहां है, लोग पैसा मांग रहे हैं। लोग मानकर चल रहे थे कि 4 जून के बाद रुपया मिल जाएगा। वह दफ्तर के बाहर खड़े हैं, अब उन्हें धक्का देकर, डंडे मारकर भगाया जा रहा है।

### लखनऊ में कांग्रेस कार्यालय के बाहर पैसे के लिए अड़ी जुबैदा

लखनऊ में कांग्रेस कार्यालय पहुंची जुबैदा ने कहा कि अब तो कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। अब राहुल गांधी ने हमसे जो वादे किए हैं, उसे पूरा करेंगे। उन्होंने कहा था कि वो महिलाओं के खाते में प्रतिमाह 8,500 रुपए डालेंगे। हम उनके इसी वादे को देखते हुए कार्यालय आए हैं। जुबैदा ने कहा था कि पहले तो मुझे कांग्रेस कार्यालय में जाने नहीं दिया जा रहा था, लेकिन मैं भी जिद पर अड़ गई।

### 04 जून को ईवीएम ने इंडी गठबंधन को चुप करा दिया

4 जून के पहले इंडी गठबंधन ईवीएम को लगातार गाली दे रहे थे, मुझे तो लगता था कि इस बार ये लोग ईवीएम की अर्थी जुलूस निकालेंगे, लेकिन 4 जून की शाम आते-आते उनके मुंह पर ताले लग गए, ईवीएम ने उनको चुप कर दिया। ये भारत के लोकतंत्र की ताकत है। ये भारत की निष्पक्षता की ताकत है। मैं आशा करता हूं कि अगले 5 साल ईवीएम नहीं सुनाई देगा।

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की बैठक शुक्रवार को पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में हुई। इसमें एनडीए के सभी प्रमुख नेता व नवनिर्वाचित सांसदों मौजूद रहे। बैठक में सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता चुना गया और उन्हें प्रधानमंत्री पद के लिए मनोनीत किया गया। इसके बाद शुक्रवार की शाम एनडीए के सभी सहयोगियों के साथ नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति भवन पहुंचे और राष्ट्रपति से मुलाकात कर उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा। इससे पहले, राजग नेताओं ने राष्ट्रपति से मुलाकात कर उन्हें मोदी के लिए समर्थन पत्र सौंपा। राष्ट्रपति ने मोदी को नई सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया। मोदी ने राष्ट्रपति को बताया कि शपथ ग्रहण के लिए 9 जून की शाम को उन्हें सुविधा रहेगी, तब तक वह मंत्री परिषद की सूची राष्ट्रपति को सौंपेंगे जिसे राष्ट्रपति ने स्वीकार कर लिया।

राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में मीडिया को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति ने मुझे मनोनीत प्रधानमंत्री के रूप में काम करने के लिए कहा है और उन्होंने मुझे शपथ समारोह के लिए आमंत्रित किया है। मोदी ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति को बताया कि 9 जून का दिन शपथग्रहण के लिए उचित रहेगा।' उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति भवन रविवार को शपथ ग्रहण समारोह का विवरण तैयार करेगा और तब तक वह मंत्रिपरिषद की सूची राष्ट्रपति को सौंप देंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह देशवासियों को विश्वास दिलाते हैं कि 18वीं लोकसभा में पांच वर्ष के कार्यकाल में वे उसी गति और समर्पण भाव से देश की आशाओं और आकांक्षाओं को पूर्ण करने में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे।

शेष पेज 11 पर



- एनडीए राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत के लिए प्रतिबद्ध संगठित गठबंधन
- राजग महज सत्ता के लिए एक साथ आए दलों का समूह नहीं

## चुनाव परिणाम एनडीए की महाविजय

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव परिणामों को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की महाविजय बताया। उन्होंने कहा कि अगर गठबंधन के इतिहास में संख्या के हिसाब से देखें तो यह सबसे मजबूत गठबंधन सरकार है। एनडीए सत्ता के लिए एक साथ आए दलों का समूह नहीं है, यह 'राष्ट्र प्रथम' के सिद्धांत के लिए प्रतिबद्ध एक संगठित गठबंधन है। नरेन्द्र मोदी पुराने संसद भवन में आयोजित बैठक में एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जीवन में विश्वास पर जोर देते हुए कहा कि आपने मुझे 2019 में अपना नेता चुना और आज, 2024 में भी, आपके चुने हुए नेता के रूप में यहां खड़े होकर मैं महसूस करता हूं कि हमारे बीच 'विश्वास का पुल' बहुत मजबूत रहा है। मोदी ने एनडीए का नेता चुने जाने पर सभी साथियों का आभार जताया। उन्होंने नवनिर्वाचित सांसदों का अभिनंदन करने के साथ ही पार्टी कार्यकताओं के परिश्रम को नमन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश चलाने के लिए सर्वमत बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान के इतने महान लोकतंत्र की ताकत देखिए कि एनडीए को आज देश के 22 राज्यों में लोगों ने सरकार बनाकर उनको सेवा करने का मौका दिया है। हमारा ये अलायंस सच्चे अर्थ में भारत की आत्मा है। हम 'सर्व धर्म समभाव' (सभी धर्म समान हैं) के सिद्धांत के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए मोदी ने कहा कि विपक्ष ने 2024 के लोकसभा परिणामों को हमारे लिए हार के रूप में पेश करने की कोशिश की लेकिन हम न कभी हारे थे, न हारे हैं और न कभी हारेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 10 साल बाद भी 100 का आंकड़ा नहीं छू सकी। पिछले 3 लोकसभा चुनावों में उनकी कुल सीटें अकेले इस चुनाव में हमारी सीटों की संख्या से भी कम हैं। उन्होंने कहा कि 4 जून के बाद हमारा आचरण दिखाता है कि हम जीत को पचाना जानते हैं। मोदी ने कहा कि पहले भी एनडीए की सरकार थी, अब भी है और आगे भी रहेगी। उन्होंने कहा कि अगले 10 वर्षों में एनडीए सरकार सुशासन, विकास और आम नागरिकों के जीवन में न्यूनतम हस्तक्षेप पर ध्यान केंद्रित करेगी।

### राष्ट्रपति कल शाम सवा सात बजे दिलाएंगी शपथ

राष्ट्रपति 9 जून को शाम 7:15 बजे राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। इस बीच भाजपा नेताओं ने सहयोगी दलों के साथ बैठक कर मंत्रिमंडल के गठन को लेकर विचार-विमर्श शुरू कर दिया है।

## पीएलएफआई के 3 उग्रवादी गिरफ्तार, लूटी गई बाइक बरामद

नवीन मेल संवाददाता

**खूंटी।** जिले के जरियागढ़ थाना क्षेत्र के व्यवसायियों से लगातार लेवी की मांग करने वाले प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया के तीन सक्रिय उग्रवादियों को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के पास से पीएलएफआई के पर्चे, संगठन के विस्तार से संबंधित प्रेस विज्ञप्ति, दो बाइक और पांच मोबाइल बरामद किये गये हैं। तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने शुक्रवार को प्रेस कान्फ्रेंस में बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआई के कुछ उग्रवादी व्यवसायियों से लेवी वसूलने के लिए जरियागढ़ आने वाले हैं। इस पर पुलिस टीम ने कैंची मोड़ के पास एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन युवकों को संदिग्ध हालत में पकड़ा गया। उनकी तलाशी लेने पर संगठन के पर्चे आदि बरामद किये गये। गिरफ्तार उग्रवादियों में राहुल साहू, लुकस होरा उर्फ लुका और बालेश्वर साहू उर्फ बुधु साहू शामिल हैं।

शेष पेज 11 पर

## चुनाव खत्म होते ही सरकार एक्टिव मोड में

ब्यूरो रिपोर्ट

**रांची।** लोकसभा चुनाव खत्म होते ही झारखंड सरकार पूरी तरह से एक्टिव मोड में आ गई है। जुलाई में नगर निकाय चुनाव का बिगुल बज सकता है। पिछड़ा आयोग ने ट्रिपट टेस्ट अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। सरकार का निर्देश आते ही आयोग ट्रिपल टेस्ट कराएगी। इसके बाद नगर निकाय चुनाव का बिगुल बज जाएगा। इसलिए सरकार आपके द्वारा की तिथि जुलाई में नगर निकाय चुनाव या फिर नगर निकाय चुनाव के बाद तय हो सकती है।



- आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का चौथा चरण जुलाई में संभव
- जुलाई में नगर निकाय चुनाव का बज सकता है बिगुल

### फिर शुरू होगा आपकी योजना, आपके द्वार कार्यक्रम

जुलाई में ही पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना, आपके द्वार कार्यक्रम का चौथा चरण शुरू हो सकता है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने मुख्य सचिव और सभी विभागीय सचिवों को निर्देश दिया है कि इसका ब्लू प्रिंट तैयार कर लें। बहुत जल्द अभियान को शुरू करने की लिए अहम बैठक होगी। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद सचिवालय में अधिकारी और कर्मी सक्रिय हो चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की महत्वाकांक्षी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत 12 अक्टूबर से शुरू की थी।

शेष पेज 11 पर

## रिजर्व बैंक ने रेपो रेट 6.50 फीसदी पर बरकरार रखा

एजेंसी

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने लगातार आठवीं बार प्रमुख नीतिगत ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया है। आरबीआई ने रेपो रेट को 6.50 फीसदी पर बरकरार रखा है। ऐसे में ईएमआई में भी फिलहाल कोई बदलाव नहीं होगा। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7.2 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को यहां मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक के बाद बताया कि एमपीसी ने रेपो रेट 6.50 फीसदी पर बरकरार रखने का फैसला किया है। बैठक में छह सदस्यों में से चार नीतिगत ब्याज दरों को स्थिर रखने के पक्ष में रहे। दास ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए हम जीडीपी वृद्धि दर 7.2 फीसदी रहने का अनुमान जता रहे हैं। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ने फरवरी 2023 में नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट को 0.25 फीसदी बढ़ाकर 6.5 फीसदी किया था।

इंडिया



सुनील बादल

**कंगना ने मोहिंदर कौर की तस्वीर को ट्वीट करते हुए लिखा था कि "हा हा। ये वही दादी हैं जिन्हें टाइम मैगजीन की 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों की लिस्ट में शामिल किया गया था.... और ये 100 रुपये में उपलब्ध हैं।**

## सांसद को चार साल बाद थप्पड़, गंभीर सुरक्षा चूक और साजिश

हिमाचल प्रदेश की मंडी की नवनिर्वाचित सांसद कंगना राणावत को बृहस्पतिवार को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर सुरक्षा में तैनात एक सीआईएसएफ जवान महिला ने थप्पड़ मार दिया। घटना उस समय की है जब कंगना चंडीगढ़ से दिल्ली जा रही थीं। बताया जा रहा है कि किसान आंदोलन पर कंगना के दिए विवादास्पद बयान को लेकर महिला सिपाही नाराज थी। कंगना ने किसान आंदोलन के दौरान कहा था कि महिलाओं को 100-100 रुपये देकर धरने पर बिठाया जा रहा है। कंगना ने मोहिंदर कौर की तस्वीर को ट्वीट करते हुए लिखा था कि "हा हा। ये वही दादी हैं जिन्हें टाइम मैगजीन की 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों की लिस्ट में शामिल किया गया था.... और ये 100 रुपये में उपलब्ध हैं। हालांकि कंगना ने बाद में ये ट्वीट डिलीट कर दिया था। कंगना की यह टिप्पणी गलत हो सकती है और उनका एक्स एकाउंट कथित विवादों के कारण सस्पेंड भी हो चुका था पर एक वर्दीधारी महिला कॉन्स्टेबल की हरकत किसी भी तरह उचित नहीं ठहरायी जा सकती क्योंकि पुलिस,सेना या अर्द्धसैनिक बल की वर्दी जिसे दी जाती है रैंक जो भी हो एक बड़ी जिम्मेदारी अनुशासन की होती है और उस देश के नागरिक उस वर्दी पर भरोसा करते हैं । यदि विश्व के किसी भी देश में वर्दीधारी अपनी व्यक्तिगत सोच या विचारधारा के लिए किसी पर हाथ उठा दें,हथियार चला दें या सुरक्षा कर्तव्यों की अनदेखी कर दें तो कयामत आ जाएगी। यदि ऐसी विचारधारा से प्रभावित कोई और सुरक्षाकर्मी विमान में हथियार ले जाने दे तो देश का सर शर्म से झुक जाएगा। कंगना वाली इस घटना पर सोशल मीडिया पर काफी



कॉमेंट कर रहे हैं। काफी सारे लोगों ने महिला सुरक्षाकर्मी के इस करतूत को गलत कहा है। लोगों ने कंगना को खुलकर सपोर्ट किया है। कुछ लोग उसे शेरनी बता रहे हैं ।एक यूजर ने कहा है- बीजेपी एमपी कंगना को कांस्टेबल कुलविंदर कौर ने थप्पड़ मारा, क्योंकि उन्होंने प्रदर्शनकारी किसानों को खालिस्तानी कहा था।विचारिक मतभेदों को व्यक्त करने का घृणित तरीका, खासकर जब आप वर्दी पहने हों।' कई लोगों ने इस महिला कर्मी को तुरंत सस्पेंड करने और जेल में डालने की बात कही है। सीआइएसएफ का शानदार रिकॉर्ड रहा है और उन्होंने फर्जी आधार कार्ड पर पार्लियामेंट में प्रवेश का प्रयास करने वाले को कल ही पकड़ा है।

पर अचानक इसे मोदी और भाजपा विरोधी अभियान चलाने वाले हवा देने लगे हैं जिससे इसे षड्यंत्र भी माना जाना चाहिए और गहन जांच होनी चाहिए। महिला जवान के समर्थन मे हरियाणा के कुछ कथित किसान भी उतर आए हैं। हरियाणा एमएसपी कानून मार्चा के संयोजक और किसान नेता जगबीर घसोला ने महिला जवान की कार्रवाई को सराहनीय बताया और कहा कि सीआईएसएफ की महिला जवान ने जो कार्रवाई की है, पूरे देश को गर्व है । साथ ही चेतावनी भी दी कि अगर महिला जवान पर कोई कार्रवाई की गई तो देशभर के किसान एकजुट होकर बड़ा आंदोलन शुरू कर सकते हैं। इनका कहना है कि बयान को लेकर किसानों में खासा रोष था और किसान की बेटी ने अपना बदला लेकर किसानों का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है । कंगना के विरुद्ध अपमानजनक पोस्ट और चरित्र हनन की सीमाएं चुनाव पूर्व कई नेता कर चुके हैं क्योंकि उनकी छवि एक निडर और स्पष्टवादी महिला की बनी हुई है जिन्हें घर और स्टूडियो तोड़कर भी महाराष्ट्र की विरोधी सरकार झुका नहीं पाई । कुछ लोग उन्हें स्मृति ईरानी की तरह मजबूत महिला के रूप में देखते हैं जिनकी छवि खराब करने के लिए सारा कुछ किया गया योजनाबद्ध कृत्य भी हो सकता है क्योंकि चार वर्ष पूर्व के बयान पर आज थप्पड़ कुछ संदेह भी उत्पन्न करता है वह भी पंजाब में जहां खलिस्तान समर्थक शक्तियां सक्रिय हुई हैं ।कंगना को लेकर चिराग पासवान ने तारीफ करते हुए उन्हें मजबूत महिला बताया है। चिराग पासवान ने मीडिया से कहा , 'मैं उनसे मिलने के लिए उत्सुक हूं। हमारे बीच अच्छे संबंध हैं, हमने एक फिल्म में काम किया है, 'मिले न मिले हम', ज्यादा दर्शक उस फिल्म को नहीं मिले, लेकिन इस बार हम संसद में मिलने जा रहे हैं। मुझे लगता है कि वह एक मजबूत महिला हैं; वह अपनी बात बहुत ही स्पष्टता से कहती हैं और मैं संसद में उन्हें सुनने के लिए उत्सुक हूं।'कांग्रेस नेता और कंगना के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ने वाले विक्रमादित्य सिंह ने इस घटना की निंदा की है और कहा है कि एक सुरक्षाकर्मी ऐसा करे यह उचित नहीं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इसकी जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी, लेकिन अगर सुरक्षाबल में लगा व्यक्ति ऐसा करता है तो ये दुर्भाग्यपूर्ण है। किसान आंदोलन की बात को लेकर सैनी ने कहा कि जो भी हो, उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था।राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी इस घटना की निंदा करते हुए आरोपी कुलविंदर कौर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आयोग ने कहा कि अध्यक्ष रेखा शर्मा ने घटना को लेकर सीआइएसएफ के महानिदेशक को एक पत्र लिखा है। किसान आंदोलन के राकेश टिकैत ने महिला सिपाही को ही सही ठहराया है । कहा जा सकता है कि सुप्त पड़े किसान आंदोलन की चिंगारी को हवा देने का प्रयास हो रहा है जिसके राजनीतिक मायने हैं और मोदी को कमजोर समझकर अचानक चौतरफा हमला करने या पूरी बेशर्मी से वदीर्धारी महिला को बचाने के लिए उसे शेरनी बतानेवाले लोग राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता में इस बात को भूल रहे हैं कि 1984 में पीएम इंदिरा गांधी की हत्या या पीएम राजीव गांधी पर श्रीलंका में सुरक्षाकर्मी का हमला सिर्फ व्यक्तिगत जातिगत या धर्मरक्षा जेहाद जैसी घटना नहीं बल्कि उस विश्वास को हिलाने वाली है जिसपर विश्व का सिस्टम टिका है और जहां राष्ट्र और कर्तव्य सर्वोपरि होता है । यदि कांस्टेबल को दबाव में छोड़ दिया जाएगा तो वर्दी में साथियों या नागरिकों की हत्या के मामलों का क्या होगा?

## एक नजर

### चुट्टू में मंडा पूजा आज

**चुट्टू :** 30 मई से चली आ रही मंडा पूजा समाप्ति पर है। 8 जून 2024 दिन शनिवार को लोटन सेवा फूलखुंदी तथा रात्रि में पश्चिम बंगाल के दो विख्यात छाउ नृत्य मुकाबला सीमा देवी बलरामपुर तथा श्री सुदर्शन सिंह मुंडा कुंवरडीह के बीच होगा। दिनांक 9 जून 2024 को प्रातः 8:00 बजे से भोक्ता झूलन का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी पूजा समिति का अध्यक्ष श्री प्रतुल मुंडा ने दिया है।

### नव प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने दिया योगदान

**सिल्ली।** सिल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल में शुक्रवार के दिन नव प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रियंका कुमारी ने अपने पद पर योगदान दिया। योगदान देने के पश्चात सिल्ली स्वास्थ्य परिवार की ओर से उनको पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य में गुणात्मक सुधार लाना ही मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। इस मौके पर डॉक्टर विनीता कुमारी डॉ विवेक कुमार, डॉक्टर मोना आनंद, डॉक्टर अनुराधा शर्मा एवं अस्पताल के सभी कर्मचारी एवं स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### बैंक ऑफ इंडिया 12 जून को मनाएगा समझौता दिवस

**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया देश भर में 12 जून को समझौता दिवस मना रहा है। बैंक अपनी सभी शाखाओं/अंचल और एफजीएमओ में एकमुश्त समझौता (ओटीएस) के तहत उधारकताओं के एनपीए ऋण खातों का निपटान करने के लिए यह दिवस मना रहा है। समझौता दिवस विशेष रूप से उन एनपीए उधारकताओं के लिए आयोजित किया गया है जो उधारकर्ता व्यवसाय/चिकित्सा स्थिति में परेशानी या किसी अन्य वास्तविक कारण के कारण समय पर अपना ऋण नहीं चुका सके हैं। बताया गया कि बैंक के पास छोटे मूल्य के खातों और मध्यम आकार के खातों के निपटान के लिए विशेष ओटीएस योजनाएं हैं, जिसके माध्यम से एनपीए उधारकताओं को विशेष और अच्छी छूट की सुविधा है। बैंक की ओर से सभी एनपीए उधारकताओं से अपील की गई है कि 12 जून समझौता दिवस पर अपने एनपीए ऋण खातों का निपटान कर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं।

### सिरांगो ग्राम में मंडा पूजा का हुआ भव्य आयोजन

**रांची।** कांके प्रखंड के सिरांगो ग्राम में शुक्रवार को मंडा पूजा का भव्य आयोजन किया गया। इसमें 83 भोक्ताओं ने आस्था के फूल उड़ाए। इसमें मेले का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता एवं केंद्रीय मंडा पूजा समिति, झारखंड के संरक्षक स्वामी देवेंद्र प्रकाश, केंद्रीय अध्यक्ष राजकुमार महतो, महासचिव उदय पासवान, उपाध्यक्ष रणजीत राम मौके पर मौजूद थे। केंद्रीय अध्यक्ष राजकुमार महतो ने कहा, मंडा पूजा यहां के नागवंशी राजाओं एवं अपने पूर्वजों से विरासत में दिए हुए पारंपरिक सांस्कृतिक धरोहर हैं। इसे बचाए रखना हमारा कर्तव्य है। हम चाहेंगे कि हमारे राज्य सरकार मंडा पर्व को राजकीय पर्व की घोषणा करे। संरक्षक श्री स्वामी जी ने कहा, मंडा पूजा झारखंड की सांस्कृतिक पहचान है। इसे संरक्षण की आवश्यकता है। इस आयोजन में समिति के अध्यक्ष लखन उरांव, संरक्षक कालीचरण मुंडा, बुधनाथ महतो, भीम सिंह, सौरव सिंह, राहुल सिंह, सुखनाथ महतो, राजेंद्र मुंडा, मनोज सिंह, आदित्य केसरी, विक्की केसरी, पंकज उरांव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# डीडीसी ने की विभिन्न विभागों की विकास योजनाओं की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
उप विकास आयुक्त खूंटी श्याम नारायण राम की अध्यक्षता में शुक्रवार को उनके कार्यालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा विकास योजनाओं से संबधित प्रतिवेदनों का अवलोकन करने के पश्चात उचित दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा की गई।



### खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने की छापेमारी

**खूंटी।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत खूंटी जिले में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार और जिला परामर्शी रोहित जॉन तिग्गा एनटीसीपी के नेतृत्व में खूंटी शहरी क्षेत्र की 15 दुकानों में छापामारी की गई। कोटपा 2003 की अलग-अलग धाराओं के उल्लंघनकर्ताओ से पांच सौ रुपये का जुमार्ना वसूला गया। सभी दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि वे तंबाकू उत्पादों की बिक्री न करें। जिला कार्यक्रम सहायक आशीष खलखो ने भी छापामारी में योगदान दिया।



## कटहल प्रॉसेसिंग यूनिट चालू होने से युवाओं को मिलेंगे रोजगार

खूंटी। आकांक्षी जिला खूंटी में शुक्रवार को कटहल प्रोसेसिंग यूनिट का शुभारंभ हुआ। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने खूंटी के कदमा स्थित एफसीआई गोदाम परिसर में स्थापित की गई कटहल प्रोसेसिंग यूनिट का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान समय में खूंटी जिले के कटहल की मांग शहरों में बढ़ रही है। कटहल में लगभग सभी प्रकार के पोषक तत्व मौजूद होते हैं। उन्होंने कहा कि खूंटी में कटहल प्रोसेसिंग यूनिट के चालू हो जाने से जिले के युवक-युवतियों को जहां रोजगार के अवसर मिलेंगे, वहीं क्षेत्र के कटहल उत्पादकों को इससे लाभ प्राप्त होगा। इसके साथ ही कटहल खाने के प्रेमियों के लिए अब सालों भर कटहल उपलब्ध हो सकेगा। उद्घाटन समारोह में उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम, अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान, प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी सहित अन्य शामिल थे।

## श्रीसुखमनी साहिब पाठ के पूरे हुए 37 दिन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
गुरुद्वारा श्रीगुरुनानक सत्संग सभा, रातू रोड में इन दिनों गुरु भक्ति की अविरल धारा बह रही है. यहां श्रीगुरु अर्जन देव जी के शहीदी गुरु पर्व को लेकर लगातार सुखमनी साहिब का पाठ स्त्री सत्संग सभा की ओर से किया जा रहा है. शुक्रवार को 37वें दिन भी सभा सदस्यों ने सस्वर पाठ कर गुरु की महिमा गायी. सब के सुख-समृद्धि की कामनाएं कीं. दिन के साढ़े तीन से शाम साढ़े पांच बजे तक पाठ चला. नीता मिढ्ढा, इंदू पपनेजा, मनौरी काठपाल, बेबी मिढ्ढा, उषा झइड, बंसी मल्होत्रा, आशी मिढ्ढा, नेहा मुजाल, विमला मिढ्ढा, अमर मिढ्ढा, ममता थरेजा, नीतू, किंगर, गुंज काठपाल, अमर बजाज, अमर मुंजाल, रेश गिरधर, ममता थरेजा, प्रेमी काठपाल, पप्पी अरोड़ा, ऋशा मंजाल, मिताली तेहरी, बबली दुआ, रूपा मिढ्ढा, शीतल मुंजाल, गीता कटारिया आदि ने इसमें खास तौर से हिस्सा लिया. मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि इसका समापन दस जून को होगा. इसके बाद 15 जून को गुरुपर्व मनाया जायेगा।

# परिजनों ने प्रशासन से किया लापता किशोर को ढूंढने का आग्रह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
इचाक पदमा सीमा स्थित चर्चित चमेली झरना घूमने गया एक किशोर बीते दिनों रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। लापता किशोर की पहचान जमन अब्बास उर्फ गोलू, 16 वर्ष, पिता जफर अब्बास, जैन धर्मशाला गली (जामा मस्जिद रोड) हजारीबाग है। जफर के दोस्त ने बताया कि दोपहर में गोलू घर से निकला, इसकी जानकारी गोलू ने किसी को नहीं दी। बाहर में उसके छह दोस्त साथ हो लिए। जिसके बाद सभी चमेली झरना चले गए। जब घर लौटने का समय आया तो अन्य दोस्तों ने गोलू को साथ में न देख खोजबीन की। खोजबीन में गोलू का कहीं पता नहीं चला तो दोस्तों ने उसके परिजन व इचाक पुलिस को सूचना दी।



### आपदा प्रबंधन विभाग तुरंत कार्रवाई करे : फराज

इस मामले को लेकर रांची में शुक्रवार को प्रेस को संबोधित करते हुए सैयद फराज अब्बास, फराज अहमद व सैयद हसनैन जैदी ने कहा कि झारखंड सरकार व आपदा प्रबंधन विभाग को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के लापता हुए 12 घंटे से अधिक हो गये हैं अभी तक एनडीआरएफ व आपदा प्रबंधन की टीम उस स्थान पर नहीं पहुंची है। हजारीबाग जिला प्रशासन और एनडीआरएफ की टीम अलग-अलग बहाना बना रही है। इस संबंध में हमलोगों ने लगातार हजारीबाग उपायुक्त व हजारीबाग के वरीय पुलिस अधीक्षक से बात कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कुछ भी नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि एक आपातकालीन जरूरत के तहत भी जब एनडीआरएफ की टीम 12 घंटा में भी नहीं आ पाई है तो इसमें पूरी तरह से झारखंड सरकार व जिला प्रशासन की नाकामी साबित होती है। झारखंड सरकार द्वारा हजारीबाग जिला प्रशासन से आग्रह है कि वह जल्द से जल्द टीम भेज कर जमन की खोज करें।

# फायर एंड सेफ्टी इंस्टीट्यूट एवं कोचिंग सेंटर का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची में बूटी मोड़ के समीप शुक्रवार को गिफिसेट फायर एंड सेफ्टी इंस्टिट्यूट एवं वेदीप इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस का उ?द्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विधायक समरी लाल और झारखंड बीजेपी युवा प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने किया। विधायक समरी लाल ने कहा कि फायर एंड सेफ्टी इंस्टिट्यूट खुलने से झारखंड के बच्चों को फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी का ट्रेनिंग मिलेगा जिससे रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि वेदीप इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस क्षेत्र में आईआईटी और नीट की तैयारी कर रहे बच्चों को बहुत ही लाभ पहुछायेगी। वहीं फायर एंड सेफ्टी इंस्टिट्यूट के निदेशक राजन पांडेय ने कहा कि इस इंस्टिट्यूट का उ?द्देश्य बच्चो को ट्रेनिंग देकर उनका जॉब लगाना है। साथ ही उन्होंने कोर्स के दौरान ही 100% जॉब की गारंटी भी दी। साथ में मौजूद वेदीप इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस के सेन्टर डायरेक्टर अभिषेक मिश्र ने कहा कि कोचिंग सेंटर का मुख्य उ?द्देश्य क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना ओर उनमे वैज्ञानिक प्रतिभा भरना है ताकि उनका चयन आईआईटी ओर नीट में हो सके।



बताते चले कि वेदीप इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस बच्चो को बहुत सरल तरीके से जटिल विषयों को पढ़ाने के लिए जाना जाता है। इंस्टिट्यूट छात्राएं, आर्मी के बच्चे और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चो को फीस में छूट भी प्रदान करता है। कार्यक्रम का संचालन सेंटर डायरेक्टर मनीष मिश्र ने किया। मौके पर सेन्टर सदस्य प्रीति सोनी, शालिनी श्रीवास्तव, धीरज दुबे, मानी महतो, अजय मिश्र सहित कई लोग मौजूद थे।

## तोरपा में थम नहीं रहा गजराजों का उत्पात, फिर दो घरों को तोड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
तोरपा प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में जंगली हाथियों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार की देर रात गजराजों ने उलिहातू पैतुटोली और कोरको टोली में जमकर उत्पात मचाया और दो घरों को ध्वस्त कर घर में रखे अनाज को चट कर गये। जानकारी के अनुसार उलिहातू पैतुटोली गांव में बर्थोल तोपनो तथा कोरको टोली में पूनम तोपनो के घर को ध्वसत कर दिया तथा उनके घर में रखे धान, चावल आदि अनाज खा गये। घर वालों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाय।. सूचना पाकर शुक्रवार को सुबह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रूबेन तोपनो, उपाध्यक्ष जयदीप तोपनो वहां पहुंचे और वन विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना दी।

# कुरमी, कुड़मी, महतो समन्वय समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**
**सिल्ली।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार के दिन विलेज रिसोर्ट सुलुमजुडी में कुरमी/कुड़मी ( महतो) समन्वय समिति झारखंड, बंगाल एवं उड़ीसा का लोकसभा चुनाव क्षेत्र का समाज द्वारा समर्थित उम्मीदवार का रिजल्ट का समीक्षा बैठक की अध्यक्षता डाक्टर धनेश्वर मेहता ने किया एवं संचालन परमेश्वर महतो ने किया। बैठक में मुख्य रुप से समिति के संयोजक लालचन महतो, उपेन्द्र नारायण सिंह, खिरोधर महतो, प्रभु दयाल महतो धुमा महतो, मधुसूदन महतो,फेकन राम महतो, मृत्यंजय महतो मानिक महतो,मथुरा प्रसाद महतो,सृष्टीधर महतो हिरालाल शांखवार दीनबंधु महतो उपेन्द्र नाथ महतो आदि समाज के? लोगों ने अपना अपना बिचार व्यक्त किए। बैठक में खुटी से अर्जुन



मुंडा को समाज के? लोगों ने हराया है इसपर खुशी व्यक्त किया गया तथा गिरीडीह से चन्द्र प्रकाश चौधरी के जीत पर समाज के? लोगों को बधाई दिया गया। समाज के तथाकथित बुद्धिजीवियों के चलते रांची लोकसभा सीट से संजय सेठ कि जीत हुई है, जिसे समाज मर्माहित हुआ है। जिसका नुकसान समाज को चुकानी पड़ेगी। अनुसूचित जनजाति के सुची में सूचिबद्ध कराने के बिहार के माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने के लिए खिरु महतो सांसद से मिलकर नीतीश कुमार जी से मिलने का समय लेने के लिए उपेन्द्र नारायण सिंह ( रांची) एवं परमेश्वर महतो बोकारो को अधिकृत किया गया है। पंचायत स्तर से कमिटी गठित करने के लिए प्रखंड प्रभारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।एक महीने में कमिटी का गठन करने का निर्णय भी लिया गया है।

## यज्ञ से वर्षा, वर्षा से अन्न का उत्पादन होता है : दीनदयाल जी

**नवीन मेल संवाददाता**
**सिल्ली।** आम बगान लोदमु उत्तरी सिल्ली, राँची में जगद्गुरु वनांचलधर्मपीठाधीश्वर स्वामी दीनदयालजी महाराज के सानिध्य में चल रहें श्री रुद्र महायज्ञ के नवम दिवस पर काशी से पधारे हुये वैदिक विद्वानो के द्वारा आवाहित देवताओं का पुजन हवन पुणार्हुति तथा संध्याकालीन आरती के साथ यज्ञ पूर्णता को प्राप्त हुआ। जगद्गुरु वनांचलधर्मपीठाधीश्वर स्वामी दीनदयालजी महाराज ने कहा कि यज्ञ से वर्षा होती हैं, वर्षा से अन्न का उत्पादन होता है जिससे सभी जीव जंतुओं का पालन पोषण होता है। हमारे यहाँ सनातन धर्म में विश्व कल्याण की कामना से यज्ञादि कर्म किये जाते हैं। कुकर, सुकर, दानव, मानव, कीट ,पतंग सबके कल्याण की कामना की जाती हैं। राजस्थान से पधारे समाधि बाबा ने जगत के कल्याण की कामना की और शांति, सदभाव और प्रेम से जीवन जीने का उपदेश किया।



चित्रकुट से पधारी हुई लीला के द्वारा रावण वध और रामराज्याभिषेक की लीला का विहंगम दर्शन कराया। नव दिनो से चल रहा अनवरत विशाल भण्डारा भी आज रात्रि में पुर्णता को प्राप्त हो जायेगा। इस यज्ञ को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए समस्त ग्रामवासी और क्षेत्रवासी सक्रिय रुप से कार्यरत है। यज्ञस्थल पर और भण्डारे में अपार जनसमुह का आगमन हो रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### पिठोरिया की तनुश्री रॉय को मिला क्लासिक अंतरराष्ट्रीय नृत्य गौरव सम्मान

**पिठोरिया।** प्रिटोरिया की तनुश्री रॉय को काठमांडू नेपाल में 31 मई से 3 जून 2024 तक आयोजित क्लासिक कल्चर सेंटर द्वारा आयोजित क्लासिक अंतरराष्ट्रीय शास्त्रीय नृत्य महोत्सव और पुरस्कार समारोह में कथक नृत्य में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए क्लासिक अंतरराष्ट्रीय नृत्य गौरव सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। तनुश्री पिठोरिया सुतीयांबे निवासी हराधन रॉय व भानु रॉय की सुपुत्री हैं। इसके पूर्व भी तनुश्री ने खजुराहो नृत्य महोत्सव के गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी शामिल थी। इसके अलावे इन्हें अंतरराष्ट्रीय श्री कृष्ण कला रत्न सम्मान से भी सम्मानित किया गया है। तनुश्री रॉय वर्तमान में खैरागढ़ स्थित इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ में मास्टर्स ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स कथक विभाग में अध्यनरत है, इन्हें प्रसार भारती दूरदर्शन केंद्र, रांची में बी ग्रेड आर्टिस्ट की उपलब्धि भी मिली है। तनुश्री की इस सफलता पर पिठोरिया एजुकेशनल फाउंडेशन के निदेशक सुजीत केसरी, दीपक चौरसिया व शेखर कुमार, एनजीओ भारतीय ग्रामीण विकास एवं सेवा संस्थान के सचिव मुकेश राय, समाजसेवी स्वामी देवेन्द्र प्रकाश सहित अन्य ने बधाई दी है।



### लापुंग में जन समस्याओं से अवगत हुए डॉ परमेश्वर भगत



**लापुंग ।** लापुंग के कई गांव में भ्रमण कर ग्रामीणों से उनके समस्याओं से रुबरु हुए पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ग्रामीणों ने कई तरह के समस्याओं से श्रीमान को अवगत कराया जिसमे मुख्य समस्या पेयजल, बिजली, डीलर का मनमानी एवं प्रखंड/अंचल में विचोलयो का बोल बाला है। डॉ परमेश्वर भगत ने सभी समस्याओं से अवगत होने के पश्चात लोगो को भरोसा दिलाया कि इन सभी समस्याओं का निराकरण के लिए हर संभव प्रयास करते हुए जल्द से जल्द संबधित वरीय पदाधिकारी से मिलकर ठोस कार्रवाई किया जाएगा। मौके पर प्रो नाफर अली, बीरेंद्र साहू, जयबाला लकड़ा, सीताराम दास, सुकरा मुंडा, बिक्रम सिंह, राम उरांव, गंदूर उरांव और अन्य लोग उपस्थित हुए।

### झामुमो के विजय जुलूस में ठुमका लगाने वाले थानेदार के खिलाफ जांच के आदेश

**रांची।** जामताड़ा में झामुमो की जीत पर ठुमके लगाने वाले कुंडहित थाना प्रभारी सुरेश दुबे के वायरल वीडियो मामले में जामताड़ा एसपी अनिमेष नैथानी ने नाला एसडीपीओ मनोज कुमार को जांच का आदेश दिया है। इस संबंध में शुक्रवार को मनोज कुमार महतो ने बताया कि फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया अनुशासनहीनता का मामला है। हालांकि, जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट कहा जा सकता है। जामताड़ा जिले के कुंडहित थाना प्रभारी सुरेश दुबे का एक वीडियो वायरल हुआ था, जो पांच जून का बताया जा रहा है। दुमका संसदीय क्षेत्र के झामुमो उम्मीदवार नलिन सोरेन का विजय जुलूस निकाला गया था। जुलूस में ही एक कार्यकर्ता थानेदार का हाथ खीचता है। इसके बाद थाना प्रभारी जुलूस में शामिल लोगों के साथ बेफिक्र होकर नाचने लगते हैं। इसी बीच किसी ने थानेदार का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया। इसके बाद यह वीडियो तेजी से वायरल होने लगा। मामला प्रकाश में आने के बाद जामताड़ा एसपी ने जांच के आदेश दे दिए। जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

### खलारी के युवक की लोहरदगा में हुई सड़क दुर्घटना में मौत

**खलारी।** खलारी के बुकबुका महावीरनगर निवासी शाहबाज अख्तर (34) की मृत्यु लोहरदगा में हुए एक सड़क दुर्घटना के बाद रिम्स ले जाने के क्रम में हो गई। घटना शुक्रवार दोपहर 12 बजे लोहरदगा के चीरी जंगल के पास घटी। लोगों ने बताया कि किसी अज्ञात वाहन के द्वारा पीछे से टक्कर मारी गई थी। दुर्घटना में घायल शाहबाज को लोहरदगा सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। परंतु रिम्स पहुंचने पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक शाहबाज महावीरनगर निवासी शरफुद्दीन खान के पुत्र तथा आजसू के जिला सचिव इम्तियाज अंसारी का भतीजा थे। शनिवार को खलारी के कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द खाक किया जाएगा। शाहबाज अख्तर की मौत की सूचना से परिवार तथा स्थानीय लोगों में शोक है।

### खूंटी में शिक्षण संस्थानों के सौ गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक

**खूंटी।** अनुमंडल दंडाधिकारी अनिकेत सचान द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए कोटपा एक्ट के परिपेक्ष्य में खूंटी अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी निजी एवं सरकारी स्कूलों और महाविद्यालय कैम्पस के अंदर एवं बाहर सौ गज की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गई है। जारी निषेधाज्ञा के आलोक में सभी निजी एवं सरकारी स्कूलों, महाविद्यालय कैम्पस के अंदर एवं कैम्पस के बाहर सौ गज की परिधि में कोई भी व्यक्ति सिगरेट या अन्य तम्बाकू उत्पादों को नहीं बेचेगा, बिक्री के लिए पेश नहीं करेगा तथा बिक्री की अनुमति नहीं देगा। यह निषेधाज्ञा सात जून 2024 पूर्वाह्न छह बजे से अगले 60 दिनों तक के लिए प्रभावी रहेगा।

निषेधाज्ञा लागू

### फ्लाई ऐश के सुरक्षित परिवहन नहीं होने से खलारी के लोग परेशान

**खलारी।** एनटीपीसी टंडवा से फ्लाई ऐश का सुरक्षित परिवहन नहीं किया जा रहा है। एसएच-7 हजारीबाग-बिजुपाड़ा रोड में भाया खलारी यह परिवहन किया जा रहा है। प्रतिदिन दर्जनों ट्रेलर जैसे बड़े-बड़े वाहनों से दिन रात फ्लाई ऐश का ढुलाई जारी है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण पर्षद तथा झारखंड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के संज्ञान में आने के बावजूद फ्लाई ऐश का असुरक्षित परिवहन जारी है। गीला फ्लाई ऐश वाहनों से सड़क पर गिरता रहता है। सूखने के बाद यही फ्लाई ऐश छोटे बड़े वाहनों के चक्के में लगकर हवा में उड़ता रहता है और पूरे वातावरण को प्रदूषित करता रहता है। करीब एक किलामीटर सड़क के किनारे केडी बाजार की दुकानें हैं। हवा में उड़ते फ्लाई ऐश से दुकानदार सहित आम नागरिक परेशानी में हैं। प्रति दिन दुकान खोलने के बाद केडी बाजार के दुकानदार सड़क पर गिरे फ्लाई ऐश की सफाई करते दिखाई पड़ जाते हैं। अखबारों में कई बार खबर छपने और फ्लाई ऐश का असुरक्षित परिवहन गैरकानूनी होने के बावजूद खलारी के बीडीओ, सीओ, पुलिस पदाधिकारी फ्लाई ऐश के सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित करने की दिशा में कोई पहल नहीं कर रहे हैं। इसे लेकर आम जनता में नाराजगी भी है।

# निजी अस्पताल में 11 लाख खर्च के बाद भी मरीज को रिम्स में करना पड़ा एडमिट

## रिम्स पहुंचने से पहले ही मरने का डर दिखा मरीज को भर्ती किया था

अमित कुमार

**रांची।** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के आसपास कई दर्जन निजी अस्पताल संचालित है। उन अस्पतालों की कमाई रिम्स में आने वाले मरीजो से होती है। रिम्स में जैसे ही मरीज पहुंचते हैं, उनके पीछे निजी अस्पतालो के एजेंट लग जाते हैं। इसका खामियाजा मरीज और उनके पूरे परिवार को भुगतना पड़ता है। कुछ ऐसा ही इचाक से आए मरीज उदय रजक के साथ हुआ।

बताया गया कि मरीज को सड़क दुर्घटना के बाद रिम्स लाया गया था। लेकिन, कुछ एजेंटो ने डरा कर रिम्स के बगल वाले निजी अस्पताल में भर्ती करवा दिया था। वहां पर मरीज का आधा इलाज हुआ, जिसमें 11 लाख से अधिक रुपये खर्च हुए। इसके दो महीने बाद बाकी का इलाज होना था, जिसमें शल्य चिकित्सा करने की बात थी। इसके लिए 2 लाख अतिरिक्त खर्च होता।



*मेरा मरीज रिम्स के आईसीयू में भर्ती है। यहां रोजाना 500 से 1000 रुपये की दवा खरीदने को कहा जाता है। आज मेरे पास खाने को पैसे नहीं है। ऐसे में दवा कैसे खरीदें?*

***– ललिता देवी, मरीज की परिजन***

### पूरा पैसा चूसने के बाद चेक बाउंस की दी धमकी

मरीज के परिवार वालों ने पहले ही घर बेच कर मरीज का इंलाज कराया था। लेकिन, निजी अस्पताल के संचालक ने उस गरीब पर थोड़ी भी रहम नहीं दिखाई। मरीज को रखने का रोज का खर्च पांच हजार रुपये है। इसके साथ डॉक्टर का शुल्क, दवा का खर्च बढ़ते जा रहा था। घर ले जाने की बात पर संचालक ने पूरा पैसा जमा करने को कहा था। लेकिन, 50 हजार रुपये कम होने पर मरीज की पत्नी ललिता देवी के नाम का चेक लिया और कहा कि समय पर नहीं दिया, तो चेक बाउंस करा दिया जाएगा। और, जाते जाते यह भी कहा कि यहां के डॉक्टर ने आधा इलाज किया है, तो बाकी का भी बेहतर इलाज यहीं करेंगे।

### मरीज की हालत खराब होता देख रिम्स ले जाने को कहा

दूसरी बार बेहतर इलाज के नाम पर दो लाख रुपये से अधिक का बिल बना डाला। इसके बाद मरीज की हालत खराब होता देख वहां के डॉक्टरो ने मरीज को वहां से रिम्स ले जाने को कहा। मरीज की हालत दयनीय बनी हुई है।

### सांसद मनीष जायसवाल से लगाई मदद की गुहार

मरीज के परिजनों ने चुनाव से पहले हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल से मदद की गुहार लगाई थी। लेकिन, सांसद ने चुनाव नतीजे के बाद बुलाया था। आज भी मरीज के परिजन मदद की आस लगाए हुए हैं।

## कल्पना सोरेन की जीत पर पूर्व पार्षद मो एहतेशाम ने दी बधाई



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी एवं झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन के गांडेय उपचुनाव जीतने के बाद रांची के वार्ड 21 के भूतपूर्व पार्षद मो एहतेशाम ने शुक्रवार को उनके आवास पर जाकर उन्हें बुके दे कर बधाई दी। उन्होंने कहा कि राज्य के लिए सौभाग्य की बात है कि पढ़ी-लिखी शिक्षित महिला को गांडेय की जनता ने चुना है। उम्मीद है कि कल्पना सोरेन सदन में झारखंड की जनता की आवाज उठाएंगी और राज्य के विकास में योगदान देंगी।

## एक नजर

### दक्षिण पूर्व रेलवे के सीपीआरओ बने ओम प्रकाश चरण

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के नए सीपीआरओ ओम प्रकाश चरण ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वे खड़गपुर के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। आईआरटीएस के 2013 बैच के अधिकारी ओम प्रकाश ने जय नारायण व्यास विवि, जोधपुर से राजनीति विज्ञान में एमए पूरा किया। उनके पास ट्रेन परिचालन और रेलवे के वाणिज्यिक पहलुओं का व्यापक अनुभव है। रेलवे में सेवा के दौरान उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है।

### चांद नजर नहीं आया ईद उल अजहा 18 को

**रांची।** एदार ए शरिया झारखंड के नाजिमे आला मौलाना मुहम्मद कुतुबुद्दीन रिजवी ने कहा है कि दिनांक 7 जून 2024 शुक्रवार अनुसार 29 जिलहिज्जा 1445 को दारुल कजा एदार ए शरिया झारखंड इस्लामी मरकज, रांची सहित रामगढ़, हजारीबाग, धनबाद, लोहरदगा, डालटनगंज, चतरा, जमशेदपुर, दमका, मधुपुर।, जमताजडा, बोकारो, गिरिडीह, गढ़वा ,लोहरदगा, राजमहल, गुड्डा, कोडरमा, सीमडीगा सहित राज्य के 65 स्थानों से जिलहिज्जा 1445 हिजरी के महीने का चांद देखने की व्यवस्था की गई। लेकिन बकर ईद का चांद नजर नहीं आया और कहीं से भी चांद नजर आने की कोई सुचना नहीं मिली अतः काजीयाने शरीयत दारुल कजा एदार ए शरीया झारखंड रांची द्वारा फैसला लिया गया कि आगामी 18 जून 2024 दिन मंगलवार को राज्य भर में ईद उल अजहा की नमाज पढी जाएगी और कुरबानी का त्योहार मनाया जाएगा।

### बरियातू रोड व हटिया में चलाया गया अतिक्रमण मुक्ति अभियान



**रांची।** रांची नगर निगम के प्रशासक के आदेश पर सड़कों को जाम मुक्त तथा अतिक्रमण मुक्त करने के लिए निगम लगातार अतिक्रमण मुक्ति अभियान चला रहा है। शुक्रवार को भी नगर निगम ने अतिक्रमण मुक्ति अभियान चलाया। यह अभियान बरियातू रोड में रिम्स चौक से मेडिका चौक तथा हटिया में चांदनी चौक से हटिया चौक तक चलाया गया। अभ्यिान के दौरान सड़क पर अवैध रूप से लगाए गए दुकानों को हटाया गया। साथ ही, सामानों को भी जब्त किया गया। इसके अलावा, नो वेंडिंग जोन में खड़े दुकानों, ठेला-खोमचा, गुमटी और बांस-बल्ली को भी हटाया गया। इसमें निगम द्वारा कुल 1 ठेला, 4 काउंटर, 1 लोहे का टेबल और 30 प्लास्टिक के कैरेट जब्त किए गए। साथ ही, सड़क पर दुकानदारों पर 1000 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

### केनरा बैंक करेंसी चेस्ट रांची ने लगाया सिक्का मेला



**रांची।** केनरा बैंक करेंसी चेस्ट रांची ने शुक्रवार को सिक्का मेला का आयोजन किया। यह मेला एसएन गांगुली रोड स्थित कैनरा बैंक के रांची मेन ब्रांच के समीप आयोजित किया गया। इस मेले में बड़ी संख्या में ग्राहक आए और इसका लाभ उठाया। केनरा बैंक करेंसी चेस्ट रांची के शाखा प्रबंधक दीपक कुमार ने बताया कि बैंक की ओर से आयोजित सिक्का मेला ग्राहकों की जरूरत को देखते हुए लगाया गया है। बैंक की ओर से भविष्य में भी सिक्का मेला लगाया जाएगा। मौके पर भारतीय रिजर्व बैंक के प्रबंधक पंकज कुमार, सहायक प्रबंधक अन्नू कुमार राय, केनरा बैंक मुख्य शाखा के मुख्य प्रबंधक अभिषेक कुमार एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में तंबाकू पदार्थ की बिक्री पर रोक

### सदर एसडीओ ने लागू की निषेधाज्ञा



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए सिगरेट या किसी अन्य तंबाकू पदार्थ की बिक्री पर रोक लगाई गई है। रांची सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने शुक्रवार को धारा 144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निषेधाज्ञा लागू की है।

जारी सूचना में सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) 2003 के तहत किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में सिगरेट या किसी अन्य तंबाकू पदार्थ की बिक्री पर रोक की बात कही गई है। इसमें सभी निजी एवं सरकारी स्कूल, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के 100 गज की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गई है। यह निषेधाज्ञा अगले 60 दिनों के लिए लागू रहेगी। यदि किसी ने इसका उल्लंघन किया, तो प्रशासन उसपर कार्रवाई करेगी।

## छात्र व युवा वर्ग को ठगा है सरकार ने : अभिषेक

*छात्र आजसू ने कहा, विद्यार्थियों के भविष्य को ले राज्य सरकार के पास कोई रोड मैप नहीं*

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की रांची विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने शुक्रवार को विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के पास युवाओं एवं छात्र-छात्राओं के भविष्य निर्माण के लिए कोई रोड मैप नहीं है। वर्तमान राज्य सरकार बीते 4 साल 7 महीनो में एक भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा सही तरीके से करवाने में विफल रही है। इन 4 साल 6 महीनों के दौरान जितनी भी प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया, लगभग सभी परीक्षा विवाद की भेंट चढ़ गईं। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में राज्य सरकार ने युवाओं एवं विद्यार्थियों को लेकर जितने भी वादे किए थे, चाहे वह 5 लाख सालाना नौकरी या छात्र-छात्राओं को बेरोजगारी भत्ता यह सभी वादे धरे के धरे रह गए एवं आज के वर्तमान स्थिति में यह सभी वादे खोखले साबित होते हुए नजर आते हैं। वर्तमान राज्य सरकार की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर नजर आता है। यह सरकार युवाओं से वर्ष 2019 के विधानसभा के चुनाव में किए गए वादों के बिलकुल विपरीत काम कर रही है। विद्यार्थी एवं युवा वर्ग अपने आप को छला एवं ठगा हुआ महसूस कर रहा है।

पिछले 5 वर्षों का इतिहास उठाकर देखा जाए, तो इस सरकार द्वारा जब भी कोई नियुक्ति के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया, तो उसमें बड़े पैमाने पर धांधली हुई। चाहे वह जेपीएससी की परीक्षा हो, या अन्य परीक्षाएं हों। वर्तमान राज्य सरकार ने प्रवेश परीक्षा को मजाक बना कर रख दिया है। परीक्षा का विज्ञापन आते ही विवाद शुरू हो जाता है। परीक्षा होने से पहले प्रश्न पत्र लीक हो जाना भी राज्य सरकार पर प्रश्न चिह्न खड़ा करती है। यह बताता है कि राज्य सरकार युवाओं एवं विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर कितनी चिंतित है।

## न्यूज बॉक्स

### रांची एसएसपी ने की भू-माफिया से संबंधित लंबित कांडों की समीक्षा




**रांची।** रांची जिले में भू-माफिया से संबंधित लंबित कांडों की समीक्षा वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के नेतृत्व में शुक्रवार को की गई। लंबित कांडों की समीक्षा के क्रम में भू-माफिया के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने एवं अविलंब गिरफ्तार करने का निर्देश सभी थानो को दिया गया है। जिन अनुसंधानकर्ता द्वारा कांड के अनुसंधान में शिथिलता बरती गई है, उनके विरुद्ध निलंबन एवं विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रारंभ किए जाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, माफिया की जमानत रद्द करने की कार्रवाई करने का निर्देश सभी थाना प्रभारी को दिया गया है। मौके पर पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सहित सभी पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी एवं कांडों के अनुसंधानकर्ता उपस्थित थे।

### दुर्गा वाहिनी तथा मातृशक्ति के प्रशिक्षण का समापन 11 जून को



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की दुर्गा वाहिनी के प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण तथा मातृशक्ति के सात दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में किया जा रहा है। प्रशिक्षण वर्ग 5 जून से प्रारंभ हुआ था। इसका समापन 11 जून को सार्वजनिक कार्यक्रम के साथ होगा। वर्ग का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अजय कुमार, विहिप की प्रांत उपाध्यक्षा रेखा जैन, प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, दुगार्वाहिनी प्रांत संयोजिका अनुराधा कच्छप एवं जिलाध्यक्ष अजय राणा ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। वर्ग में पूरे झारखंड प्रांत के सभी जिलों से लगभग 250 युवतियां भाग ले रही हैं। उन्हें सप्ताह भर शारीरिक एवं बौद्धिक रूप से प्रशिक्षण देकर आत्मरक्षा, समाज देश एवं धर्म की रक्षा की दृष्टि से सक्षम बनाया जाएगा। प्रशिक्षण वर्ग में 7 दिनों तक योग, व्यायाम, आसन, समता, दंडचालन, नियुद्ध, लक्ष्यभेद तथा समाज में सेवा कार्य संचालित करने का का प्रशिक्षण दिया जाएगा। वर्ग में बौद्धिक स्तर पर मार्गदर्शन के लिए केंद्रीय मंत्री माननीय अंबरीश सिंह, दुगार्वाहिनी की राष्ट्रीय संयोजिका प्रज्ञा महाला, क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल, क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद पांडे, प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत सहित कई अधिकारियों का प्रवास होने वाला है।

## नामकुम के हेसाबेड़ा जंगल में दो नाबालिग के साथ दुष्कर्म

### दोनों आरोपी भी नाबालिग, भेजे गए बाल सुधार गृह



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र के हेसाबेड़ा जंगल में दो नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पूरे मामले को पंचायत स्तर पर दबाने की कोशिश की गई, लेकिन वे इसमें सफल नहीं हो सके। घटना मंगलवार की है।

जानकारी के अनुसार, नामकुम थाना क्षेत्र के हेसाबेड़ा जंगल में दुष्कर्म की इस घटना को अंजाम दिया गया है। दुष्कर्म के दोनों आरोपी भी नाबालिग हैं और दोनों लड़कियों से पहले से परिचित थे। मंगलवार की शाम दोनों नाबालिग लड़कों ने लड़कियों को फोन कर हेसाबेड़ा जंगल बुलाया। आरोपियों ने दोनों को बात करने के लिए जंगल में बुलाया था। बाद में दोनों नाबालिग लड़कों ने दोनों नाबालिग लड़कियों को धमका कर उनके साथ दुष्कर्म किया। मंगलवार को ही दोनों पीड़िताओं ने अपने परिजनों को मामले की जानकारी दी।

### आरोपियों के परिजनों ने बुलाई थी पंचायत

ग्रामीणों के अनुसार दुष्कर्म की घटना की जानकारी मिलने के बाद दोनों लड़कों के परिजनों ने पंचायत कर मामले को दबाने की कोशिश की। पंचायत के कारण दो दिनों तक पुलिस को मामले की जानकारी नहीं दी गई। लेकिन, दुष्कर्म की शिकार दोनों नाबालिग पीड़िता न्याय की मांग पर अड़ी रहीं, जिसके बाद मामला नामकुम थाने पहुंचा। नाबालिग पीड़िताओं के परिजनों के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मुख्यालय डीएसपी-1 अमर पांडेय ने बताया कि मामला प्रकाश में आने के बाद पीड़ित पक्ष की ओर से दिए गए आवेदन पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। दोनों आरोपी भी नाबालिग हैं, दोनों को निरुद्ध कर लाया गया है। दोनों को बाल सुधार गृह भेजा गया है।

## परीक्षार्थियों के लिए आठ और नौ जून को स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से परीक्षा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। इस संबध में दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। इसके अनुसार ट्रेन संख्या 08639 रांची-पटना परीक्षा स्पेशल आठ जून को दोपहर 14:10 बजे रांची से रवाना होगी और उसी दिन 23: 00 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 08640 पटना-रांची परीक्षा स्पेशल नौ जून को 21:10 बजे पटना से रवाना होगी और अगले दिन 05:30 बजे रांची पहुंचेगी। ट्रेन का स्टॉपेज मुरी, कोटशिला और बोकारो स्टील सिटी में होगा। ट्रेन संख्या 08109 टाटानगर-पटना परीक्षा स्पेशल आठ जून को 16:15 बजे टाटानगर से रवाना होगी और अगले दिन अहले सुबह तीन बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 08110 पटना-टाटानगर परीक्षा स्पेशल नौ जून को 21:15 बजे पटना से रवाना होगी और अगले दिन 07:15 बजे टाटानगर पहुंचेगी। विशेष ट्रेन का स्टॉपेज चांडिल, पुरुलिया, भोजुडीह और मोहुदा में होगा।

## एक कदम आगे | जियाडा के प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमिटी की हुई बैठक

# 16 प्रोजेक्ट आवेदनों को मिली स्वीकृति

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड इंडस्ट्रीयल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (जियाडा) द्वारा गठित प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमिटी (पीसीसी) की बैठक जियाडा कार्यालय में शुक्रवार को क्षेत्रीय निदेशक सुधीर कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के अध्यक्ष किशोर मंत्री मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में प्रस्तुत किए गए सभी 16 प्रोजेक्ट आवेदनों को स्वीकृति दी गई। स्वीकृत किए गए प्रोजेक्ट पतरातू, कोकर, तुपुदाना, बरही औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित किए जाएंगे। इन सभी प्रोजेक्ट में मुख्यतः सीमेंट प्लांट, होटल एंड रेस्टोरेंट, फर्नीचर मैनुफैक्चरिंग, हैंडीक्राफ्ट टेंपल, हेवी एंड लाइट व्हिकल बॉडी बिल्डिंग, वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक, फैब्रिकेशन वर्क्स, प्लास्टिक वाटर टैंक, पेट्रोल पंप, वॉल पुट्टी एंड रस्टिक मैनुफैक्चरिंग के उद्योग स्थापित होंगे। बैठक में जियाडा के क्षेत्रीय उप निदेशक श्वेता बैद्य, एमएसएमई के इंद्रजीत यादव, पॉल्यूशन बोर्ड से रामप्रवेश सिंह, बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता गौरव कुमार, बैंक ऑफ इंडिया, जिला उद्योग केंद्र के अलावा जेसिया के पूर्व अध्यक्ष रंजीत टिबड़ेवाल, अजय दधीच एवं अन्य औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### 5-20 हजार स्क्वॉयर फीट के भूखंड छोटे उद्योगों को आवंटित होना जरूरी : चैंबर अध्यक्ष

चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमिटी को महत्वपूर्ण बताते हुए इस बैठक का आयोजन प्रत्येक माह करने का आग्रह किया। यह भी कहा कि पीसीसी की बैठक में लिए जाने वाले निर्णयों का तुरंत एक्शन टेकन रिपोर्ट बनाया जाए, ताकि कार्यों में तेजी आ सके, इसपर जियाडा के क्षेत्रीय निदेशक ने सहमति जताई। चैंबर अध्यक्ष ने राज्य के सभी जिलों में 100 एकड़ का औद्योगिक क्षेत्र आवंटित करने के साथ ही उसमें 5 से 20 हजार स्क्वॉयर फीट तक के भूखंड छोटे-छोटे उद्योगों को आवंटित करने को भी जरूरी बताया। इसपर क्षेत्रीय निदेशक ने अवगत कराया कि तत्काल में रामगढ़ के गोला क्षेत्र, चतरा और खूंटी में अतिरिक्त औद्योगिक क्षेत्र की उपलब्धता के लिए कार्रवाई आरंभ कर दी गई है। चैंबर अध्यक्ष ने बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से यह आग्रह किया कि सरकार की सोलर बेस्ड योजनाओं के अनुसार ग्रामीण इलाकों और औद्योगिक क्षेत्रों में सोलर पैनल लगाये जाएं, ताकि बिजली पर निर्भरता कुछ कम हो सके।

## रिम्स ओपीडी में आज




रिम्स में आज का सुपर स्पेशियलिटी क्लीनिक

1. मेडिसीन विभाग
रियूमेटोलॉजी : डॉ. अभय कुमार

2. पेडियाट्रिक विभाग
एडोलेसेंट : डॉ मिनी रानी अखौरी

3. सर्जरी
सर्जिकल ओंकोलॉजी : डॉ एफ हसन, डॉ अजय कुमार

4. स्त्री एवं प्रसूति विभाग
एडोलेसेंट गायनिकोलॉजी : डॉ एम मेहता

5. ऑर्थोपेडिक्स
स्पाइन एंड बैक पेन क्लीनिक : डॉ गोविंद कु. गुप्ता

6. चक्षु रोग विभाग
कॉर्निया क्लीनिक : डॉ सुनील कुमार

7. कान, नाक गला रोग विभाग
वर्टिगो क्लीनिक : डॉ चंद्रकांत बिरुवा

8. न्युरो सर्जरी
एपिलेप्सी क्लीनिक : डॉ आनंद प्रकाश

### सीएम चंपई ने टैक्स वसूली के कार्य में तेजी लाने का अधिकारियों को दिया निर्देश

# वाणिज्य कर विभाग को 6 हजार करोड़ रुपए वसूली का मिला लक्ष्य



**ब्यूरो रिपोर्ट। रांची**

**मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने वाणिज्य कर विभाग को चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में राजस्व प्राप्ति के निर्धारित छह हजार करोड़ रुपए के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी समुचित कदम उठाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रहण के कार्य में तेजी लाई जाए। मुख्यमंत्री शुक्रवार को वाणिज्य कर विभाग द्वारा राजस्व संग्रहण की समीक्षा कर रहे थे। इस मौके पर वाणिज्य कर विभाग की ओर से बताया गया कि चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में छह हजार करोड़ रुपए के राजस्व संग्रहण के लक्ष्य की तुलना में 35 सौ करोड़ रुपए टैक्स की वसूली की जा चुकी है । इसके साथ टैक्स वसूली के कार्य मे तेजी लाई जा रही है। ज्ञात हो कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 26000 करोड़ रुपए के राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य वाणिज्य कर विभाग ने रखा है।**

## जीएसटी से संबंधित आकलन को लेकर दिए अहम निर्देश

मुख्यमंत्री ने वाणिज्य कर विभाग से कहा कि ओडिशा, बिहार, छत्तीसगढ़ और बंगाल जैसे राज्यों के संदर्भ में जीएसटी से संबंधित आकलन प्राप्त कर तुलनात्मक प्रतिवेदन तैयार करें। इस मौके पर वाणिज्य कर विभाग की ओर से बताया गया कि जीएसटी कंपनसेशन के रूप में भारत सरकार के द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 में 165 करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध कराई गई, लेकिन अबतक देय राशि का भुगतान लंबित है।

## एडिशनल कमिश्नर और ज्वाइंट कमिश्नर के रिक्त पद भरें

**वाणिज्य कर सचिव ने मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराया कि विभाग के द्वारा वन टाइम सेटलमेंट स्कीम के माध्यम से राजस्व बढ़ाने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से वाणिज्य कर विभाग में एडिशनल कमिश्नर और ज्वाइंट कमिश्नर के रिक्त पदों को भरने की दिशा में आवश्यक निर्देश देने का आग्रह किया।**

## गोड्डा, जामताड़ा और पाकुड़ में नई पुलिस लाइन का उद्घाटन शीघ्र

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के भवन निर्माण से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की। इस मौके पर झारखंड कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष -सह- प्रबंध निदेशक प्रशांत सिंह ने बताया कि गोड्डा, जामताड़ा और पाकुड़ में नई पुलिस लाइन का निर्माण हो चुका है, जिसका शीघ्र उद्घाटन किया जाना है । वहीं पुलिस भवन, पुलिस लाइन और थानों से संबंधित 290 भवनों के निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने प्रस्तावित नए पुलिस मुख्यालय से जुड़ी जानकारी भी मुख्यमंत्री को दी।

## अंतरराष्ट्रीय छऊ नृत्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे सीएम

**रांची।** सराईकेला -खरसावां जिला के गम्हरिया श्री श्री सार्वजनिक मां मनसा क्लब, बासुड़दा के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से शुक्रवार को मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बासुड़दा में 15 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय छऊ नृत्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा । इस अवसर पर आदिवासी कला एवं संस्कृति भवन का भी उद्घाटन मुख्यमंत्री के हाथों किया जाना है। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में मांझी बाबा पिथौ टुडू के साथ श्री श्री सार्वजनिक मां मनसा क्लब, बासुड़दा के मुकेश सिंहदेव, सोना राम सोरेन, मुकेश हांसदा, पात्रो शामिल थे।

## मुख्यमंत्री 11 जून को प्रोजेक्ट भवन में विकास योजनाओं की करेंगे समीक्षा

रांची। लोकसभा चुनाव के आदर्श आचार संहिता समाप्त होते ही मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन 11 जून को प्रोजेक्ट भवन में 11 बजे से राज्य की विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक करेंगे। मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक को देखते हुए मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग में सभी विभागों को पत्र लिखा है और योजनाओं की स्थिति की विस्तृत रिपोर्ट योजना विकास विभाग के माध्यम से मांगा है। मुख्यमंत्री सीएम विकास योजना के अलावा विधि व्यवस्था की भी समीक्षा करेंगे। इसकी भी रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय से मांगी गई है। वारंट की तामील, अपराध के साथ-साथ अबुआ आवास योजना, सर्टिफिकेट केस, भूमि सुधार राजस्व विभाग सहित सभी विभागों की योजनाओं की स्थिति की बारी-बारी से समीक्षा करेंगे।

### सभी थाना भवन परिसर में करें वृक्षारोपण

**मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा जिन भवन निर्माण योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाना है , उसमें पूरी पारदर्शिता बरती जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्वीकृत सभी थाना भवनों का निर्माण शीघ्र शुरू करने और लंबित भवनों का निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया । मुख्यमंत्री ने सभी थानों के परिसर में वन विभाग के सहयोग से वृक्षारोपण करने को भी कहा। इस मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार और मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल मौजूद थे।**

# चार अधिकारियों पर होगी विभागीय कार्रवाई, सीएम ने दी अनुमति

**रांची। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सरकार ने राज्य के चार अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की अनुमति दे दी है। मुख्यमंत्री सचिवालय ने शुक्रवार बताया कि राज्य सरकार ने राम प्रवेश कुमार, चंद्रशेखर सिंह, अवधेश कुमार पांडेय और डॉ अशोक कुमार पाठक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की अनुमति सरकार ने दे दी है। इनमें दो अधिकारी सेवानिवृत हो गए हैं।**

## रिटायर्ड जेपीएस ऑफिसर चंद्रशेखर सिंह की पेंशन पर रोक

झारखंड प्रशासनिक सेवा के एक रिटायर्ड ऑफिसर चंद्रशेखर सिंह की पेंशन पर आजीवन रोक लगा दी गई है। बिहार के सहरसा जिले के सोनवर्षा के तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रशेखर के विरुद्ध झारखंड पेंशन नियमावली के नियम-43 (ख) के तहत कार्रवाई को सरकार ने अनुमति दे दी है।

## अवधेश कुमार पांडेय की पेंशन में कटौती के प्रस्ताव को मंजूरी

धनबाद नगर निगम के तत्कालीन आयुक्त और झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अवधेश कुमार पांडेय (कोटि क्रमांक-528/03) की पेंशन से एक साल तक पांच प्रतिशत की कटौती करने का फैसला किया गया है। सरकार ने इसकी भी मंजूरी दे दी है। झारखंड पेंशन नियमावली के नियम-43 (ख) के तहत दंडस्वरूप पेंशन में कटौती का प्रस्ताव लाया गया था।

## पूर्व सिविल सर्जन पर होगा विभागीय कार्रवाई

बोकारो जिले के तत्कालीन सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार पाठक के विरुद्ध गठित प्रपत्र के तहत विभागीय कार्रवाई चलाने के प्रस्ताव पर राज्य सरकार ने सहमति दे दी है। इसके साथ इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई का रास्ता साफ हो गया है।

## राम प्रवेश कुमार की एक वेतन वृद्धि पर रोक

सीएमओ के मुताबिक, झारखंड प्रशासनिक सेवा (चतुर्थ सीमित बैच) के तत्कालीन अंचल अधिकारी राम प्रवेश कुमार की एक वेतन वृद्धि पर रोक लगाने के प्रस्ताव को राज्य सरकार ने मंजूर कर लिया है। उनके खिलाफ झारखंड सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2016 के नियम-14 (५) के तहत यह कार्रवाई की गई है। जिस मामले में उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है, उस वक्त राम प्रवेश कुमार धनबाद के बलियापुर में अंचल अधिकारी थे। वर्तमान में वह जामताड़ा जिले के करमाटांड़ में अंचल अधिकारी हैं।

# हत्या के पांच आरोपियों को रांची सिविल कोर्ट ने किया बरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची सिविल कोर्ट ने हत्या के पांच आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने मंटू पांडे, राकेश सिंह, मुन्ना सिंह, बिनोद रजक और बीटू पांडे को बरी किया है। सभी आरोपियों पर पवन ठाकुर की हत्या के आरोप में वर्ष 2013 में प्राथमिकी दर्ज की गई है. पवन ठाकुर की हत्या गोली मारकर की गई थी। मृतक की पत्नी




के बयान पर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 5 गवाह पेश किया था, लेकिन ये गवाह आरोपों को साबित नहीं कर पाए।

## न्यूज | बॉक्स

### कमल किशोर सोन ने ईएसआईसी के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाला



**नई दिल्ली/ रांची।** श्रम और रोजगार मंत्रालय में श्रम कल्याण के अतिरिक्त सचिव और महानिदेशक के रूप में कार्यरत कमल किशोर सोन कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कमल किशोर सोन झारखंड कैडर के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं। के के सोन पूर्व में रांची के डीसी रह चुके हैं। कमल किशोर सोन का झारखंड राज्य में भूमि राजस्व प्रबंधन और जिला प्रशासन, कृषि और पारस्परिक सहायता, स्वास्थ्य, भवन निर्माण, परिवहन, वित्त, ऊर्जा, जल संसाधन, सामाजिक न्याय और हस्तांतरण सहित विभिन्न विभागों के शासन और प्रबंधन में व्यापक अनुभव है।

### राज्यपाल ने जेल में बंद मंत्री आलमगीर आलम के सभी विभाग सीएम चंपाई को सौंपा



**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कैश कांड में जेल में बंद ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के विभाग अपने पास ले लिया है। राज्यपाल सी राधाकृष्ण ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के विभागों को वापस लेते हुए राज्य के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को आवंटित कर दिया है। मुख्यमंत्री को पूर्व में आवंटित विभागों के अलावा ग्रामीण विकास विभाग ग्रामीण कार्य विभाग, पंचायती राज विभाग और संसदीय कार्य विभाग का भी कामकाज सौंप दिया गया है। मुख्यमंत्री की सलाह पर राज्यपाल ने यह संशोधन किया है। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। विभागीय सचिव वंदना दादेल के हस्ताक्षर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, मुख्यमंत्री के पास पूर्व से आवंटित विभागों के अतिरिक्त खुद सीएम की सलाह से उसमें आंशिक संशोधन करते हुए संसदीय कार्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग और पंचायती राज विभाग आवंटित किया गया है। पूर्व से आवंटित सभी विभाग मुख्यमंत्री के पास यथावत रहेंगे। यह तत्काल प्रभाव से मान्य होगा।

### सीबीआई अधिकारी बन 26.90 लाख ठगने वाले 5 साइबर अपराधियों को सीआईडी ने दबोचा

**रांची।** सीबीआई अधिकारी बनकर 26.90 लाख की ठगी करने वाले पांच साइबर अपराधियों को सीआईडी की साइबर सेल ने गिरफ्तार किया है। साइबर सेल ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में विशाल शर्मा, विशाल वर्मा, आशीष कुमार, अंकित अग्रवाल और योगेश अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से चार मोबाइल, 12 सिम कार्ड, हॉन्ग कॉन्ग, इंडोनेशिया करेंसी, अमेरिकी डॉलर और एक कार बरामद किया गया है। ये सभी साइबर अपराधी रांची के रहने वाले हैं।

**सीबीआई अधिकारी बनकर की ठगी :** इस मामले को लेकर मनीषा प्रकाश ने सीआईडी की साइबर सेल में मामला दर्ज कराया गया था। दर्ज कराए गए मामले में कहा गया था कि उनके व्हाट्सएप पर सीबीआई और दिल्ली पुलिसे के सीनियर ऑफिसर बनकर फोन आया। जिसमें उनके मोबाइल नम्बर के विरुद्ध में गलत विज्ञापन और इनके बैंक अकाउंट के विरुद्ध में गलत ट्रांसेक्शन का मामला दर्ज होना बताया गया। इसके बाद केस सेटल करने के लिए इन्हें अलग-अलग बैंक एकाउन्ट में पैसे जमा करने के लिए बोला गया। ऐसा नहीं करने पर इनके पूरे परिवार को 90 दिन के दौरान गिरफ्तार करने की धमकी दी गयी। जिसके बाद वादी ने 26.97 लाख रूपया अलग-अलग बैंक खाताओं में जमा कर दिये थे। इन साइबर अपराधियों ने 11 पार्टनरशिप फर्म बनाए हैं। सभी फर्म गिरफ्तार अभियुक्त योगेश अग्रवाल के द्वारा बनाये गये थे।

### सारंडा में तैनात सीआरपीएफ जवान को पैरालिसिस अटैक, रांची एयरलिफ्ट

**पश्चिमी सिंहभूम।** सारंडा जंगल में तैनात सीआरपीएफ 26 बटालियन के जवान उत्तम कुमार को पैरालिसिस अटैक आने के बाद तत्काल बीएसएफ के हेलीकॉप्टर से रांची भेजा गया। बीएसएफ के हेलीकॉप्टर ने शुक्रवार पूर्वाह्न दस बजे मेघाहातुबुरु मैदान स्थित हेलिपैड पर लैंड किया। इसके बाद सीआरपीएफ के अधिकारियों और जवानों ने गंभीर रूप से बीमार उत्तम कुमार को बिना देर किये स्ट्रेचर से हेलिकॉप्टर में चढ़ाया और रांची ले गये।

### समर्पण शाखा ने किया पौधों का वितरण




**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने प्रांत कार्यक्रमों के अंतर्गत पर्यावरण दिवस के तीसरे दिन शुक्रवार को प्रातः 6:00 बजे सेवा सदन पार्क में पौधों का वितरण किया। सदस्यों ने वहां मौजूद 'वर्दी मेरा जुनून, डिफेंस एकेडमी' मोरहाबादी के बच्चे और अन्य नागरिकों के बीच तुलसी और एलोवेरा के पौधों का वितरण किया। साथ ही, पेड़ लगाकर पर्यावरण को बचाने की जागरूकता फैलाई। इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता प्रभारी रितु पोद्दार एवं संयोजिका राधा ड्रोलिया ने संपन किया। कार्यक्रम में शुभा अग्रवाल, रितु पोद्दार, राधा ड्रोलिया, कोमल पोद्दार, पूजा अग्रवाल, स्मिता अग्रवाल, कविता सोमानी उपस्थित थीं।

## मोदी का तीसरी बार एनडीए नेता चुना जाना नया समीकरण

**रांची।** रांची नागरिक समिति के सचिव समाजसेवी तथा भाजपा कार्यकर्ता संदीप नागपाल ने कहा की तीसरी बार नरेंद्र मोदी को एनडीए का नेता चुने जाने नया समीकरण नया आगाज है अब देशवासियों का सपना और साकार होगा नागपाल ने कहा की जनहित की योजनाओं ने लोकप्रियता बढ़ाई है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और ऊंचाइयों की ओर अग्रसर होगा और आने वाले समय में दुनिया भारत की तरफ मुड़ने वाली है साथ ही साथ भारत का अर्थव्यवस्था पांच नंबर से तीन नंबर पर आएगा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत का निर्माण बनाने में सहायक सिद्ध होगा। नागपाल ने देश के 140 करोड़ जनता को हृदय से गहराई से धन्यवाद दिया है तथा नरेंद्र मोदी को एनडीए का तीसरी बार नेता चुने जाने पर उन्हें बधाई दी है।

# आजसू ने शत प्रतिशत रिजल्ट दिया : जितेंद्र

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जितेंद्र सिंह केंद्रीय सचिव सह विधानसभा प्रभारी रांची महानगर ने गिरिडीह की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि चंद्र प्रकाश चौधरी को बधाई दी है । सुदेश कुमार महतो की तरफ से समस्त आजसू परिवार की तरफ से और एनडीए फोल्डर के घटक दल जितने भी सांसद एनडीए के तरफ से जीतकर आए हैं उन्हें और तमाम झारखंड वासियों को एवं उनके क्षेत्र के वासियों के प्रति आभार और शुभकामनाएं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यह काफी खुशी की बात है कि 100% रिजल्ट आया। नरेंद्र मोदी जी ने गिरिडीह से एक सीट दिया और गिरिडीह की जनता ने प्रचंड वोटो से चंद्र प्रकाश चौधरी जी को जिताकर दिल्ली भेजा साथ ही साथ सुदेश महतो जी हरेक सभा में कहते थे कि एक फल माननीय नरेंद्र मोदी जी के गले में जरूर सुशोभित होगा और काम हम लोगों ने किया। उम्मीद है कि इस टर्म एनडीए कोलेशन का जो गवर्नमेंट बनेगा उसमें भारत माता के चरणों में जो नरेंद्र मोदी का जो सपना है और एनडीए के हर एक लोग जो भारत के बारे में सपना देखते है वो काम तीव्र गति से आगे बढ़ेगा और जितने भी कार्य पहले अधूरे रह गए थे मोदी जी के नेतृत्व में, सुदेश महतो जी के नेतृत्व में और चंद्र प्रकाश चौधरी जी के नेतृत्व में वह काम तीव्र गति से आगे बढ़ेगा।



# मोदी सरकार की जगह एनडीए सरकार कहने को बाध्य हुए प्रधानमंत्री : सुप्रियो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झामुमो के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने एनडीए संसदीय दल की बैठक में नेता चुने जाने पर और तीसरी बार नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पहले लोग मोदी सरकार कहते थे, लेकिन अब एनडीए सरकार कह रहे हैं। झामुमो महासचिव ने कहा कि18वीं लोकसभा के गठन से पूर्व एनडीए संसदीय दल की बैठक हुई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संसदीय दल का नेता चुना गया। इसके अलावा, राजनाथ सिंह ने नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका एनडीए के तमाम नेताओं ने स्वागत किया। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मोदी ने भाषण दिया। मोदी नैतिक तौर पर पीएम के दावेदार नहीं रहे। जबरदस्ती पीएम बने। नेहरू के बाद नरेंद्र मोदी तीसरी बार



प्रधानमंत्री बने हैं। 1962 में नेहरू आए थे। उस समय फ्रैक्चर्ड मैंडेट नहीं था। आज फ्रैक्चर्ड मैंडेट है। आज पहली बार 10 वर्षों के बाद मोदी एनडीए का नाम लेने के लिए बाध्य हुए हैं। इस बार उन्होंने एक बार भी भाजपा का नाम नहीं लिया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि जो बीज एनडीए नेताओं ने लगाई थी, वो अब पेड़ बन चुका है। आज उन्होंने मोदी के नाम का ढिंढोरा नहीं पीटा। उन्होंने कहा कि यह जनादेश उनके नेतृत्व को खारिज करता है। एक दल के नेता को मंच पर बैठाया गया। झारखंड के आजसू पार्टी को अपमानित किया गया। उसे मंच पर जगह नहीं दी गई। जातिगत जनगणना की जाएगी कि नहीं, इस पर भी कुछ नहीं कहा। झारखंड से गए नौ सांसदों को बताना होगा कि सरना धर्म कोड, जातीय जनगणना, 27 फीसद ओबीसी आरक्षण, जिसे सदन ने पास कर भेजा है, वो लागू होगा कि नहीं। आगे कहा कि सीएए लागू होगा कि नहीं? इन सवालों का जवाब देना होगा। मोदी घबरा गए हैं। पीएम मोदी ने खुद कहा कि हमारी पार्टी में कुछ फ्रॉड लोग हैं। पिछले 10 वर्षों से वो मोदी सरकार कह रहे थे, लेकिन आज एनडीए सरकार कह रहे हैं। यही उनकी पराजय है। अब अग्निवीर योजना को समाप्त करना चाहिए। महंगाई को काबू करने की दिशा में सरकार को कदम उठाना चाहिए।

# विजय जुलूस में डांस करने वाले थाना प्रभारी के खिलाफ आयोग से शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल न्यायिक मामले के प्रमुख सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में चुनाव आयोग पहुंच कर दुमका सांसद के विजय जुलूस में नाचने वाले थाना प्रभारी की बर्खास्त करने की मांग किया। सुधीर श्रीवास्तव ने कहा की विगत पांच जून को समय साढ़े चार बजे शाम, स्थान कुंडहित मुख्य सड़क पर दुमका लोक सभा से विजयी प्रत्याशी का विजय जुलूस था और उसमें नाला विधान सभा अंतर्गत जामताड़ा जिला के कुंडहित थाना प्रभारी सुरेश दुबे का सार्वजनिक नाच चल रहा था, पूरे देश में इस प्रकार का कोई पुलिस पदाधिकारी का किसी विजय जुलूस में नाचने का पहली घटना है,भाजपा ने मांग किया कि दरोगा जब अपने उम्मीदवार के जीतने पर इतना नाचे तो जीतने के पहले चुनाव के दौरान अपने पसंदीदा उम्मीदवार को जिताने के लिए क्या क्या डीलिंग किये होंगे, यह भी सार्वजनिक होना चाहिए। थाना प्रभारी का काम विजय जुलूस में विधि व्यवस्था देखना काम होता है न कि विजय जुलूस में नाचना। किस प्रकार झामुमो ने प्रशासन का उपयोग चुनाव में किया है उसका उदाहरण मात्र है अब तो जरूरत है कि झामुमो एवं कांग्रेस के सभी पांचों जीते प्रत्याशियों का विजय जुलूस का वीडियो मंगाया जाय ताकि पता चले कि कौन कौन प्रशासन के पदाधिकारी नाच रहे हैं साथ ही थाना प्रभारी सुरेश दुबे का पिछले तीन महीने का कॉल डाटा और व्हाट्सएप चैट भी मंगाने का अनुरोध प्रतिनिधिमंडल ने किया है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग किया है कि सुरेश दुबे को बर्खास्त करते हुए दुमका लोक सभा सीट पर पुनः चुनाव हो। प्रतिनिधिमंडल में तारिक इमरान और सुबोध कांत शामिल थे।



### सीईओ ने सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# विधानसभा चुनाव के लिए अभी से तैयारी में लग जाएं सभी पदाधिकारी : के रवि कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव के संपन्न होते ही राज्य निर्वाचन आयोग इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव की तौयारियों में जुट गया है। इसको लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने शुक्रवार को मुख्यालय सभागार में सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अभी से तैयारी प्रारंभ कर दें। इस बाबत लोकसभा चुनाव के दौरान बने बूथ अवेयरनेस समूहों और ईएलसी समूहों को सक्रिय करना होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि सरकारी भवनों आदि पर दीवार लेखन कर संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर का नाम एवं नंबर अंकित करायें, ताकि कोई भी मतदाता अपने क्षेत्र के बीएलओ से सुगमता से संपर्क कर सकें।

**विस के लिए 1 अक्टूबर तक मतदाता सूची तैयार करें :** उन्होंने कहा कि विधानसभा निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में मतदाता सूची के प्रकाशन का कट ऑफ डेट 1 अक्टूबर रखा जा रहा है। इस तिथि के पूर्व घर-घर जाकर मतदाताओं का पुनरीक्षण कर लें। इस दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से मिलान करते हुए नए मतदाताओं को जोड़ने के साथ जो मतदाता शिफ्ट कर चुके हैं अथवा जिनकी मृत्यु हो गयी है, उनका नाम सूची में अद्यतन करें।



### 80 फीसदी वाले मतदान केंद्रों का खुद करें निरीक्षण

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पदाधिकारी 80 प्रतिशत से कम मतदान वाले मतदान केंद्रों का स्वयं भौतिक निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन के पूर्व मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधा का सोशल आडिट टीम के द्वारा सर्वे कराया गया एवं मतदान के तीन दिन पूर्व पुनः उसका सर्वे कराया गया था। उन्होंने सभी उप निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार शतप्रतिशत मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधा सुनिश्चित करायें।

**लोकसभा चुनाव की सफलता में सभी पदाधिकारी और कर्मी की भूमिका सराहनीय :** सीईओ ने लोकसभा 2024 चुनाव के दौरान रह गई किन्हीं भी अप्रत्याशित कमियों का आकलन कर उन्हें सुधारने तथा आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने हेतु विमर्श के उद्देश्य से उक्त बैठक आहूत की गयी थी। उन्होंने कहा कि राज्य में लोकसभा निर्वाचन निष्पक्ष, भयमुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में निर्वाचन से जुड़े सभी पदाधिकारियों, कर्मियों ने अपनी महती भूमिका निभायी है।

**वाहन मालिकों को ससमय करें भुगतान** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रवि कुमार ने कहा कि मतदान कर्मियों एवं मतदान कार्य में लगे वाहनों के मालिकों को नियमानुसार ससमय भुगतान सुनिश्चित करें। साथ हीं मतदान कार्य मे लगे कर्मी यदि आकस्मिक रूप से अस्वस्थ हुए थे, तो उनका कैशलेस उपचार कराएं।

## कृषि आधारित व्यवसाय के प्रोत्साहन के लिए चैंबर भवन में शिविर 10 को

**रांची ।** राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड योजना, कृषि विपणन अवसंरचना योजना, कृषि अवसंरचना निधि योजना, कृषि क्लिनिक और कृषि व्यवसाय केंद्रीय योजना और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना से अधिकाधिक किसानों और व्यापारियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से आगामी सोमवार (10 जून) को दिन में 11:00 बजे से चैंबर भवन में एकदिवसीय शिविर का आयोजन होगा। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री और अहारी उप समिति के चेयरमैन आनंद कोठारी ने इस संबंध में शुक्रवार को प्रेस की। अहारी उप समिति के चेयरमैन आनंद कोठारी ने बताया कि शिविर में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों के लिए निबंधन शुल्क 1000 रुपये निर्धारित किया गया है। निबंधन की अंतिम तिथि 9 जून है। शिविर में प्रगतिशील किसान, बेरोजगार युवा, कृषि इनपुट व्यापारी, खाद्य व्यापारी, फल और सब्जी व्यापारी, कृषि उद्यमी, एफपीसी, जो सरकार की इन योजनाओं का लाभ उठाने में रुचि रखते हैं, उन्हीं को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि झारखंड में कॉमर्शियल खेती, बागवानी कृषि विपणन अवसंरचना, माइक्रो फूड प्रॉसेसिंग उद्योग की असीम संभावनाएं हैं। चैंबर की अहारी उप समिति द्वारा इसका बीड़ा उठाया गया है।

**आवश्यक सूचना**

मैं राजेंद्र टिब्रेवाल, पिताः स्वर्गीय श्री विश्वनाथ टिब्रेवाल। मैं सूचित करता हूं कि मेरी संपति का (मूल दस्तावेज) काली बाबू स्ट्रीट से घर जाने के क्रम में दिनांकः 5/6/24 को कहीं गिर गया है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति को यह दस्तावेज मिले तो इस नंबर पर संपर्क करें।

7541811183
कंप्लेन नंबर : 886941

## एक नजर

### पर्यावरण को बचाने के लिए जन जन से है प्रार्थना : डॉ कृष्णकांत शर्मा

**पतरातू।** पर्यावरण को बचाने के लिए जान-जान से प्रार्थना है। उक्त बातें शुक्रवार को प्रेस बयान जारी कर जन सेवक समाज के अध्यक्ष सह पीटीपीएस महाविद्यालय के सेवानिवृत प्राध्यापक डॉक्टर कृष्णकांत शर्मा ने अपील किया है। उन्होंने कहा कि 5 जून 2024 को पूरे विश्व में पर्यावरण दिवस मनाया गया है। लेकिन पर्यावरण की सुरक्षा के लिए कहीं से कोई न चिंतन, न चिंता, न चेतावनी का पहल किया गया। डॉ शर्मा ने जन-जन से पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रार्थना कर कहा कि पर्यावरण का सरल अर्थ है प्रकृति का आवरण। परितः आवरणं पर्यावरणम।

### एनटीपीसी और भेल के सीएमडी ने पीवीयूएनएल प्लांट का किया दौरा

**पतरातू।** एनटीपीसी और भेल के सीएमडी पीवीयूएनएल प्लांट का दौरा किया। एनटीपीसी के सीएमडी गुरदीप सिंह और बीएचईएल (भेल) के सीएमडी सदाशिव मूर्ति के अलावा प्रोजेक्ट निर्देशक केएस सुंदरम, हाइड्रो के ईडी एसएन त्रिपाठी के यहां पहुंचने पर पीवीयूएनएल के सीईओ आरके सिंह और अन्य अधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। उच्च अधिकारियों का यह दल गुरुवार को ही दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे थे। यहां पर पहुंचकर 4000 मेगावाट पावर का सुपर क्रिटिकल पीवीयूएनएल प्लांट का जायजा लेने के साथ-साथ पीवीयूएनएल में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया।

### शतचंडी महायज्ञ के समापन पर कलाकारों ने अद्भुत झांकी का किया प्रदर्शन

**पतरातू।** पीटीपीएस जनता नगर शीतला मंदिर में आयोजित शत चंडी महायज्ञ के समापन पर गुरुवार की रात वृंदावन के कलाकारों ने अद्धुत और जीवंत झांकी प्रस्तुत किया। कलाकारों की ओर से अद्धुत और जीवंत झांकी के प्रस्तुति पर उपस्थित सैकड़ों महिला और पुरुष श्रद्धालु भाव विभोर हुए। साथ ही खूब झूमे। यज्ञ के समापन के बाद आयोजित भागवत कथा खूब मन लगा कर सुना। इसमें कथा वाचक ने भगवान कृष्ण सुदामा का चरित्र प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में देर रात कार्यक्रम में भाजमो के केंद्रीय महासचिव निशि पांडेय पहुंची। निशि पांडेय ने कार्यक्रम की सराहना की।

### पंचायत सचिव पर पैसा वसूली का आरोप, जांच की मांग

**दुलमी।** दुलमी प्रखंड क्षेत्र स्थित होन्हे पंचायत के बोंगासौरी निवासी मदन मोहन महतो पिता रिझुनाथ भंडारी ने दुलमी प्रखंड विकास पदाधिकारी मदन महली को एक लिखित आवेदन देकर होन्हे पंचायत सचिव प्रकाश चटर्जी पर जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर दो हजार रुपया अवैध वसूली का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि मैं अपने दोनों बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन अभियान के समय दिया था।

चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों ने एसपी से की शिष्टाचार मुलाकात

# शहर की ट्रैफिक समस्याओं से कराया अवगत



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** व्यापारियों की एक संस्था जिस पर शहर व्यापारी निःस्वार्थ भाव से भरोसा करते हैं। उन्हीं भरोसा पर हमेशा खड़ा उतरता है, फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री। व्यापारियों की समस्या को अपनी समस्या समझकर हल करने का पूरा प्रयास करता है। इस प्रयास के बीच शुक्रवार को चैंबर के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक के आवासीय कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान शहर के विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया गया। बताया गया कि शहर में ट्रैफिक की समस्या सबसे बड़ी है जो व्यापारी वर्ग के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा चैंबर के सदस्यों ने एसपी को बताया कि चोरी की वारदात भी बढ़ती नजर आ रही है। गोला चौक स्थित जैसे जेवर दुकान में बीते दिनों उनके स्टाफ के द्वारा ज्वेलरी सामान लेकर फरार हो गया। जैसे विभिन्न बातों को पुलिस अधीक्षक से अवगत करवाया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जेवर दुकान का स्टॉफ जल्द ही पुलिस के कस्टडी में होगा, चैंबर के पदाधिकारियों ने गीतांजलि ज्वेलर्स में हुई चोरी के मामले मे जिला पुलिस ने अपनी तीव्रता के साथ गुनहगारों को धर दबोचा है जिसके लिए विशेष रूप से पुलिस अधीक्षक को बधाई दिया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ट्रैफिक की समस्या पर जल्दी कोई बड़ी और ठोस मुहिम चलाई जाएगी। चैंबर के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर शिष्टाचार भेंट किया गया इस मुलाकात में शहर के कई समस्याओं से उन्हें अवगत करवाया गया। चेंबर के सचिव राकेश ठाकुर ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह को गीतांजलि ज्वेलर्स में हुई चोरी का खुलासा कर अपराधियों को जेल भेजने के लिए विशेष रूप से बधाई दी गई। साथ ही शहर की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया गया।

> पुलिस अधीक्षक ने कहा ट्रैफिक की समस्याओं को लेकर जल्द ही कोई बड़ी और ठोस मुहिम चलाई जाएगी

कृषक गोष्ठी का हुआ आयोजन

# नवीनतम उर्वरक के संबंध में कृषकों को दी गई जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र के झुरझुरी पंचायत भवन में इफको संस्था हजारीबाग के अमित आनंद द्वारा तरल नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी आधारित कृषक गोष्टी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं गोष्टी में मुखिया प्रतिनिधि सुखदेव यादव, खुदरा खाद विक्रेता राज बीज भंडार के राजेश कुमार, रामचंद्र प्रसाद एवं ग्रामीण कृषक महिला व पुरुषों ने भाग लिया। इस निमित सभी कृषकों को कृषि एवं खाद से संबंधित विभिन्न आधुनिक तकनीक की जानकारी दी गई। कृषि में प्रयोग होने वाले नवीनतम उर्वरक जैसे नैनो तरल यूरिया, नैनो तरल डीएपी ,जल विलय उर्वरक, इनके गुण, प्रयोग विधि ,प्रयोग मात्रा एवं बोरे वाले यूरिया व डीएपी से होने वाले मृदा एवं वातावरण को नुकसान के संबंध में बताकर किसानों को जागरूक किया गया। साथ ही साथ ड्रोन से होने वाले तरल नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के छिड़काव के बारे में भी बताया गया।वहीं एसएफए द्वारा सागरिका तरल एवं बाल्टी के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में किसानों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब भी आयोजकों द्वारा दिया गया। मौके पर बिट्टू यादव, राजेश कुमार, अजीत कुमार, जीतू राज, रामचंद्र प्रसाद, कुंवर यादव, चंद्रिका प्रसाद, मनोज कुमार, बंधन यादव समेत दर्जनों ग्रामीण किसान मौजूद रहे।

## न्यूज बॉक्स

### कोयला खनन परियोजना से प्रभावित गावों का खान सुरक्षा निदेशक ने किया निरीक्षण



**हजारीबाग।** पूर्व मंत्री योगेंद्र साव की शिकायत पर श्रम व रोजगार मंत्रालय के खान सुरक्षा महानिदेशालय रांची के डिप्टी डायरेक्टर हनुमंत राव ने गांवों का निरीक्षण किया। चट्टीबारियातू व केरेडारी कोयला परियोजना से प्रभावित गांव पहुंचकर जानकारी ली। इस दौरान हैवी ब्लास्टिंग से पड़े घरों में दरार, उड़ते प्रदूषण, जोरदाग में तालाब का अतिक्रमण देखकर अधिकारियों ने संबंधित परियोजना कर्मियों को खरी खोटी सुनायी। बिरहोर टोला पहुंचने पर खनन क्षेत्र से अति नजदीक होने, जोरदाग स्कूल के समीप किया जा रहे ओबी डंप पर अधिकारियों ने नाराजगी जतायी। जांच रिपोर्ट बनाकर अधिकारी साथ ले गये हैं। मौके पर पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष रविंद्र गुप्ता, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सुंदर गुप्ता, बीस सूत्री सदस्य अत्ताउल्लाह, धीरेंद्र साव, मो राजा, मो शमीम, आदित्य साव, किशोर साव समेत कई लोग मौजूद थे।

### पेट्रोल पंप पर अपराधियों ने दहशत फैलाने के लिए की गोलीबारी




**रामगढ़।** पतरातू थाना अंतर्गत तालाटांड़ में 6 जून की रात्रि भारत पेट्रोलियम के पेट्रोल पंप पर फायरिंग कर दहशत फैलाने का प्रयास किया। गोलीबारी से आसपास हड़कंप मच गयी। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बाइक पर पहुंचे अपराधियों ने पेट्रोल पंप के मालिक मो शमशेर को खोजते हुए लगभग 4 राउंड फायरिंग की। इसके बाद हथियार लहराते हुए भाग निकले। वही, बताया गया कि जाते जाते अपराधी एक अन्य व्यक्ति की बाइक भी ले गए। मामले की सूचना मिलने पर पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विरेंद्र राम एवं पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता मौके पर पहुंचे और इसकी जानकारी ली। छानबीन में घटना स्थल पर पुलिस को खोखा मिला। घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। जिसकी जांच की जा रही है। अपराधियों को पकड़ने के लिए लिए आसपास के क्षेत्र में छापेमारी जारी है।

### भाजपा नेता ने एक लाख पेड़ लगाने का लिया संकल्प



**हजारीबाग।** प्रकृति संरक्षण एवं संवर्धन कार्यक्रम के तहत समाजसेवी एवं भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने शुक्रवार को संत कोलंबा महाविद्यालय के छात्रावास पहुंचे। वहां छात्रों संग पौधारोपण कर कहा कि हम सब को यह समझना चाहिए कि संपूर्ण मानवता का अस्तित्व प्रकृति पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि शहर में बहुत से लोगों को बदतर आबोहवा के चलते लोगों को सांस, हृदय, फेफड़ों की बीमारियां हो रही हैं। स्वस्थ एवं सुरक्षित पर्यावरण के बिना मानव समाज की कल्पना अधूरी है। कार्यक्रम में संत कोलंबा महाविद्यालय के प्रोफेसर राजकुमार चौबे, आरएसएस के पूर्व जिला संचालक ज्ञान चंद मेहता, बबलू कुमार, दीपक कुमार, राहूल कुमार, सुमित कुमार, सहित दर्जनो लोग उपस्थित थे।

### नवाबगंज निवासी मोहित सोंधी ने सदर थाने मे दिया आवेदन




**हजारीबाग।** नवाबगंज निवासी मोहित सोंधी ने सदर थाने मे दिया आवेदन देकर कहा है कि उनके झील टावर आवासीय परिसर में 5 जून को अपने अधिकार क्षेत्र के बाहर छज्जे पर डा बीरेन्द्र कुमार द्वारा बुधवार को जबरदस्ती क्लिनिक का बोर्ड लगाया जा रहा था।शुक्रवार बोर्ड लगाने से मना करने पर कुछ महिलाओ ने जबरदस्ती बोर्ड लगाने की धमकी देकर धक्का मुक्की एवं मारपीट किया।मोहित सोंधी और उनके परिवार के सदस्यों ने सदर थाना प्रभारी को आवेदन देकर मामले पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है।इस मामले पर डॉक्टर बीरेंद्र ने टेलिफोनिक बातचीत में कहा कि मामला किरायेदार और दूसरे दुकान का है। मेरा इस मामले से कोई लेना-देना ही नहीं है। मुझे सिर्फ अपना बोर्ड लगाना है लेकिन मुझे इस मामले में फसाया जा रहा है हम लोग को बोर्ड लगाने नहीं दिया जा रहा है । झील टावर में सभी दुकान का बोर्ड लगा हुआ है लेकिन हमारा क्लीनिक का बोर्ड नहीं लग पा रहा है।

### ग्रीष्मावकाश खत्म, आज से प्रारंभ होंगे राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में शिक्षण



**बरही।** हिट वेब और बढ़ती गर्मी के तपिश को लेकर राज्य सरकार ने 7 जून तक राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों को बंद कर दिया था. जो शनिवार से प्रारंभ हो जायेगा. गर्मियों की छुट्टियां समाप्त होने के बाद बच्चों के साथ शिक्षक भी रूटीन वर्क में वापस लौट गए हैं. विद्यालय संचालन की अवधि फिलहाल सुबह सात बजे से अपने निर्धारित समयानुसार ही संचालित होंगे. पर बच्चो, शिक्षकों व अभिभावक को सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि वर्तमान में गर्मी की तपिश अभी भीं ज्यादा है. ऐसे में बच्चों के साथ अभिभावकों को भी सावधानियां बरतनी आवश्यक होंगी. बच्चो को भी अपने साथ पानी का बोतल सहित धूप से बचने के उपाय के साथ ही विद्यालय के लिए निकलने होंगे. विद्यालय प्रबंधन को भी बढ़ते गर्मी और तपिश को ध्यान में रखते हुए बच्चो पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होगी.

### ईदपारा में मंडा पर्व पर छऊ नृत्य का आयोजन

**दुलमी।** दुलमी प्रखंड क्षेत्र के ईदपारा में मंडा पर्व के अवसर पर छऊ नृत्य का आयोजन किया गया। छऊ नृत्य का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि आजसू नेता गोपाल चौधरी व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी बसंत नारायण महतो, जिला उपाध्यक्ष अखिलेश पिंगले और आजसू प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार ने विधिवत फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान मंडा पूजा के महत्व पर संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड राज्य में भगवान भोले शंकर को खुश करने के लिए मंडा पूजा का आयोजन होता है। इस दौरान बुजुर्ग से लेकर बच्चे तक हर कोई दहकते अंगारे पर चलते हैं। अंगारों पर चलने से पहले भक्त भगवान शिव की पूजा करते हैं और इस शिवालय की परिक्रमा करते हैं। पूजा की शुरूआत से पहले कलश से गंगा जल छिड़का जाता है।

तंगहाल हैं बरही की अग्रवाल गली सहित दर्जनों गालियां

# निजी कोष से कराया गया था डस्ट भरवाने का कार्य : मुखिया



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** हल्की बारिश के साथ ही अग्रवाल गली का बुरा हाल हो जाता है. गली पूरी तरह से नाली में बदल जाता है. जहां से पैदल गुजरना दुष्कर कार्य होता है. प्रखंड की चहारदीवारी होने के बाद यह बरही वासियों के लिए एक प्रमुख मार्ग बन चुका है. इस मार्ग से ही स्कूली छात्र/छात्राओं का आना जाना लगा रहता है. इस गली में नर्सिंग होम ए लेकर कई दुकानें भी चलती है. जो बरही के एनएच 2 और एनएच 33 दोनों को छूता है. बाबजूद इस गली को यहां के जनप्रतिनिधियों के भाग्य भरोसे छोड़ दिया है. स्थानीय लोगो ने बताया कि गली निर्माण के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों से संपर्क किया गया, पर अब तक आश्वासन के सिवाय कुछ भी नहीं मिला. पंचायत चुनाव के पूर्व तत्कालिनी स्थानीय मुखिया छोटन ठाकुर ने डस्ट भरवाकर कुछ राहत पहुंचाने का काम किया था, जो अब लगभग फिर से पूर्वावस्था में आ चुका है. यदि बरसात के पूर्व कोई स्थाई समाधान नहीं किया गया तो लोगो को एक बार फिर नारकीय स्थिति से गुजरनी पड़ेगी. मामले के संबंध में पूर्व मुखिया छोटन ठाकुर ने बताया कि लगभग डेढ़ किमी अग्रवाल गली के निर्माण कार्य के लिए पूर्व सांसद जयंत सिन्हा ने डीएमएफटी से 38 लाख रुपए की योजना स्वीकृत किया था.

# हजारीबाग के चमेली झरना में डूबने से युवक की हुई मौत



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** बीते 6 जून को हजारीबाग के इचाक स्थित चमेली झरना में डूबने से एक युवक की मृत्यु हो गई। हजारीबाग के जैन मंदिर के निकट निवासी जफर अब्बास के पुत्र जमन अब्बास की चमेली झरना में डूब जाने की खबर से स्थानीय लोगों में अफरा तफरी मच गई। ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं यहां पिछले वर्ष भी हुई हैं, जिसमें दो युवक और एक युवती की जान चली गई थी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह अपने टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे, और स्थानीय लोगों से इस घटना के बारे में पूछताछ किया। मुन्ना सिंह ने मृत युवक के पिता से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया, और इचाक थाना पहुंच कर थाना प्रभारी से ये दरखास्त किया की एनडीआरएफ की सहायता से युवक के शव को जल्द से जल्द झरने से ढूंढ़ के निकाला जाए। मुन्ना सिंह ने स्थानीय प्रशासन से यह अपील किया कि इस झील के आस पास उचित 'डेंजर - खतरे' के निशान का साइन बोर्ड लगाया जाए, और खतरे वाले भाग के आस पास किसी तरीके का घेराव किया जाए ताकि लोग उसके आगे न जा सके। स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए मुन्ना सिंह ने कहा, मैं हजारीबाग के सभी लोगों से यह अपील करना चाहूंगा कि ऐसे किसी भी स्थानों पर जाते समय उचित सावधानी बनाये रखें। अपने जीवन के मोल को समझें और कोई ऐसा कदम न उठाएं जिससे आपकी जान को खतरा हो। मुख्य रूप से बबलू सिंह , दिनेश कुमार यादव, सुजीत सिंह , विक्की कुमार धान इत्यादि लोगों उपस्थित थे

### झाड़ियों का जंगल दिखने लगा है गिद्दी परियोजना का रेलवे साडिंग

**गिद्दी।** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के गिद्दी ए परियोजना के रेलवे साइडिंग के ट्रैक पर बड़ी बड़ी झाड़ियां उग आई है। जिससे यह रेलवे साइडिंग के बजाए झाड़ियों का जंगल दिखने लगा है। बड़ी बड़ी झाड़ियों के उग जाने के कारण रेलवे ट्रैक भी नहीं दिखता है। बता दें वर्ष 2017 में इस साइडिंग को बंद कर दिया गया है और तब से से यहां से डिस्पैच होने वाला कोयला को सौंदा साइडिंग से विभिन्न पावर हाउस को डिस्पैच किया जाने लगा है। अब पखवारे भर पहले से बरका काना से ललीत पुर पंजाब पावर हाउस कोयला डिस्पैच किया जाने लगा है। हालाकि जब से गिद्दी रेलवे साइडिंग बंद हुआ है तभी इसे मॉडिफाई करके चालू किए जाने की बात जारी है। पर अब तक चालू नहीं किया गया है। जिसके चलते यह साइडिंग झाड़ियों के जंगल में तब्दील होता जा रहा है। बहरहाल पिछले महीना सीसीएल के डीटी पीएंडपी सतीशचंद्र झा ने गिद्दी साइडिंग का निरीक्षण किए हैं और निरीक्षण के क्रम में इसे फिर से 2025 के जून जुलाई महीना चालू करने की बात स्वीकार किए हैं।

नव चयनित निम्नवर्गीय लिपिक को डीसी ने सौंपा नियुक्ति पत्र, कहा

# हजारीबाग जैसे अच्छे जिले में पोस्टिंग हुई है, मेहनत और ईमानदारी से करें कार्य



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, रांची नियमित रिक्त विज्ञापन के आलोक में संपन्न इंटरमीडिएट स्तर (कंप्यूटर ज्ञान एवं कंप्यूटर में हिन्दी टंकण अहर्ता धारक पद हेतु) संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2017 एवं कौशल जांच परीक्षण के उपरांत सफल अभ्यार्थियों के राज्य मेघा सूची के आधार पर निम्नवर्गीय लिपिक (जिला समाहरणालय) के पद पर नियुक्ति के लिए 20 अभ्यर्थिओ को शुक्रवार को उपायुक्त नैंसी सहाय ने नियुक्त पत्र सौंपा। विभागीय निर्देशानुसार निम्नवर्गीय लिपिक के पद नियुक्ति के लिए वर्तमान में हजारीबाग जिला के लिए आवंटित कुल 22 अभ्यार्थियों की शैक्षणिक प्रमाण पत्रों को गठित जांच टीम के द्वारा किया गया। आज नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में कुल 20 अभ्यर्थी उपस्थित हुए शेष दो अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। नियुक्ति पत्र सौंपने के उपरांत उपायुक्त ने सभी अभ्यार्थियों को शुभकामनाएं दी तथा योगदान करने को कहा। उन्होंने कहा हजारीबाग जैसे अच्छे जिले में पोस्टिंग हुई है, मेहनत और ईमानदारी से कार्य करें। नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह मौजूद रहे। उपायुक्त ने कहा कि इमानदारी से काम करने वाले कर्मचारी हमेशा आगे की ओर बढ़ते रहते हैं। उनके काम का हमेशा आकलन उन्हें आगे बढ़ाया जाता है। हम सभी कर्मचारियों को हिदायत देना चाहते हैं कि वह अपने कामों के प्रति हमेशा सजग रहे और लोगों की सेवा निःशुल्क हमेशा करते रहे। ताकि कार्यालय में आनेवाली लोगों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़। ग्रामीण क्षेत्रों की जनता दूर दराज आकर कार्यालय पहुंचती है और हम सभी दायित्व होता है कि उनके कामों सभी रूप में निवारण करें।

### एसडीपीओ ने की मासिक अपराध की बैठक, कहा वारंटियों की करें गिरफ्तारी

**बरही ।** शुक्रवार को एसडीपीओ एसपी सुरजीत कुमार ने अपने कार्यालय में मासिक अपराध समीक्षात्मक बैठक की गई. इस बैठक में अनुमंडल के विभिन्न थाना के पदाधिकारी और प्रभारी मौजूद रहे. इस दौरान एसडीपीओ ने थानावार अपराधियो की गिरफ्तारी, प्राथमिकी, लंबित मामले आदि पर जानकारी लिया. साथ ही उपस्थित अधिकारियों को अपने क्षेत्र ने अपराध पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया. एसडीपीओ ने जीटी रोड पर हो रहे अवैध धंधों पर भी लगाम लगाने की बात कही. इसके साथ ही क्षेत्र में लगातार गश्त लगाने वारंटियों की गिरफ्फतरी पर जोर दिया. उपस्थित सभी थानाध्यक्षों ने अपने अपने थाना के अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत किया. बैठक में बरही इंस्पेक्सटर सह थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार, अंचल इंस्पेक्टर विमल कुमार, बरकट्ठा थाना प्रभारी राजेश भोक्ता, गोरहर अजय कुमार सिंह, पदमा राणा भानु प्रताप सिंह, महिला थाना प्रभारी किरण कच्छप इत्यादि शामिल थे।

## खतरे में जिंदगी

केरेडारी में बढ़ रहा है प्रदूषण का कहर

# हवा में घुल रहा जहर, 1 लाख की आबादी झेल रही परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता। केरेडारी** एनटीपीसी चट्टी बरियातू व केरेडारी कोयला खनन परियोजना के कोयले की धूल एवं ओबी की धूल से सड़क किनारे धूल से सने मुरझाये पौधे, आम होती बच्चों-बुजुर्गों की सांस फूलने की समस्या, त्वचा की बीमारी, कोलियरी क्षेत्रों की फिजां से आ रही है धूल से त्वचा की बीमारी, यह बताने के लिए काफी है कि हम केरेडारी, चट्टीबरियातू, पाण्डु, कावेद, बेंगवरी में किस प्रदूषित वातावरण में जी रहे हैं लोग. इसे रोकने के लिए कई कार्य योजनाएं शुरू की गयी हैं, लेकिन जमीन पर यह कार्य योजना अभी भी नाकाफी साबित हो रही है. केरेडारी की हवा में सबसे अधिक जहर कोयला घोल रहा है. इसकी वजह से लोग सांस और स्कीन से संबंधित गंभीर बीमारियों से पीड़ित होते जा रहे हैं. चट्टीबरियातू व केरेडारी कोयला खनन परियोजना में अभी सबसे अधिक कोयला का उत्पादन ओपेन कास्ट माइंस से हो रहा है. यही माइंस प्रदूषण का सबसे प्रमुख स्रोत भी साबित हो रही है. इनके खनन के दौरान होने वाली ब्लास्टिंग की वजह से बड़ी मात्रा में धूलकण हवा में पहुंच इसे प्रदूषित कर रहे हैं. विशेषज्ञों के अनुसार इसके साथ यहां कोयला और ओवर बर्डेन की अवैज्ञानिक तरीके से होने वाले ट्रांसपोर्टिंग और डंपिंग की वजह से भी काफी मात्रा में धूलकण हवा में पहुंच जा रहे हैं।

### हवा में धूलकण तय मानक से अधिक

पूरे केरेडारी प्रखंड में प्रदूषण की सबसे बड़ी वजह हवा में मौजूद धूलकण है. उसकी मात्रा में दिन प्रति दिन इजाफा दर्ज किया जा रहा है. आज आलम यह है कि ग्राम केरेडारी, चट्टीबरियातू, पाण्डु, कावेद, बेंगवरी, लोचर, जोरदार के सबसे हरे-भरे क्षेत्रों में थे लेकिन कोयले की धूल एवं ओबी की धूल से सड़क किनारे धूल से सने मुरझाये पौधे दिखा रहे है कैसे यहां के लोगों के जीवन के साथ किस तरह से खिलवाड़ किया जा रहा है।

विस्थापित संयुक्त रोडसेल संचालन समिति की बैठक

# भुरकुंडा रोड सेल चालू करने पर हुई चर्चा

**रामगढ़ ।** बलकुदरा मदनाटांड फुटबॉल मैदान में गुरुवार को विस्थापित संयुक्त रोडसेल संचालन समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता विजय मुंडा और संचालन विरेंद्र मांझी ने किया। बैठक में भुरकुंडा रोडसेल के चारो राजस्व गांव बलकुदरा, कुरसे, देवरिया, दुंदुवा के बेरोजगार युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार कैसे मिले इस पर चर्चा की गई। चारो राजस्व गांव के ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि भुरकुंडा कोलियरी में राजस्व गांव देवरिया बरगांवा का 1074 एकड़, दुंदुवा का 647.26 एकड़, बलकुदरा का 198.40 एकड़ एवं कुरसे का 327.68 एकड़ भूमि अधिग्रहण किया गया है लेकिन सीसीएल प्रबंधन द्वारा हम ग्रामीण-विस्थापितों को कोई लाभ नहीं दिया गया है। चारो गांव के ग्रामीणों को 40 वर्षों से भुरकुंडा लोकल सेल में रोजगार से वंचित रखा गया है। कहा गया कि हमारी जमीन से प्रबंधन कोयला निकाल रहा है और हमें रोजगार से वंचित रखा जा रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। कहा गया कि हम विस्थापितों के लंबे आंदोलन के बाद बलकुदरा खदान में नया रोड सेल का प्रावधान आया है। नया रोल सेल नये सिस्टम से चलेगा।

## एक नजर

### 11 जून को मुख्यमंत्री के साथ होने वाले बैठक को लेकर डीसी ने अधिकारियों संग की समीक्षा

**सिमडेगा।** 11 जून को रांची में मुख्यमंत्री चम्पाइ सोरेन की अध्यक्षता में आहूत बैठक की तैयारी के संदर्भ में उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने संबंधित विभाग से समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।इस दौरान उपायुक्त ने ग्रामीण विकास, पंचायती राज, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता, पेयजल जल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खान एवं भूतत्व, ऊर्जा, राजस्व निबंधन भूमि सुधार, कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता, परिवहन, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सहित अन्य संबंधित विभागों से संबंधित योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### बानो प्रखंड कार्यालय में मनरेगा प्रधानमंत्री व अबुआ आवास से संबंधित हुई समीक्षा बैठक

**बानो।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मनरेगा योजना व प्रधानमंत्री आवास,अबुआ आवास योजना को लेकर समीक्षा बैठक किया गया ।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी चारू मांझी ने किया। बैठक में प्रत्येक पंचायत के मनरेगा योजना से संचालित योजनाओं का समीक्षा किया गया तथा कुप निर्माण कार्य, बिरसा हरित आम बागवानी निर्माण कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। कूप निर्माण कार्य में कोर्ट में मटेरियल जल्द उपलब्ध कराने और पाटने का निर्देश दिया गया।वहीं मनरेगा योजना संचालित विभिन्न योजनाओं को भी जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया।अबुआ आवास योजना की प्रगति रिपोर्ट का समीक्षा किया गया तथा जल्द पूरा करने के लिए भी निर्देश दिया गया।बैठक में लंबी योजनाओं को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

### गर्मी छुट्टी में सामुदायिक स्तर पर बच्चों के साथ खेल मेला का आयोजन

**सिमडेगा।** सदर प्रखंड के 6 गांवों जिसमें मैनबेरा, बिकेर्रा, सिकरियाटांड, पतराटोली, 5 जून को बगटांड दीपा टोली, गिरजाटोली मेरोमडेगा और टुकुपानी बड़ाईक टोली वहीं 4 जून को हरिन्धरा, मेरोमडेगा बस्ती, खिरजी खुटी टोली और सिकरियाटांड, 3 जून अरानी और ठेठइटांगर में छलांग प्रोजेक्ट के तहत साख फाउंडेशन के द्वारा स्कूलों के इस गर्मी छुट्टी में सामुदायिक स्तर पर बच्चों के साथ खेल मेला का आयोजन किया गया। इस खेल मेला में साख फाउंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर अभिजीत सिन्हा के द्वारा बताया गया की खेल मेला में उपस्थित सभी ग्रामीणों को प्रोजेक्ट छलांग के बारे में जानकारी दी गई और बताया गया कि खेल के माध्यम से हम अपने जीवन को सफल और सम्पूर्ण बना सकते है एवं साथ में सभी खेल के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। खेल मेला में विजय हुए बच्चों को पुरस्कार प्रदान की गई।

**जिले के मैट्रिक व इंटर परीक्षा के 40 टॉपरों को कार्यक्रम में किया गया सम्मानित**

# सफलता के लिए कठिन परिश्रम के साथ लक्ष्य का निर्धारण जरूरी है : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह द्वारा समाहरणालय के सभागार में शुक्रवार को माध्यमिक परीक्षा 2024 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा कला संकाय, वाणिज्य एवं विज्ञान 2024 परीक्षा में सिमडेगा जिले में 10 टॉप करने वाले 40 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर उपायुक्त ने परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उपायुक्त ने कहा कि समाज जब तक शिक्षित नहीं होगा तब तक समाज विकसित नहीं होगा। उन्होंने छात्रों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने बताया कि सफलता के लिए तीन चीजें आवश्यक है कठिन परिश्रम, लक्ष्य का निर्धारण एवं सतत प्रयास। उपायुक्त ने कहा कि सम्मानित छात्रों के लिए यह सम्मान उनके उज्जवल भविष्य की दिशा में छात्रों को प्रेरणा देगा साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चे जो टॉपर होने से चूक गए हैं वह अपना प्रयास निरंतर आगे जारी रखें ऐसे बहुत से पायदान अभी पार करने हैं जहां आपको विभिन्न माध्यमों से मौका मिलेगा, आज के सिख से कल को और बेहतर बनाने की बात कही। उन्होंने छात्रों को करियर काउंसलिंग के लिए काउन्सलर से सहयोग लेने की बात भी कहीं। इस बीच उन्होंने छात्रों के तमाम सवालों का जवाब दिया और उनके अभिभावकों को भी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान कई बच्चों ने आगे की पढ़ाई के लिए आर्थिक तंगी को बाधक बताया। जिसपर उपायुक्त ने उन्हें सरकार की गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड से जोड़कर उनकी पढ़ाई में सहयोग देने की बात कही। साथ ही उन्होंने ने सिमडेगा के रिजल्ट को भविष्य में और बेहतर करने की बात कही। मौके पर मौजूद पुलिस अधीक्षक सौरभ ने सभी सफल छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मैट्रिक और इंटर की सफलता को अंतिम सफलता नहीं माने,ये तो सुनहरे भविष्य की पहली कड़ी है।

**उपायुक्त ने कार्यालय में भू अर्जन संबंधित कार्यों की समीक्षा की, कहा**

# भारतमाला परियोजना में किसी तरह की समस्या न हो



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को भू-अर्जन से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने भू-अर्जन विभाग से संबंधित कार्य योजना का परियोजना वार समीक्षा किया। उन्होंने बीरू से तामड़ा-सिकरियाटांड़ - रामरेखाधाम कोचेडेगा-रामरेखाधाम पथ पर पथ का कुल लंबाई 22.351 किमी चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य, कोलेबिरा- बानो सड़क चौड़ीकरण एवं भारत माला परियोजना से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बीरू- तामड़ा- रामरेखा सड़क चौड़ीकरण में सड़क के किनारे पेड़ एवं संरचना का मूल्यांकन कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भारतमाला परियोजना, कोलेबिरा- बानो एवं बीरू तामड़ा रामरेखाधाम सड़क चौड़ीकरण में किसी प्रकार की समस्या ना हो इसे सुनिश्चित करें। अगर किसी प्रकार की समस्या होती है तो उसे समन्वय स्थापित कर ससमय निष्पादन सुनिश्चित करते हुए योजना का सही क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिन रैयतों को कंपनसेशन का लाभ दिया जा रहा है उसे जागरूक करें कि राशि का खर्च अच्छे कार्यों के लिए करेंगे ना कि शराब एवं अन्य कार्यों में खर्च करेंगे। मौके पर अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, भू-अर्जन पदाधिकारी सहित सभी अंचलाधिकारी, अंचल निरीक्षक, अमीन एवं अन्य उपस्थित थे।

## जंगली हाथी के हमले से 45 वर्षीय महिला की हुई मौत, वन विभाग ने दी तत्काल सहायता



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** प्रखंड अंतर्गत जामपानी कुसुमटोली गांव में गुरुवार रात जंगली हाथी के हमले से गांव की अनिता किरण बिलुंग नामक महिला की दर्दनाक मौत हो गयी। वहीं बताया गया कि घर के अन्य सदस्यों ने भाग कर अपनी जान बचाई। मामले की जानकारी मिलने पर झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना, ठेठाईटांगर प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज,झामुमो युवा मोर्चा जिला सचिव राजेश टोप्पो,मो कारू, मो असजद जगह पर पहुंचे एवं पीड़ित के गांव पहुंचे एवं सांत्वना दिया। मौके पर इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पुलिस पहुंची और मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के साथ शव परिजनों को सौंप दिया। घटना की सूचना पर ग्रामीणों से मिलने सदर अस्पताल पहुंचे विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने ग्रामीणों से मामले की विस्तृत जानकारी प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने उपायुक्त, डीएफओ आदि से दूरभाष पर सम्पर्क कर हाथी की समस्या को दूर करने की बात कही। विधायक नमन विक्सल ने कहा कि जंगल मे हाथियों के भोजन के लिए इंतजाम नही होने से हाथी गावों की ओर आकर्षित होते है और इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को भी सतर्क रहने और स्थिति पर नजर बनाए रखने और आवश्यता पड़े तो उन्हें भी सूचित करने को कहा ताकि किसी भी अनहोनी को टाला जा सके।

### मजदूरों की समस्याओं को लेकर मजदूर नेता ने विधायक से की मुलाकात

**सिमडेगा।** मजदूरों के समस्याओं को लेकर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा से मजदूर नेता राजेश कुमार सिंह ने मुलाकात की।मौके पर स्थानीय जन समस्या जैसे मजदूरों के बैठक एवं ठहरने के लिए रैन बसेरा,टेम्पू स्टैंड में यात्रियों के बैठने के लिए यात्री सेड, इस भीषण गर्मी को देखते हुए टेम्पू स्टैंड में प्याऊ की व्यवस्था और बाहरी ठेकेदारों और पेटी कांट्रेक्टर एवं बंगाली ठेकेदार द्वारा स्थानीय मूलनिवासी एवं आदिवासी मजदूरों पर हो रहें शोषण आदि समस्याओं पर चर्चा की।वहीं मजदूरों की समस्यायों को गंभीरतापूर्वक सुनने के बाद विधायक ने मजदूर नेता रजेश सिंह को आश्वस्त किया की यूनियन की मांग जायज है।जल्द ही इस पर विचार करते हुए उनके सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा।विधायक से मुलाकात के दौरान झारखण्ड मजदूर यूनियन सिमडेगा जिला प्रभारी वारिस रजा, रिशु सिंह, सागर सिंह एवं संजय बड़ाईक उपस्थित थे।

## कृषि विभाग ने खरीफ मौसम के लिए अनुदानित दर पर किसानों के लिए बीज वितरण का किया शुभारंभ



**सिमडेगा।** जिला कृषि कार्यालय सिमडेगा में बीज विनिमय एवं वितरण की योजना अंतर्गत खरीफ मौसम हेतु अनुदानित दर पर उपलब्ध खरीफ बीजों का वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरू एवं जीप उपाध्यक्ष सोनी कु पैकरा जिला कृषि पदाधिकारी मुनेन्द्र दास द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा किसानों को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि सिमडेगा जिला कृषि आधारित जिला है यहाँ के किसानों का मुख्य आय कृषि से ही है इसलिए सरकार मानसून से पहले बीजों का वितरण कर रही है, जो प्रशंसनीय है। किसान अपने प्रखण्ड के निकटतक लैम्पस में जाकर अनुदानित दर पर बीज प्राप्त करें। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा किसानों को संबोधित करते हुए बताया गया कि सर्वप्रथम किसान खरीफ मौसम हेतु संबंधित लैम्पस/प्रखण्ड से सम्पर्क कर ब्लॉकचेन प्रणाली में अपना निबंधन कराते हुए बीज प्राप्त करें। साथ ही सरकार द्वारा इस वर्ष खरीफ मौसम में नई योजना झारखण्ड मिलेट मिशन योजना प्रारंभ कर रही है। जिसके अंतर्गत किसानों को न्युनतम 10 डिसमील से 5 एकड़ तक मोटे अनाज की खेती करने पर प्रति एकड़ 3000/- की सहायता राशि उपलब्ध कराया जायेगा इसलिए धान की खेती के साथ साथ मोटे अनाज की खेती कर योजना का लाभ उठायें। कार्यक्रम में उपस्थित 22 किसानों के बीच धान बीज का वितरण किया गया।

**कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कांग्रेस कार्यालय में किया प्रेस वार्ता**

## खूंटी में जीत का श्रेय खूंटी की जनता को, संविधान की हुई जीत : बंधु तिर्की

**सिमडेगा।** सिमडेगा कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को कांग्रेस प्रदेश कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की पहुंचे जहां पर उन्होंने प्रेस वार्ता का आयोजन किया। मौके पर उन्होंने संबोधित करते हुए सबसे पहले सिमडेगा एवं कोलेबिरा की जनता को लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को प्रचंड बहुमत के साथ जीत दिलाने एवं कालीचरण मुंडा को सांसद बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जीत खूंटी लोकसभा की जनता की जीत है और संविधान की जीत हुई है। जिस प्रकार से तानाशाह सरकार इस क्षेत्र में लगातार वर्षों से शासन करने के बाद भी इस क्षेत्र के आदिवासी मूलवासी एवं पिछड़ा दलित का ध्यान नहीं दिया।जिसका असर इस चुनाव में देखने को मिला और सभी लोगों ने करीब 146000 से अधिक मतों के साथ केंद्रीय मंत्री को हराकर कांग्रेस को क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया है। इससे साफ जाहिर है कि जनता ने भाजपा को नकार दिया है।उन्होंने कहा कि यह जीत संविधान बचाने की थी और लोगों ने संविधान बचाने में अपनी भूमिका निभाई है ।उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से कांग्रेस और महागठबंधन की क्षेत्र में जीत हुई है यह बरकरार रखने के लिए सिमडेगा एवं कोलेबिरा विधानसभा के कार्यकर्ता लोगों के साथ जल्दी बैठक करते हुए बूथ वाइज समीक्षा की जाएगी ,ताकि जहां पर भी चुनाव के दौरान कुछ भी कमी हो उसे समय पर पूरा किया जा सके। विधानसभा चुनाव में एक बार फिर से सिमडेगा के दोनों विधानसभा सीट पर कांग्रेस का परचम लहरा और राज्य में महागठबंधन के नेतृत्व में सरकार बने। क्योंकि जिस प्रकार से जनता का विश्वास महागठबंधन के प्रति बढ़ा है इससे आने वाले दिनों में भारतीय जनता पार्टी सत्ता से पूरी तरह से बेदखल रहेगी।मौके पर कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कौनगाड़ी, शिला देवी, पतरस एक्का सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

**लीड्स संस्था के तत्वावधान में स्वच्छ ऊर्जा समाधान पर कार्यशाला**

## पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी गई




**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** शुक्रवार को जलडेगा प्रखंड के जलडेगा पंचायत सभागार में लीड्स संस्था ने यूरोपियन यूनियन के सहयोग से रेस परियोजना के अन्तर्गत प्रखण्ड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सिमडेगा जिला के परियोजना प्रबंधक कृष्णा महतो के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया एवं परियोजना के उद्देश्य को पूरे विस्तार पूर्वक बताया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को स्वच्छ ऊर्जा आधारित सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे कुसुम योजना, उज्ज्वला योजना, पर्यावरण संरक्षण संबंधित जानकारी भी दी गई। एलईडी बल्ब और धुंआ रहित चूल्हा निर्माण एवं मरम्मती के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। प्रखण्ड समन्वयक रितेश भगत द्वारा 4 साल के उपलब्धियों को बताया वहीं लीड्स के प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक आलोक कुमार ने परियोजना को सराहा एवं अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम को एफपीओ जलडेगा के सोनू सिंह ने भी संबोधन किया और उपस्थित प्रतिभागियों को मडुआ खेती करने के लिए बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में लीड्स संस्था के सामुदायिक उतप्रेरक दिलराज नायक, अविनाश नायक, कलिंद्र प्रधान मनोज बिंझिया का अहम योगदान रहा।

## न्यूज बॉक्स

### कोलेबिरा नवटोली लोहा पुल के पास ट्रक व कार में टक्कर वाहन हुआ क्षतिग्रस्त



**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 143 नवाटोली स्थित लोहा पुल के समीप ट्रक और कार के बीच आमने-सामने हुई भिड़ंत से कार चालक बाल बाल बचा। मिली जानकारी अनुसार एक बलेनो कार जिसका नंबर जेएच 03 एस 2788 रांची से सिमडेगा की ओर जा रही थी। वही विपरीत दिशा सिमडेगा की ओर से आ रही ट्रक से कोलेबिरा नवा टोली के पास लोहा पुल के समीप दोनो गाड़ियों के बीच आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परकच्चे उड़ गए। कार के एयर बैग खुलने से कार चालक विनोद टोपनो बाल बाल बच गया। दोनों गाड़ियों के टक्कर के बाद सड़क के दोनों और जाम से गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई। घटना की जानकारी मिलने पर तुरंत कोलेबिरा थाना के सब इंस्पेक्टर महेंद्र कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और जाम में खड़ी गाड़ियों को वहां से निकलवाया और आवागमन सुचारू करवाया। इस दुर्घटना में कार चालक को हल्की चोटें आई हैं।

### अवैध बालू खनन कर रहे ट्रैक्टर को सीओ ने जब्त कर थाना के सुपुर्द किया



**जलडेगा।** शुक्रवार को जलडेगा अंचल अधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान ओडगा ओपी क्षेत्र के अनई में अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को पकड़कर ओडगा ओपी थाना को सुपुर्द कर दिया। इस संबध में अंचल अधिकारी ने बताया कि बालू लदे ट्रैक्टर को देखकर ड्राइवर से कागजात की मांग की गई, ड्राइवर के पास किसी प्रकार का कोई कागजात नहीं दिखाने पर ट्रैक्टर को ओड़गा ओपी को सुपुर्द कर कर अग्रेतर कार्रवाई के लिये जिला खनन पदाधिकारी को पत्र लिखा गया।

### बानो में दिव्यांगता जांच शिविर 10 को

**बानो।** प्रखंड संसाधन केंद्र बानो में आगामी 10 जून को दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया गया है।शिविर में 6 से 18 वर्ष के दिबयाँग बच्चों की जांच की जाएगी ।जाँच के उन्हें निशुल्क ह्वील चेयर ,ट्राइसाइकिल,बैसाखी ,हियरिंग,अन्य सामग्रियों का वितरण किया जाएगा।कार्यक्रम को लेकरथेरेपिस्ट बाल गोबिंद पटेल ने बताया कि समग्र शिक्षा अभियान सिमडेगा के समावेशी शिक्षा के तहत यह दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया गया है।उन्होंने इस जांच शिविर में अधिक से अधिक दिव्यांग बच्चों का जांच करा कर लाभ लेने की बात कही है कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये सभी मुखिया ,शिक्षकों,अभिभावकों से अपील की गई हैं कि समय पर शिविर में भाग लेकर लाभ लें।

### खबर का असर : सड़क पर नाली का गंदा पानी बहाने वालों को सीओ का नोटिस,दो दिनों के अंदर पानी रोकने का निर्देश



जलडेगा। लचरागढ़ मेन रोड पेट्रोल पंप के पास की बदहाली पर प्रखंड प्रशासन ने गंभीरता दिखाई है। अंचल अधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने कहा कि मामला संज्ञान में आने के बाद राजस्व उप निरीक्षक उमेश ठाकुर और अंचल अमीन सितारे को भेजकर ऐसे गृह स्वामियों को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया था। जिनके घरों का पानी सड़क पर आ रहा है। राजस्व उप निरीक्षक और अंचल अमीन के रिपोर्ट के बाद जलडेगा के पन्नालाल साहू, बसंत साहु, विश्वनाथ साहु, राजू साहु, संदीप साहु, अशोक साहू, रामावतार अग्रवाल आदि कई लोगों को सड़कों पर नाली का गंदा पानी बहाने के मामले पर नोटिस दिया गया है। नोटिस के जरिए चिन्हित गृह स्वामियों को दो दिनों के अंदर अपने अपने घर का गंदा पानी मुख्य सड़क पर बहने से रोकने का निदेश दिया गया है। यही नहीं नोटिस के जरिए ये भी कहा गया है कि निदेश का पालन नहीं करने पर गृह स्वामियों के उपर कानूनी कारवाई भी की जायेगी। सीओ ने स्पष्ट किया है कि, सड़क पर गंदा पानी बहाना कानूनन अपराध है। इससे ना सिर्फ सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है। बल्कि, दुर्घटनाओं की भी आशंका बनी रह रही है।

**गोरारजोर मंडली में हुआ मोरियाह शालोंम गिरजाघर का पवित्र संस्कार समारोह**

# बिशप की अगुवाई में धर्मविधि के साथ हुआ गिरजाघर का संस्कार



**प्रभु से निकटता बढ़ाने की जगह है गिरजाघर : एनोस**

कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि गिरजाघर आने से प्रभु से निकटता बढ़ती है। साथ ही साथ उनके वचन को सीख कर अपने दायित्व को निर्वाह करने की शिक्षा मिलती है। उन्होंने कहा कि लोगों के जीवन में मसीह जैसे गुणों को विकसित करने और समाज को बेहतर और शांतिपुर्ण बनाने के लिए प्रतिदिन गिरजाघर जाना जरुरी है। उन्होंने कहा कि गिरजाघर परमेश्वर का निवास स्थान है और गिरजाघर जाने से अध्यात्मिक और आत्मिक शांति की प्राप्ति होती है।

**नवीन मेल संवाददाता। केरसई** नॉर्थ वेस्टर्न चर्च गोरारजोर मंडली के द्वारा मोरियाह शालोंम गिरजाघर का पवित्र संस्कार समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रुप से बिशप निस्तार कुजूर सहित कई धर्मगुरु और पूर्व मंत्री एनोस एक्का, संदेश एक्का आदि उपस्थित थे। मौके पर धर्म विधि के साथ पवित्र गिरजाघर का संस्कार किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। संस्कार समारोह को संबोधित करते हुए बिशप निस्तार कुजूर ने कहा कि कि गिरजाघर कोई भवन या इट पत्थर का बना भौतिक जगह नहीं है। यह परमेश्वर के परिवार के लोगों का समूह है, परमेश्वर के निवास के लिए गिरजाघर उनके घर की तरह है। उन्होंने कहा कि गिरजाघर में प्रभु की उपस्थिति में उनके वचन को सीखने और अध्यात्मिक सुख प्राप्त किया जाता है।

### अवैध शराब के विरुद्ध उकौली में पुलिस ने चलाया अभियान

**बानो।** शुक्रवार को बानो थाना क्षेत्र के ग्राम उकौली में अवैध महुआ शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया।छापेमारी में लगभग 50 किलो महुआ जावा तथा 10 लीटर महुआ शराब जब्त करते हुए नष्ट कर दिया गया । एसआई अक्षयवर राम ने ग्रामीणों को चेतावनी देते कहा कि अगली बार अवैध शराब बनाते हुए पकड़े जाने पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी ।उन्होंने ग्रामीणों से अपील किया कि शराब निर्माण बंद करें।गाँव में रहकर मुर्गी पालन, बकरी पालन कर अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं। बानो प्रखंड जंगलों पहाड़ो के बीच है।बकरियों के लिये अच्छी चारागाह उपलब्ध है।

# जहरीले सांप के काटने से 14 वर्षीय किशोरी की हुई मौत, मां का इलाज जारी



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग** केरसई थाना क्षेत्र के कोनजोबा पंचायत के बगई गांव में बीती रात सर्प दंश से 14 वर्ष की किशोरी की सिमडेगा सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में मौत हो गई जबकि उसकी मां का इलाज चल रहा है। मृतिका की पहचान सैलानी केरकेट्टा जेवियर केरकेट्टा के रूप में हुई एवं उसकी मां अंजना केरकेट्टा के रूप में हुई । बताया गया कि मां बेटी बीती रात जमीन पर सोई थी इसी बीच रात लगभग 12:00 बजे सर्प दंश का शिकार हो गई। घर वाले झाड़ फुक के चक्कर में रात अस्पताल नही लाये स्थिति गंभीर होने पर शुक्रवार को लगभग 8 बजे परिजन कुरडेग अस्पताल लाये। जहाँ डॉ प्रशान्त कुमार बारीक और डॉ अभिनव के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए सिमडेगा रेफर कर दिये। चिकित्सकों ने बताया कि बच्ची की स्थिति बहुत ज्यादा गंभीर है। जबकि मां को भी सांप काटा था जिसकी वजह से उसकी भी स्थिति नाजुक बनी हुई थी, परिवार वाले उसे तुरंत सिमडेगा सदर अस्पताल लाए जहां पर इलाज के क्रम में डॉक्टर ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया जबकि उसकी मां का इलाज सिमडेगा सदर अस्पताल में चल रही है डॉक्टर ने कहा कि झाड़ फूंक के चक्कर में ना पड़ कर समय पर अस्पताल लाने से किशोरी की जान बच सकती थी, लेकिन कहीं ना कहीं अंधविश्वास की वजह से उसकी मौत हो गई ।

## एक नजर

### शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में सिगरेट या किसी अन्य तंबाकू पदार्थ की बिक्री पर रोक

**गिरिडीह ।** कोटपा एक्ट के तहत किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में सिगरेट या किसी अन्य तंबाकू पदार्थ की बिक्री पर रोक है। इसे देखते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी डुमरी, गिरिडीह द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए डुमरी, अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी निजी एवं सरकारी स्कूल, महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय के 100 गज की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गई है। आदेश दिया गया कि कोई भी व्यक्ति सिगरेट या अन्य तंबाकू उत्पाद नहीं बचेगा, बिक्री के लिए पेश नहीं करेगा तथा बिक्री की अनुमति नहीं देगा। यह निषेधाज्ञा अगले 60 दिनों के लिए प्रभावी रहेगी।

### धनबाद में स्कूल कॉलेजों के पास तंबाकू की बिक्री पर रोक

**धनबाद।** धनबाद जिला प्रशासन ने अनुमंडल क्षेत्र के सभी निजी व सरकारी स्कूलों, कॉलेजों व विश्वविद्यालय कैंपस के आसपास तंबाकू की बिक्री पर रोक लगा दी. इसके साथ ही परिसर के 100 गज के दायरे में धारा-144 लगा दी गई. धनबाद के एसडीओ उदय रजक ने इससे संबंधित आदेश शुक्रवार को जारी किया है. निषेधाज्ञा अगले 60 दिनों तक लागू रहेगी. एसडीओ ने बताया कि कैंपस के आसपास तंबाकू बेचते पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### गिरते लिंगानुपात को रोकना सामूहिक जिम्मेदारी

**बोकारा।** चिकित्सा, स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग की ओर से पीसीपीएनडीटी अधिनियम पर शुक्रवार को बोकारो के कैंप टू स्थित न्याय सदन सभागार में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ. कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए डीसी विजया जाधव ने कहा कि जिले में गिरते लिंगानुपात को रोकना हम सभी की सामूहिक जिम्मेवारी है. कन्या भ्रूण हत्या और गिरते लिंगानुपात को रोकने के लिए संबंधित एक्ट को सख्ती से लागू करने की जरूरत है. कहा कि मुखबिर योजना के तहत लिंग परीक्षण करने वाले सेंटरों की जानकारी देने वालों को एक लाख रुपये इनाम दिया जाएगा।

### 11 हाथियों का झुंड किरीबुरु शहर के करीब पहुंचा

**किरीबुरु।** किरीबुरु-हिलटॉप मुख्य मार्ग पर सारंडा जंगल से 11 हाथियों के झुंड गुजरने के बाद किरीबुरु, मेघाहातुबुरु एवं हिलटॉप जैसे सेल के आवासीय एवं सारंडा के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में भय व्याप्त हो गया है. यह हाथी का झुंड उक्त मार्ग पर पुरानी मैगजीन के समीप सड़क को शाम लगभग साढे.छह बजे पार किया. जब हाथी सड़क पार कर रहे थे, तभी किरीबुरु से भुवनेश्वर जाने वाली बस यात्रियों को लेकर गुजर रही थी. बस में सवार लोगों ने हाथियों को गुजरते देखा तथा बस को चालक ने कुछ देर के लिये रोक दिया था।

## शिलाडीह आरईओ सड़क की हालत नारकीय

# हल्की बारिश में सड़क बन जाती है तालाब



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड के महत्वपूर्ण शिलाडीह - बनवारी आरईओ सड़क इन दिनों हादसों को आमंत्रित कर रहा है। सड़क में खतरों से खेलते हुए वाहन चालक सवारी को लेकर चलते हैं। बारिश में सड़क की हालत नारकीय हो जाती है। यह शिलाडीह पंचायत का मुख्य मार्ग है। इस मार्ग पर करीब हजारों लोग प्रति दिन आवागमन करते हैं। बरसात आते ही सड़क तालाब व कीचड़ में तब्दील हो जाती है । स्थानीय लोगों ने बताया कि यह सड़क करीब 30 वर्ष पहले आरईओ विभाग से पक्की सड़क बनी थी । परन्तु कालखंड में आजतक इसकी मरम्मत नहीं होने से बड़े बड़े गड्ढे बन गए हैं। जबकि प्रखंड के लगभग सभी सड़को का मरम्मती व सुदृढ़ीकरण किया गया लेकिन इस ग्रामीण पथ के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है । यह पथ प्रशासनिक महकमा और जनप्रतिनिधियों के उदासीन रवैये का दंश झेल रहा है।वहीं लोंगो ने सड़क किनारे चाहरदिवारी और अतिक्रमण करने के कारण पानी निकासी को पुरी तरह से अवरुद्ध कर रखा है। सड़क किनारे नाली नहीं होने से घरों का पानी भी सड़क पर ही बहता रहता है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क की मरम्मत नहीं होने और जनप्रतिनिधियों की बेरुखी से अब यह कच्ची सड़क के रूप में तब्दील हो गई है। सड़क में दर्जनों बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं।जिससे सड़क की सूरत ही बिगड़ गई है। कई जगह सड़क के बीच गड्ढों में पानी जमा रहता है। गड्ढों व कीचड़युक्त सड़क राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। आये दिन बाइक सवार गिरकर चोटिल होते है।सड़क में जमा पानी नही निकलने से लोगो का जीना मुहाल हो गया है।इस समस्या से निजात के लिए ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधि व अधिकारी से कई बार गुहार लगाई है।पर समस्या से अवगत होने के बाद भी अब तक संज्ञान नही लिया गया। स्थानीय स्तर पर ग्रामीण सड़क बीच बने गड्ढे में मिट्टी मोरम और डस्ट भरवाकर किसी तरह परेशानी को कम करने की नाकामयाब कोशिश करते हैं। ग्रामीणों के मुताबिक आगामी विधानसभा चुनाव में यह हमारी प्रमुख मांग रहेगी।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में प्रबोधन का आयोजन

**हजारीबाग।** कुम्हार टोली स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शुक्रवार को संस्कृत भारती झारखंड की ओर से आयोजित सात दिवसीय भाषा प्रबोधन वर्ग के पंचम दिवस का शुभारंभ पूर्व विभाग सेवा प्रमुख हजारीबाग ओमप्रकाश वर्मा ने किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए संस्कृत का प्रचार प्रसार वर्तमान समय में बहुत ही आवश्यक है. इस प्रशिक्षण शिविर में सैकड़ों छात्रों को संस्कृत को संभाषण शैली में सहज रूप से सिखाया जा रहा है. मंच का संचालन संस्कृत भारती झारखंड के प्रांत मंत्री डॉ. दीपचंद कश्यप ने किया. साथ में वर्गाधिकारी के रूप में डॉ. श्रीहरि पाण्डेय भी उपस्थित थे. ज्ञातव्य है कि इस वर्ग में लगभग 200 शिक्षार्थी प्रशिक्षण ले रहे हैं. इस अवसर पर पृथ्वीराज सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, डॉ. सुबोध साहू, ज्ञानेश मिश्र, डॉ. विनय कुमार, रामचंद्र उपाध्याय, डॉ.राहुल कुमार, प्रवीण कुमार, जगदंबा प्रसाद सिंह, गोपाल कुमार, सुधांशु कुमार शर्मा, धर्मवीर आर्य आदि प्रशिक्षक तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## फंदे से झूलता मिला युवक का शव, आत्महत्या के कारणों को तलाश रही है पुलिस

# लाखों के पैकेज पर कर रहा था नौकरी



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** नगर थाना क्षेत्र के मकतपुर लोहार गली के रहने वाले 24 वर्षीय चंद्रजीत सिंह वाधवा का शव शुक्रवार दोपहर को उसके घर में फंदे से लटका हुआ मिला। मृतक के पास से एक सुसाइड नोट मिला है । जिसमें उसने खुद ही अपनी जीवनलीला समाप्त करने की बात लिखी है। बताया जाता है कि लगातार फोन नहीं उठाने पर मृतक के नाना ने नगर थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद पुलिस जवानों के साथ मकतपुर स्थित लोहार गली रोड स्थित? मृतक के आवास पहुंचे और स्थानीय लोगों की मौजूदगी में घर के मुख्य द्वार को तोड़ कर अंदर गए तो शव को फंदे से झूलता पाया। पुलिस को देखने के बाद मृतक के पड़ोसी व अन्य रिश्तेदार भी उसके घर पहुंचे। पुलिस ने रिश्तेदारों के सहयोग से शव को नीचे उतारा और उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस दौरान जांच करने के पर मृतक के जेब से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ। जिसमें चंद्रजीत ने अपने इच्छा से आत्महत्या की बात लिखी थी, लेकिन आत्महत्या का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक खुद भी प्राइवेट में लाखों रुपए के पैकेज पर नौकरी कर रहा था। जानकारी के अनुसार मृतक कोलकाता में अपनी मां के साथ रहता था। जबकि मृतक के पिता गुरुनाम सिंह की मौत डेढ़ माह पहले ही हुई थी। पिता की मौत के बाद वो कोलकाता अपनी मां के इलाज के लिए गया हुआ था और वहीं रहता था। परिजनों के अनुसार तीन दिन पहले ही चंद्रजीत अपने पुश्तैनी घर गिरिडीह आया हुआ था।

## डीसी ने की राजस्व, निबंधन समेत कई विभागों की समीक्षा

# लंबित मामलों को तेजी से निपटाएं अधिकारी : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो** बोकारो की डीसी विजया जाधव ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में राजस्व, निबंधन, भूमि सुधार समेत कई विभागों की समीक्षा बैठक की. उन्होंने अधिकारियों को लंबित मामलों को तेजी से निबटाने का निर्देश दिया. राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान डीसी ने ई-कोर्ट की अद्यतन स्थिति, दाखिल खारिज, लगान की वसूली, अवैध जमाबंदी, दाखिल खारिज, जमीन की मापी की स्थिति, भूमिहीन की बंदोबस्ती, आवास निर्माण, एनएचएआई से सबंधित भूमि आवंटन आदि की स्थिति की जानकारी ली. लंबित वादों को सुलझाने और प्रभावित पक्षों को समय पर न्याय दिलाने के लिए मामलों को निपटाने में तेजी लाने पर जोर दिया. समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, डीटीओ वंदना शेजवलकर, जिला कल्याण पदाधिकारी नीली सरोज कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, सभी अंचलाधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## प्रवासी मजदूर का शव मुंबई से राजमनिया गांव पहुंचा

# परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल, शोक में डूबा गांव

**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी/ गिरीडीह** बिरनी थाना अंतर्गत राजमनिया गांव के निवासी बांधो साव के 42 वर्षीय पुत्र प्रकाश साव का निधन हृदय गति रुकने से मौत हो गई। शुक्रवार पार्थिव शरीर राजमनिया गांव पहुंचने की सूचना पाकर बगोदर के पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो उनके निवास स्थान राजमानिया पहुंचकर अंतिम क्रिया में शामिल होकर शोक संतप्त परिवारजनों से भेंट कर गहरा दुख जताते हुए परिजनों का हिम्मत बंधाया. साथ ही तत्काल पूर्व विधायक ने श्रम अधीक्षक गिरिडीह से फोन से वार्ता कर श्रम विभाग की ओर से प्रक्रिया के तहत मिलने वाले मुआवजा राशी देने की बात कही. साथ ही हर संभव मदद का भरोसा दिया. प्रकाश साव मुम्बई में बीते कई वर्षों से रोजी रोटी के लिए



कार्य करता था . मौत की खबर सुनते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक का शव शुक्रवार को उसके गांव पहुंचा. इस दौरान हजारों संख्या में आस-पास के लोग पहुंचे. परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है . मृतक अपने पीछे पत्नी दो पुत्री एक पुत्र को छोड़ गया. इस दुख की घडी में जिप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव,,मुखिया मुकेश यादव, सांसद प्रतिनिधि सूरज कुमार मोदी , भाजपा महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष आरती देवी, ग्रामीण महेश प्रसाद यादव,बिरेंद्र मोदी, संजय साव, भोला साव, नारायण साव, हेमलाल साव, प्रकाश साव, विभीषण साव, लक्ष्मण साव, महेन्द्र साव, विजय मोदी, जगदीश मोदी सहित अन्य पार्टी दल नेता लोग मौजूद रहें।

## सुरुंगा में दूसरे दिन भी पुलिसे ने की छापेमारी अवैध खनन वाले मुहानों की हुई भराई



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** अलकडीहा ओपी क्षेत्र के सुरुंगा में दूसरे दिन शुक्रवार को भी सीआईएसएफ व पुलिस की छापामारी जारी रही. इस दौरान बीसीसीएल के अधिकारियों, सीआईएसएफ व अलकडीहा पुलिस की मौजूदगी में अवैध उत्खनन स्थल की भराई कराई गई. कोयला तस्करी के खिलाफ लगातार कार्रवाई होने से तस्कर और कोयला चोर कहीं नहीं दिखे. तस्करों मे हड़कंप मचा है. बताया गया कि सुरुंगा में अवैध कोयला उत्खनन की सूचना किसी ने जिला खनन पदाधिकारी बीबी प्रमाणिक को दी थी. उसी के आधार पर गुरुवार को भी छपामारी की गईं थी. लेकिन कोयला चोर और तस्कर भाग खड़े हुए थे. गुरुवार को दो मुहनों की, जबकि शुक्रवार को एक मुहाने की भराई कराई गई. ज्ञात हो कि जिनागोड़ा लाइन के पास सेठ कोठी और गुड़गुड़िया स्थानों पर भी अवैध उत्खनन जारी है।


### जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी

**मत्स्य बीज उत्पादकों हेतु स्पॉन वितरण की सूचना**

खूँटी जिला अंतर्गत वैसे मत्स्य बीज उत्पादकों / मत्स्य पालकों को सूचित किया जाता है कि जो वित्तीय वर्ष 2024–25 में मत्स्य बीज उत्पादन का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर लिए हैं एवं उनके तालाब में पानी पर्याप्त मात्रा में है, उनके लिए मत्स्य स्पॉन 90 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध हो रहा है।

मत्स्य स्पॉन प्राप्त करने हेतु इच्छुक लाभुक अपने तालाब का विवरणी यथा तालाब का क्षेत्रफल, तालाब का GPS फोटो, आधार कार्ड, प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र, मत्स्य पालकों को मोबाईल रिचार्ज हेतु वर्त्तमान बैंक पासबुक का अद्यतन (Updated) छाया प्रति / अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र का छाया प्रति आवेदन पत्र के साथ विज्ञापन प्रकाशन के 10 दिनों के अन्दर जिला मत्स्य कार्यालय खूँटी में जमा करें। आवेदन पत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है। विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में संम्पर्क कर सकते है।

(पानी है अनमोल खजाना, मछली पालन भूल न जाना)

जिला मत्स्य पदाधिकारी, खूँटी

PR 325298Fish(24-25)#D


## जिला शिक्षा पदाधिकारी व जिला शिक्षा अधीक्षक की अध्यक्षता में हुई बैठक

# सुब्रतो राय फुटबॉल टूर्नामेंट की समीक्षा कर दिए गए आवश्यक निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक की अध्यक्षता में सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं खेल शिक्षक के साथ समाहरणालय सभागार कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से सुब्रतो राय फुटबॉल टूर्नामेंट की समीक्षा की गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। 8 से 9 जून तक विद्यालय स्तर पर खेल का आयोजन किया जाना है एवं टीम तैयार कर खिलाड़ियों की सूची प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराई जायेगी। प्रतिस्पर्धा दो समूह के लिए अलग-अलग होगी अंडर 15 में वैसे बच्चे भाग लेंगे जिनकी आयु 1 जनवरी 2010 के बाद की एवं अंदर 17 में भाग लेने वाले बच्चों की आयु सीमा 1 जनवरी 2008 से 1 जनवरी 2010 तक की हो। प्रखंड स्तरीय टूर्नामेंट में आवश्यक सुविधाएं जैसे ग्राउंड तैयार करना,मार्किंग करना, मेडिकल किट की व्यवस्था, मेडिकल टीम, नींबू पानी डफ्र इत्यादि की समूचित व्यवस्था की जानी है। यदि भाग लेने वाले टीम की संख्या ज्यादा हो तो दो-तीन अलग-अलग ग्राउंड में मैच कराया जा सकता है। बच्चों को बैठने के लिए शेड की व्यवस्था की जाए एवं विजेता एवं उपविजेता के लिए प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार ट्रॉफी, मेडल इत्यादि की व्यवस्था की जानी है। 1 दिन में जितना मैच संभव हो उतनी ही टीम को बुलाया जाए और फिर अगले दिन अन्य टीम को बुलाया जा सकता है। बैठक में ट्रांजिशन रेट पर चर्चा की गई जिसके लिए विस्तृत दिशा निर्देश उपलब्ध कराया गया है। प्रत्येक कक्षा में विगत साल के नामांकित बच्चों को इस वर्ष अगली कक्षा में शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाना है। विशेष रूप से कक्षा 5 से 6 कक्षा 8 से 9 एवं कक्षा 10 से 11 में ट्रांजिशन सुनिश्चित किया है। इसके लिए संकुल स्तर पर या प्रखंड स्तर पर प्राथमिक कक्षा , उच्च प्राथमिक कक्षा एवं माध्यमिक कक्षा के प्रधानाध्यापक का समन्वय आवश्यक होगा।

## पूर्व एसएसपी व डीएसपी के खिलाफ ऑनलाइन प्राथमिकी, अरूप ने कहा

# सड़क दुर्घटना में सिख पंथ के कविशर जसबीर सिंह मत्तेवाल समेत तीन की मौत



**जमशेदपुर।** उत्तर प्रदेश में फतेहपुर के पास शुक्रवार को खागा नामक स्थान पर भीषण सड़क दुर्घटना में जमशेदपुर के जानेमाने कविशर जसबीर सिंह मत्तेवाल समेत तीन लोगों की मौत हो गई. मृतकों में उनके दामाद हरचरण सिंह और उनके साथी तरसिका गांव निवासी गुरप्रीत सिंह शामिल हैं. घटना सुबह करीब 11 बजे की बतायी जाती है. वह अपनी कार (जेएच05सीएल झ 2674) से कोलकाता में आयोजित शहीदी दिहाड़े के एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे. बताया जाता है कि घटना के 15-20 मिनट पूर्व ही जसबीर मत्तेवाल की शहर के गुरचरण सिंह बिल्ला से बात हुई थी. जब यह घटना हुई तो वहां की पुलिस ने उन्हें ही यह दुःखद सूचना दी. सूचना मिलते ही कविशर जसबीर मत्तेवाल को चाहने वालों में शोक की लहर दौड़ पड़ी. उनके टिनप्लेट 10 नंबर बस्ती स्थित पूर्व के आवास से लेकर पूरे शहर में मातम पसर गया. बिल्ला अविलंब घटनास्थल के लिए रवाना हो गए. नेशनल हाईवे पर मत्तेवाल का बेटा था. उसे भी बुलाया गया और उससे बातों को छुपाते हुए बिल्ला निकल गए.

### दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर शव के साथ थाना के सामने प्रदर्शन

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड अंतर्गत कोवाली थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर की चपेट में आकर 8 वर्षीय शिवराज मंडल की मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है. शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव को कोवाली थाना के सामने रखकर दोषियों पर कारवाई की मांग की. इस दौरान कोवाली थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने परिजनों एवं स्थानीय लोगों को काफी समझाया. थाना प्रभारी ने परिजनों से कहा कि उन्होंने प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है. दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. बच्चे के पिता सह ग्राम प्रधान विधान मंडल ने कहा कि अब तक न तो ट्रैक्टर की बरामदगी हुई है और न ही दोषियों पर कोई कार्रवाई हुई है. जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती है, तब तक शव को थाना के बाहर रखकर बैठे रहेंगे. बता दें कि गुरुवार दोपहर शिवराज अपने घर के शौचालय की दीवार के बाहर चल रहे काम को देख रहा था.

## बढ़ी बात

## पाकुड़ यार्ड में आपस में भिड़े रेलकर्मी

# जमकर हुई मारपीट, जीआरपी में की गई शिकायत



**नवीन मेल संवाददाता। पाकुड़** यार्ड में कार्य के दौरान रेलकर्मी आपस में भिड़ गए और जमकर मारपीट की। मारपीट के बाद दो पक्ष एक दूसरे पर मारपीट करने एवं कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। सूचना मिलते ही आरपीएफ एवं जीआरपी के अधिकारी और जवान पहुंचे और मामले को शांत कराया और घटना की लिखित शिकायत देने की बात कही। मिली जानकारी के मुताबिक यार्ड में रैक को आगे पीछे करने के दौरान रेड सिग्नल को टच करने को लेकर कैरेज एंड वेगन के कर्मी एवं लोको पायलट, गार्ड के साथ पहले कहासुनी हुई और बात इतनी बढ़ गई कि मारपीट होने लगी. घटना को लेकर लोको पायलट सहित अन्य ने जीआरपी थाने में लिखित शिकायत की है तो दूसरे पक्ष कैरेज एन्ड वेगन के कर्मी ने भी लोको पायलट के खिलाफ लिखित दी है. मारपीट की घटित घटना को लेकर लोको पायलट विपिन कुमार ने बताया कि रैक को रेडी करने के लिए मारसलिंग टू में रेडी करने के लिए पेपर दिया गया और इस दौरान गार्ड की मदद से गाड़ी को आगे पीछे किया गया, जबकि इससे पहले हॉर्न दिया गया था, लेकिन गाड़ी को रोकते ही 10 से 15 कैरेज एण्ड वेगन के कर्मी लोहे की रॉड लेकर आए और गाली गलौज करते हुए जानलेवा हमला कर दिया.

वहीं लगाए गए आरोप को लेकर कैरेज एंड वेगन के कर्मी दीपक कुमार राम ने बताया कि लोको पायलट की लापरवाही के चलते आज कार्य मे जुटे चार कर्मी बाल बाल बच गए. जब लोको को बताया गया कि इस तरह की लापरवाही नहीं करनी है तो वे आक्रोशित हो गए. उन्होंने कहा कि कैरेज एंड वेगन के कर्मियों द्वारा किसी के साथ मारपीट नहीं की गई है, बल्कि उनके द्वारा कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार किया गया है।


### कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़।

**आम सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024–25 का होल्डिंग टैक्स 30 जून, 2024 के पहले जमा करने पर करदाताओं के कर (वर्तमान वित्तीय वर्ष) में अधिकतम 15 % तक की छूट देय है, जो निम्न प्रकार है:–

झारखण्ड नगरपालिका सम्पत्ति कर नियमावली 2022 में प्राधानित विशेष छूट
- कर संग्रहकर्त्ता को घर पर बुलाकर भुगतान करने पर करदाताओं के 5% की छूट
- स्वयं कार्यालय में आकर कर भुगतान करने पर अतिरिक्त 2.5% की छूट
- ऑनलाइन माध्यम से कर भुगतान करने पर अतिरिक्त 5% की छूट

इसके अतिरिक्त छूट जो निम्न प्रकार है:–

- झारखण्ड राज्य की महिलाओं, वरिष्ठ नागरिक, विकलांग, किन्नर, भारतीय सेना (जल, थल, वायु) में काम करने वालों को 5% की अतिरिक्त छूट
- 350 वर्ग फीट तक के भवन धृति कर से मुक्त रहेंगे, परन्तु उनका मूल्यांकन किया जायेगा।

- **नोटः छूट केवल शत–प्रतिशत आवासीय धृति के लिए मान्य**

सभी सम्मानित नागरिकों से अपील है कि अपने कर का भुगतान ससमय करते हुए छूट का लाभ उठाएं एवं अपने शहर के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

- **30 जून के उपरांत बकाये टैक्स पर प्रतिमाह 1% की दर से ब्याज देय होगा**

ह०/–
प्रशासक
नगर परिषद, रामगढ़।

PR 325333 (District) 24-25 (D)

**सुप्रभात**
हर नागरिक को यह मुख्य जिम्मेदारी है कि वह महसूस करे कि उसका देश स्वतंत्र है : सरदार वल्लभ भाई पटेल

# जल प्रबंधन में नया प्रयास जल शोधन

**झारखंड** के पलामू सहित अनेक क्षेत्र हैं जो अनावृष्टि के कारण कृषि कार्य ठीक से नहीं कर पाते जबकि अन्य क्षेत्रों में बारिश अच्छी होती भी है तो हम उसका संचय नहीं कर पाते जिससे कृषि ही नहीं पेयजल एक बड़ी समस्या बनती जा रही है और हम बोरिंग पर निजी रूप से तो दशकों पूर्व बने डैम जिनकी सफाई तक नहीं हुई पर निर्भर हैं जिसका जल भंडार भी सीमित है। समय आ गया है कि हम कुशल जल प्रबंधन से पानी की बर्बादी रोकें, वृक्षारोपण करें और जल की बढ़ती मांग के लिए वैकल्पिक उपायों पर विचार करें। अभी भारत अपने शहरों से निकले कुल अपशिष्ट जल के सिर्फ 28 प्रतिशत हिस्से का शोधन करता है। 2021 में उपलब्ध शोधित अपशिष्ट जल का दैनिक बाजार मूल्य 63 करोड़ रुपये आंका गया था। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर की हालिया रिपोर्ट ने पहला शहरी प्रयुक्त जल प्रबंधन सूचकांक सामने रखा है। इसके माध्यम से प्रयुक्त जल प्रबंधन के मामले में 10 राज्यों के 503 शहरी स्थानीय निकायों के प्रदर्शन का आकलन किया गया है। इन राज्यों में आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, मध्य प्रदेश, पंजाब, राजस्थान और पश्चिम बंगाल शामिल हैं, जहां प्रयुक्त जल के पुनः उपयोग की नीति लागू है। यह सूचकांक पांच विषयों-वित्त, बुनियादी ढांचा, कुशलता, प्रशासन, और आंकड़े व सूचना पर शहरी स्थानीय निकायों की एक तुलनात्मक रैंकिंग करता है। हमारा विश्लेषण बताता है कि शुष्क और अर्ध शुष्क क्षेत्रों के पानी की किल्लत का सामना करने वाले राज्यों ने प्रयुक्त जल प्रबंधन के लिए कुछ ठोस कदम उठाए हैं। इसकी वजह से सूचकांक में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। इनमें हरियाणा शीर्ष पर है। इसके बाद कर्नाटक, पंजाब, राजस्थान और गुजरात हैं। शीर्ष प्रदर्शन करने वाले हरियाणा और कर्नाटक जैसे राज्य भी पांच अंकों में से सिर्फ क्रमशः 1.94 व 1.74 अंक ही पा सके। यह दर्शाता है कि पूरे देश में जल सुरक्षा पर उच्च प्राथमिकता के साथ काम करने की आवश्यकता है। शहरी निकायों में अपशिष्ट जल शोधन और उसके पुनः उपयोग की दिशा में पर्याप्त कदम उठाने की जरूरत है। जैसे, सूरत नगर निगम ने 2019 में शोधित अपशिष्ट जल के शोधन और पुनः उपयोग के लिए एक कार्य योजना अपनाई थी, जिसका लक्ष्य 2025 तक 70 प्रतिशत और 2030 तक 100 प्रतिशत पुनः उपयोग स्तर को पाना है। भारत के शहरी स्थानीय निकायों में प्रयुक्त जल प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए कई बातों पर ध्यान दिया जा सकता है। पहला-राज्यस्तरीय व्यापक कार्य योजना बनाने की जरूरत है। इस मामले में हरियाणा से सीखा जा सकता है, जिसने 2014 से 2023 तक 73 नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने के लिए 433 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बनाई है। अभी 10 राज्यों ने ही शोधित प्रयुक्त जल नीति लागू की है। दूसरा-राज्यों को अपनी स्थानीय जरूरतों और मांगों के अनुरूप विशेष उपायों को प्राथमिकता देने की जरूरत है। धान उत्पादक पंजाब ने शोधित अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश को प्राथमिकता दी है। साथ ही कृषि को पुनः उपयोग के प्रमुख क्षेत्र के रूप में चिह्नित किया है। सिंचाई के लिए 5,541 हेक्टेयर क्षेत्र तक शोधित अपशिष्ट जल पहुंचाने के लिए 2020 तक 94 करोड़ रुपये की लागत से 47 परियोजनाएं पूरी कर डाली थीं। तीसरा-राज्यों को प्रयुक्त जल प्रबंधन में एक-दूसरे से सीखने के लिए एक प्लेटफॉर्म बनाने की जरूरत है। यह पहल गुजरात जैसे राज्यों के लिए ज्यादा उपयोगी होगी। यहां के चार शहरी स्थानीय निकाय - सूरत, वडोदरा, राजकोट और जामनगर प्रयुक्त जल प्रबंधन में शीर्ष 10 शहरी निकायों में शामिल हैं, जबकि राज्य पांचवें स्थान पर है, जो राज्य के भीतर विभिन्न शहरी निकायों के प्रदर्शन में अंतर को दिखाता है। शोधित अपशिष्ट जल से व्यापक आर्थिक लाभ की संभावनाएं हैं। उदाहरण के लिए, वर्ष 2021 में उपलब्ध शोधित अपशिष्ट जल को अगर चुनिंदा बागवानी फसलों की सिंचाई के लिए इस्तेमाल किया जाता, तो राष्ट्रीय स्तर पर 966 अरब रुपये का राजस्व पैदा कर सकता था। भारतीय राज्यों और शहरी स्थानीय निकायों के लिए अब समय आ गया है कि वे शोधित अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग को प्राथमिकता दें। यह स्वच्छ जल पर दबाव को घटाने में मददगार होगा, जिसकी कमी से कई भारतीय शहर जूझ रहे हैं। यह शहरी स्थानीय निकायों के लिए राजस्व सृजन के अतिरिक्त विकल्पों को भी खोलेगा। आवश्यकता इस बात की है कि इसके नाम पर लूट का नया इतिहास न लिखा जाए।

विश्व महासागर दिवस पर विशेष

# महासागरों में बढ़ते प्रदूषण को रोकना होगा


रमेश सर्राफ धमोरा



**महासागर** इस दुनिया में मनुष्य के जीवित रहने का एक प्रमुख कारण है। महासागर हमें पीने के लिए पानी और सांस लेने के लिए ताजी हवा प्रदान करता है। इसलिए महासागर प्रदूषण का मुद्दा महत्वपूर्ण है। हम अपने जीवन में बहुत कुछ महासागर पर निर्भर हैं। महासागर प्रदूषण एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है। हमारे महासागरों में कचरा जमा हो रहा है लेकिन सवाल यह है कि कचरा कहां से आ रहा हैं। आज जब विश्व की कुल जनसंख्या का 30 प्रतिशत तटीय क्षेत्रों में निवास करता है तो ऐसी स्थिति में महासागर उनके लिए खाद्य पदार्थों का प्रमुख स्रोत साबित हो सकते हैं। सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण होने के कारण महासागर अत्यंत उपयोगी हैं। पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व यहां उपस्थित वायुमंडल और महासागरों जैसे कुछ विशेष कारकों के कारण ही संभव हो पाया है। अपने आरंभिक काल से आज तक महासागर जीवन के विविध रूपों को संजोए हुए हैं। पृथ्वी के विशाल क्षेत्र में फैले अथाह जल का भंडार होने के साथ ही महासागर अपने अंदर व आसपास अनेक छोटे-छोटे नाजुक पारितंत्रों को पनाह देते हैं, जिससे उन स्थानों पर विभिन्न प्रकार के जीव-जंतु व वनस्पतियां पनपती हैं। वर्तमान में मानवीय गतिविधियों का प्रभाव समुद्रों पर भी दिखाई देने लगा है। महासागरों के तटीय क्षेत्रों में दिनों-दिन प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। जहां तटीय क्षेत्र विशेष कर नदियों के मुहानों पर सूर्य के प्रकाश की पर्याप्तता के कारण अधिक जैव-विविधता वाले क्षेत्रों के रूप में पहचाने जाते थे। वहीं अब इन क्षेत्रों के समुद्री जल में भारी मात्रा में प्रदूषणकारी तत्वों के मिलने से वहां जीवन संकट में हैं। तेलवाहक जहाजों से तेल के रिसाव के कारण एवं समुद्री जल के मटमैला होने पर उसमें सूर्य का प्रकाश गहराई तक नहीं पहुंच पाता है। जिससे वहां जीवन को पनपने में परेशानी होती है और उन स्थानों पर जैव-विविधता भी प्रभावित होती है। हर साल 08 जून को दुनिया भर में विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है। 1987 में ब्रंटलैंड की एक रिपोर्ट में टिप्पणी की गयी थी की विश्व के जो महासागर हैं उन पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसी रिपोर्ट से प्रेरित होकर कनाडा ने विश्व महासागर दिवस मानाने का प्रस्ताव रखा। 1992 में कनाडा के इंटरनेशनल सेंटर फॉर ओशन डेवलपमेंट ने इस दिवस को मानाने का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र के एक सम्मेलन अर्थ समिट में रखा था। 8 जून 2009 को पहला विश्व महासागर दिवस मनाया गया। इसके बाद से प्रतिवर्ष 8 जून को विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है। हर साल विश्व महासागर दिवस के अवसर पर विश्व में महासागर से जुड़े विषयों पर विभिन्न आयोजन किए जाते हैं। जो महासागर के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं के प्रति जागरूकता पैदा करने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। महासागर हमारी पृथ्वी पर न सिर्फ जीवन के प्रतीक है बल्कि पर्यावरण संतुलन में भी प्रमुख भूमिका अदा करते है। पृथ्वी पर जीवन का आरंभ महासागरों से माना जाता है। महासागरो में असीम जैव विविधता का भंडार समाया है। पृथ्वी का लगभग 70 प्रतिशत भाग महासागरों से घिरा है। पृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का लगभग 97 प्रतिशत जल महासागरों में समाया हुआ है। महासागरों की विशालता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यदि पृथ्वी के सभी महासागरों को एक विशाल महासागर मान लिया जाए तो उसकी तुलना में पृथ्वी के सभी महाद्वीप एक छोटे द्वीप से प्रतीत होंगे। महासागर खाद्य पदार्थों का एक प्रमुख स्रोत होने के कारण हमारी अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की मदद से महासागरों से पेट्रोलियम सहित अनेक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधनों को निकाला जा रहा है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन सहित अनेक मौसमी घटनाओं को समझने के लिए समुद्रों का अध्ययन भी महत्वपूर्ण है। पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति महासागरों में ही हुई है। आज भी महासागर जीवन के लिए आवश्यक परिस्थितियों को बनाए रखने में सहायक हैं। महासागर पृथ्वी के एक तिहाई से अधिक क्षेत्र में फैले हैं। इसलिए महासागरीय पारितंत्र में थोड़ा सा परिवर्तन पृथ्वी के समूचे तंत्र को अव्यवस्थित करने का सामर्थ्य रखता है। प्रशांत महासागर पृथ्वी पर सबसे बड़ा महासागर है। पृथ्वी की सतह का यह लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा है। इस महासागर की गहराई 35 हजार फुट और इसका आकार ट्राईगल यानि त्रिभुजाकार है। प्रशांत महासागर में करीब 25,000 द्वीप हैं। अटलांटिक महासागर क्षेत्रफल और विस्तार की दृष्टि से दुनिया का दूसरे सबसे बड़ा महासागर है। इसके पास पृथ्वी का 21 प्रतिशत से अधिक भाग है। अटलांटिक महासागर का आकार अंग्रेजी के 8 की संख्या के जैसा है। इस महासागर की कुछ वनस्पतियां खुद से चमकती हैं क्योंकि यहां सूर्य की रोशनी नहीं पहुंचती। हिंद महासागर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा महासागर है। यह धरती का लगभग 14 प्रतिशत हिस्सा है। हिंद महासागर को रत्नसागर नाम से भी जाना जाता है। हिन्द महासागर इकलौता ऐसा महासागर है जिसका नाम किसी देश के नाम पर रखा गया है। अंटार्कटिका महासागरों में चौथा सबसे बड़ा महासागर है। इस महासागर को ऑस्ट्रल महासागर के नाम से भी जाना जाता है। इस महासागर में आइसबर्ग तैरते हुए देखे जाते हैं। अंटार्कटिका की बर्फीली जमीन के अंदर 400 से भी अधिक झीलें हैं। आर्कटिक महासागर पांच महासागरों में सबसे छोटा और उथला महासागर है। इसे उत्तरी ध्रुवीय महासागर भी कहते हैं। सर्दियों में यह महासागर पूर्णतः समुद्री बर्फ से ढका रहता है। महासागरों में बढ़ता प्रदूषण चिंता का विषय बनता जा रहा है। अरबों टन प्लास्टिक का कचरा हर साल महासागरों में समा जाता है। आसानी से विघटित नहीं होने के कारण यह कचरा महासागरो में जस का तस पड़ा रहता है। अकेले हिंद महासागर में भारतीय उपमहाद्वीप से पहुंचने वाली भारी धातुओं और लवणीय प्रदूषण की मात्रा प्रतिवर्ष करोड़ों टन है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### न इनकी जीत न उनकी हार

**आज** जब चिंतानंद जी मेरे यहाँ आए तो उनका चेहरा ठीक वैसे ही लग रहा था जैसे अधपका पपीता। ना पूरी तरह से हरा न पूरी तरह से पीला। न तो ठीक तरह से खुशी व्यक्त कर पा रहे थे न ही चिंता जाहिर कर पा रहे थे। मैने उनसे आते हीं पूछा, 'क्यों महात्मन,कहाँ से आ रहे हैं? इतने परेशान क्यों नजर आ रहे हैं? सबकुछ ठीक-ठाक है न?' 'अरे भाई, तुम तो टीवी के ऐंकर की तरह सवाल पर सवाल दागे जा रहे हो। थोड़ी सांस तो लेने दो।' चिंतानंद दास जी इन दिनों टीवी रिपोर्टरों से घिरे रहते हैं। इसलिए उन्होंने मेरी तुलना रिपोर्टर से कर दी। मैं भी मजाक करते हुए कहा, 'अच्छी खासी बहुमत लेकर आए हैं। टीवी वाले सवाल तो करेंगे ही। कब सरकार बनाएँगे? सत्ता की मलाई में किस-किस की भागीदारी होगी? 'क्या खाक मलाई खाएँगे! वो खाने दे तब न! वो तो ठान कर बैठा है न खाएँगे न खाने देंगे। उसमें थोड़ी सी भी नैतिकता है ही नहीं।' आप किसकी नैतिकता की बात कर रहे हैं? बड़ा सीना ठोक कर कहते थे, 'अबकी बार चार सौ पार और दो सौ चालीस पर लटक गए, उनकी और किसकी!' मैंने कहा आप भी तो कहते थे, 'सफाचट-सफाचट और सैकड़े पर गए लटक। तो आप इस्तीफा क्यों नहीं दे देते हैं?' 'तुम इस्तीफा की बात कर रहे हो। यहाँ जान पर आफत आई है।' मैंने पूछा, वो कैसे? एक तो सरकार बनने की दूर-दूर तक कोई संभावना नहीं दूसरी ओर आठ हजार रुपए खटाखट खाते में जाने वाली बात गले की हड्डी बन गई है। महिलाएँ पार्टी दफ्तर पर धावा बोल दी हैं। रिपोर्टर सवाल पूछ रहे हैं सो अलग। अब हम जाएँ तो किधर जाएँ। पार्टी दफ्तर छोड़कर भागे-भागे आ रहे हैं।' मैंने फिल्मी गीत गुनगुनाते हुए कहा, 'वादा किया वो निभाना पड़ेगा।' इस पर चिंतानंद जी आग बबूला होकर बोले,'वादे तो बहुत लोग करते हैं कहाँ निभाते हैं? हम तो मात्र आठ हजार का ही वादा किए हैं। कुछ लोग तो पंद्रह लाख गटक कर बैठ गए हैं।' तो इसका मतलब आप उन्हें आठ हजार नहीं देंगे?' हम कहाँ कह रहे हैं कि नहीं देंगे? पर जनता हमें उतना दी कहाँ कि हम उसको दे सकें। मैंने कहा, 'महात्मन, चौवालीस से सीधे सैकड़े पर आ गए। अब जनता आपको कितना दे? जनता तो सबकी है ना। उसे तो सबका ख्याल करना होता है। सत्यनारायण भगवान की कथा की तरह प्रसाद बाँट दी।' 'वही तो दुख की बात है। जनता खुद ही अपना हक लेना नहीं जानती।' वो कैसे? 'अगर जनता हमें दोजख में नहीं डालती तो आज ये हाल नहीं होता।' मैंने कहा, 'कुछ समझा नहीं।' समझाता हूँ, एक होता है जन्नत दूसरा होता है जहन्नुम और दोनों के बीच है दोजख। 'मैने तो सुना था कि भारतीय जनता देती है तो छप्पर फाड़ कर और लेती है तो झाड़ू मार कर। इस बार ऐसा कुछ नहीं की। और नहीं तो कूड़ा दरवाजे पर लाकर छोड़ दी। 'तो फिर उन औरतों का क्या होगा जो आठ हजार रुपए की आस लगाए बैठी है? इस पर चिंतानंद जी ने कहा,' अब देखते रहो बिल्ली के भाग से कब छींका टूटता है? 'मतबल? मतलब, पलटू राम कब पलटी मारते हैं। चंद्रबाबू कब चकमा देते हैं।' 'ऐसे में गरीब महिलाएँ कब तक इंतजार करेंगी? कहीं इंतजार करते-करते पाँच साल और न गुजर जाए।' तो इसमें क्या है अगले चुनाव में हम उनको सोलह हजार खटाखट दे देंगे। इंतजार का फल मीठा होता है। जैसे हम इंतजार कर रहे हैं वो भी इंतजार करें। मैं समझ गया, 'इसीलिए जनता ने आप लोगों को सबक सिखाया है। न इनकी जीत न उनकी हार। साँप-सीढ़ी का खेल खेलते रहिए और बनाते रहिए सरकार।

**डॉ. बिनोद सिंह गहरवार**
**वरीय अंग्रेजी शिक्षक**
**कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल रातू रांची।**

पर्यावरण

# वृक्ष धरती पर ईश्वर के प्रतिनिधि


सुरेश जैन

**दुनिया** के ताकतवर मुल्क अमेरिका में पर्यावरण और जीव विज्ञानियों ने बहुत बार शोध करके यह सिद्ध किया है, वृक्षों में भी महसूस करने और समझने की क्षमता होती है। जैन धर्म भी मानता है, वृक्ष में भी आत्मा होती है, क्योंकि यह संपूर्ण जगत आत्मा का ही खेल है। वृक्ष को काटना अर्थात उसकी हत्या करना है। हरित क्रांति की बात चलती है तो मुझे बरबस भगवान तीर्थंकर महावीर का भावपूर्ण स्मरण आता है। पर्यावरण प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के इस दौर में भगवान महावीर की प्रासंगिकता बढ़ गई है। इसीलिए भगवान महावीर को पर्यावरण पुरुष भी कहा जाता है। अहिंसा विज्ञान को पर्यावरण का विज्ञान भी कहा जाता है। भगवान महावीर मानते थे कि जीव और अजीव की सृष्टि में जो अजीव तत्व है अर्थात मिट्टी, जल, अग्नि, वायु और वनस्पति उन सभी में भी जीव है, अतः इनके अस्तित्व को अस्वीकार मत करो। इनके अस्तित्व को नामंजूर करने का मतलब है, अपनी मौजूदगी को अस्वीकार करना। दृश्य और अदृश्य सभी जीवों का अस्तित्व स्वीकारने वाला ही पर्यावरण और मानव जाति की रक्षा के बारे में सोच सकता है। जैन धर्म में वनस्थली की परम्परा रही है। चेतना जागरण में पीपल, अशोक, बरगद आदि वृक्षों का विशेष योगदान रहा है। ये वृक्ष भरपूर ऑक्सीजन देकर व्यक्ति की चेतना को जागृत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जैन धर्म ने सर्वाधिक पौधों को अपनाए जाने का संदेश दिया है। सभी 24 तीर्थंकरों के अलग-अलग 24 पौधे हैं। भगवान महावीर और भगवान बुद्ध समेत अनेक महापुरुषों ने इन वृक्षों के नीचे बैठकर ही निर्वाण या मोक्ष को पाया है, इसीलिए वृक्ष धरती पर ईश्वर के प्रतिनिधि हैं। अंधाधुंध वृक्षों के कटान से हमारे जंगल कंक्रीट जंगल में तब्दील होते जा रहे हैं। यदि कटान की यह रफ्तार न थमी तो एक दिन ऐसा भी होगा, जब मानव को रेगिस्तान की चिलचिलाती धूप में प्यासा मरना होगा। जंगल से हमारा मौसम नियंत्रित और संचालित होता है। जंगल की ठंडी आबोहवा नहीं होगी तो सोचो धरती आग की तरह जलने लगेगी। इसमें कोई शक नहीं, मनुष्य के मन में लालच की सीमा बढ़ने लगी है। अधिकतम लाभ और धन पाने की इच्छा के वशीभूत होकर वह इन वृक्षों को काटकर इमारती लकड़ियों आदि के रूप में प्रयोग करने लगा है। वृक्षों के बेरोकटोक काटे जाने से पृथ्वी के दुर्लभ जीव-जंतु भी समाप्त हो रहे हैं।
**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

> **पर्यावरण प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के इस दौर में भगवान महावीर की प्रासंगिकता बढ़ गई है। इसीलिए भगवान महावीर को पर्यावरण पुरुष भी कहा जाता है। अहिंसा विज्ञान को पर्यावरण का विज्ञान भी कहा जाता है।**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# आम चुनाव, आयोग और बापू...!


मुकुंद

**देश** लोकतंत्र का महापर्व मनाकर फुरसत हो चुका है। अब नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह को देखने का इंतजार है। इस बार का आम चुनाव कई मायने में खास रहा। सात चरणों में हुए चुनाव के दौरान देश ने अपार गर्मी झेली। मतदाता तेज धूप में नेताओं के भाषण सुनते रहे। चार जून को नतीजे आए। इन नतीजों ने कुछ हद तक चौंकाया भी। पहली बार एग्जिट पोल के अनुमान धराशायी हो गए। जनादेश आने से एक दिन पहले तीन जून को भारत निर्वाचन आयोग ने नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में अपने कीर्तिमान भी गिनाए। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सगर्व कहा कि पहली बार आम चुनाव में 31 करोड़ महिलाओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। इस बार घर से ही वोटिंग करने का भी रिकॉर्ड बना है। साथ ही इस बार चुनाव में 31 करोड़ 20 लाख महिलाओं सहित 64 करोड़ 20 मतदाताओं के हिस्सा लेने के साथ विश्व रिकॉर्ड बना है। यह आंकड़ा जी-7 देशों के मतदाताओं का 1.5 गुना जबकि यूरोपीय संघ के 27 देशों के मतदाताओं का 2.5 गुना है। लोकसभा चुनाव-2024 पर कुमार ने काफी कुछ कहा। उन्होंने कहा कि यह उन आम चुनावों में से एक है, जिसमें हमने हिंसा नहीं देखी। उन्होंने सुखद संदेश दिया कि अब जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। यह सनद किया जाए कि भारत निर्वाचन आयोग ने अठारहवीं लोकसभा के लिए नवनिर्वाचित सदस्यों की सूची राष्ट्रपति को सौंप दी है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त (द्वय) ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू छह जून को शाम साढ़े चार बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने पहुंचे। उन्होंने राष्ट्रपति को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 73 के संदर्भ में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना की एक प्रति सौंपी। इसमें लोकसभा के निर्वाचित सदस्यों के नाम शामिल हैं। इसके बाद तीनों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का आशीर्वाद लेने उनके समाधि स्थल राजघाट पहुंचे। राजघाट पर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद आयोग का बयान आया। उसे केंद्र सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने जारी किया। पीआईबी की वेबसाइट पर आयोग का अविकल बयान-''हम यहां राष्ट्र द्वारा हमें सौंपे गए पवित्र कार्य, 18वीं लोकसभा के आम चुनाव सम्पन्न कराने के बाद राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए खड़े हैं। हम भारत के लोगों की इच्छा को लगभग अहिंसक तरीके से उत्प्रेरित करने के बाद अपने दिल में विनम्रता लिए हुए यहां खड़े हैं।'' ''लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है'', यह वह स्पष्ट प्रतिबद्धता थी जिसके साथ 16 मार्च, 2024 को 18वीं लोकसभा के चुनावों की घोषणा की गई थी। चुनावी प्रक्रिया को हिंसा से मुक्त रखने की इस प्रतिज्ञा के पीछे हमारी प्रेरणा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी थे। उन्होंने इंसान के बीच समानता की वकालत की और सभी के लिए लोकतांत्रिक अधिकारों की वकालत की। महात्मा के विचारों में, वयस्क मताधिकार ''सभी प्रकार के वर्गों की सभी उचित आकांक्षाओं को पूरा करने में सक्षम बनाता है''।
**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

बोधि वृक्ष

## रांची : बोडेया में 356 साल पुराना कृष्ण मंदिर



**आज** से साढ़े तीन सौ साल पहले छोटा नागपुर में ब्राह्मणों की घोर कमी थी। उस वक्त रातू महाराज को पूजा पाठ कराने में ब्राह्मणों की कमी खलती थी। जिसको लेकर रातू महाराजा ने 56 ब्राह्मणों का जत्था यूपी के कनौती से बुलाया और छोटा नागपुर के अलग-अलग हिस्सों में बसाया। इसी में से एक जत्था रांची के बोड़ेया में बसा। लक्ष्मी नारायण तिवारी ने रातू महाराज की सेवा के लिए उन्हें आमंत्रित किया। महाराज ने भी उनके आमंत्रण को स्वीकार करते हुए जागरण में पहुंचे। जिनका सेवा संस्कार के बाद हाथी में सोना लाकर विदाई दिया गया। लेकिन महज हाफ किलोमीटर दूर जाते हैं सोना से लदा हाथी बैठ गया और उठ नहीं पाया। उस वक्त रातू महाराज को ब्राह्मण के द्वारा दिए गए उपहार अशुभ महसूस हुआ तो उन्होंने उपहार को लेने से इनकार कर दिया। जिसके बाद लक्ष्मी नारायण तिवारी ने उस उपहार को बेचकर मंदिर का निर्माण कराया। मंदिर का पूरा निर्माण पथल को उकेरकर की गई है। जो आज भी ज्यो का त्यों अथपित है। **(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

### व्हाट्सएप पर स्क्रीन शेयरिंग का स्टेप-बाय-स्टेप प्रोसेस



**स्क्रीन** शेयरिंग एक ऐसा फीचर है जिसके जरिए आप अपने स्मार्टफोन या कंप्यूटर की स्क्रीन को लाइव दिखा सकते हैं। इसका मतलब यह है कि जो कुछ भी आपकी स्क्रीन पर हो रहा है, उसे आप अपने दोस्तों या सहकर्मियों के साथ रियल टाइम में शेयर कर सकते हैं। व्हाट्सएप आज के समय में एक अत्यंत महत्वपूर्ण संवाद माध्यम बन चुका है। इसके माध्यम से न केवल हम अपने दोस्तों और परिवार के साथ संपर्क में रहते हैं, बल्कि व्यवसायिक कार्यों के लिए भी इसका उपयोग व्यापक रूप से किया जाता है। व्हाट्सएप में समय-समय पर नए फीचर्स जोड़े जाते रहते हैं, जो इसे और अधिक उपयोगी बनाते हैं। ऐसा ही एक नया फीचर है 'स्क्रीन शेयरिंग'। यह फीचर आपको अपनी स्क्रीन को दूसरे व्यक्ति के साथ साझा करने की सुविधा देता है, जिससे आप उन्हें रियल-टाइम में अपनी स्क्रीन पर चल रही गतिविधियों को दिखा सकते हैं। इस लेख में हम जानेंगे कि व्हाट्सएप पर स्क्रीन शेयर कैसे किया जा सकता है, और इसके लिए स्टेप-बाय-स्टेप प्रोसेस क्या है। स्क्रीन शेयरिंग एक ऐसा फीचर है जिसके जरिए आप अपने स्मार्टफोन या कंप्यूटर की स्क्रीन को लाइव दिखा सकते हैं। इसका मतलब यह है कि जो कुछ भी आपकी स्क्रीन पर हो रहा है, उसे आप अपने दोस्तों या सहकर्मियों के साथ रियल टाइम में शेयर कर सकते हैं।
**(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# आज का राशिफल

**मेष** — लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। बिगड़ा कार्य बनेगा।

**वृषभ** — आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मिथुन** — अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। मेहमानों का आगमन होगा। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा।

**कर्क** — श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**सिंह** — धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। अपने काम पर नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। धन लाभ की संभावना।

**तुला** — जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है। अतः वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें।

**धनु** — नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मकर** — धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य में गिरावट से चिंता रहेगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी।

**कुम्भ** — सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं।

**मीन** — आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता है। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति होगी।

## ओडिशा के भुवनेश्वर से दिल्ली आ रही तेजस एक्सप्रेस के एक कोच का पहिया पटरी से उतरा

# गाजियाबाद स्टेशन पर बड़ा हादसा टला, एक घंटे में रिपेयर कर दिल्ली रवाना किया गया


पटरी की मरम्मती का जायजा लेते अधिकारी

एजेंसी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद स्टेशन पर शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा होने से टल गया। भुवनेश्वर से नई दिल्ली आ रही तेजस एक्सप्रेस का एक पहिया पटरी से उतर गया। सूचना मिलते ही तुरंत रेलवे के अधिकारी और इंजीनियर मौके पर पहुंचे और करीब 1 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद इसे रिपेयर कर दिल्ली के लिए रवाना किया। गनीमत यह रही कि यह हादसा गाजियाबाद के स्टेशन पर हुआ, अगर बीच रास्ते में होता तो इसे ठीक कर आगे के गंतव्य के लिए रवाना करने में बहुत ज्यादा समय लगता। गाजियाबाद जंक्शन पर शुक्रवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब ओडिशा के भुवनेश्वर से आ रही तेजस एक्सप्रेस के एक कोच का एक पहिया पटरी से उतर गया। इसकी सूचना मिलते ही ट्रेन को आनन-फानन में रोका गया और गाजियाबाद जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर 4 पर इसकी मरम्मत की गई। कोच के पहिए के पटरी से उतरने के बाद धीरे-धीरे दूसरे कोच के पहिए भी पटरी से बाहर आने लगे थे। गनीमत यह रही की सूचना मिलते ही गाड़ी को तुरंत रोक लिया गया।

## दिल्ली में आप-कांग्रेस की राहें जुदा होने पर शहजाद पूनावाला ने कहा

# अभी निकाह हुआ था, तलाक भी हो गया



एजेंसी

**नई दिल्ली।** आप के नेता गोपाल राय ने गुरुवार को कहा था कि इंडिया गठबंधन महज लोस चुनाव तक ही सीमित था। अब इसका दिल्ली के विस चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है। दिल्ली में आप अकेले ही चुनाव लड़ेगी। इस पर बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला ने तंज कसा है। पूनावाला ने कहा, अभी-अभी तो दिल्ली में 'आप'-कांग्रेस का निकाह हुआ था और अभी तलाक भी हो गया। आप के नेता कह रहे हैं कि अब दिल्ली में इंडी गठबंधन नहीं रहेगा। वो यह बात ऐसे वक्त में कह रहे हैं, जब हाल ही में संपन्न हुए लोस चुनाव में उन्हें जीरो सीट मिली है। लोस चुनाव में मुंह की खाने के बाद अब गोपाल राय कह रहे हैं कि यह रिश्ता यहीं खत्म हुआ। अब दिल्ली विस चुनाव में दोनों के बीच कोई रिश्ता नहीं है। बीजेपी नेता ने आगे कहा, वैसे भी यह मतलब का ही गठबंधन था। दिल्ली में दोस्ती कर रहे थे और पंजाब में कुश्ती। वहीं चंडीगढ़ में मस्ती कर रहे थे। इट वाज द फ्रेंडशिप ऑफ बेनिफिट, जिसका मतलब है कि बेनिफिट खत्म तो फ्रेंडशिप खत्म। वैसे भी कुछ दिनों पहले जो निकाह फरमाया था, वो अब तीन तलाक में खत्म हो गया। अब कांग्रेस पार्टी जैसे पंजाब में आप को भ्रष्टाचारी कहती है, कहती है कि यह उग्रवादियों के साथ है। अब दिल्ली में एक-दूसरे की तारीफ करने वाले एक-दूसरे को गालियां देंगे। यही इंडी अलायंस का चरित्र है। उन्होंने आगे कहा, अब तो यहां तीन तलाक हुआ है। आगे आगे देखिए यह तीन तलाक पश्चिम बंगाल से लेकर केरल तक में होगा। यही इंडी अलायंस का असली चेहरा है। आप और कांग्रेस के बीच हुई नई-नई शादी अब तलाक में तब्दील हो चुकी है। बता दें कि लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन हुआ था। इस गठबंधन के तहत आप ने जहां दिल्ली की चार लोस सीटों पर चुनाव लड़ा था, वहीं कांग्रेस ने तीन सीटों पर, लेकिन दिल्ली की सातों सीट बीजेपी के खाते में आ गई।

### आप से कांग्रेस ने भी तोड़ा गठबंधन अलग लड़ेंगे विधानसभा चुनाव

आप के बाद अब कांग्रेस ने भी 'आप-कांग्रेस' गठबंधन तोड़ने की औपचारिक बात कही है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों ने दिल्ली समेत कुल तीन राज्यों में गठबंधन के अंतर्गत लोकसभा चुनाव लड़ा था। कांग्रेस का कहना है कि आप अब इंडिया गठबंधन में रहना चाहती है या नहीं, इसका जवाब आप ही दे सकती है। कांग्रेस का कहना है कि आम आदमी पार्टी के साथ उनका गठबंधन केवल लोकसभा चुनाव तक के लिए था। कांग्रेस के ऐलान से स्पष्ट हो गया है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप और कांग्रेस एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ते नजर आएंगे। गठबंधन के विषय पर शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि जब दिल्ली में आप के साथ कांग्रेस का गठबंधन बना था, हमने तभी कह दिया था कि यह गठबंधन केवल लोकसभा चुनाव तक के लिए है। गौरतलब है कि दिल्ली में आप और कांग्रेस का गठबंधन होने के बावजूद दोनों पार्टी सभी सातों सीटों पर चुनाव हार गई। दिल्ली की सभी सीटों पर न केवल भाजपा लोकसभा चुनाव जीतने में सफल रही बल्कि उसके उम्मीदवारों को 50 प्रतिशत से अधिक वोट भी हासिल हुए हैं। दोनों पार्टियों के नेता दबी जुबान में यह भी मान रहे हैं कि आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन पूरी तरह से विफल रहा है।

# नीतीश और चंद्रबाबू सबके हैं, कभी आपके तो कभी हमारे : संजय राउत



एजेंसी

**मुंबई।** शिवसेना नेता संजय राउत ने नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ये दोनों ही नेता सभी के हैं। आज आपके हैं, तो कल हमारे होंगे। मोदी सरकार जो भी फैसला लेना चाहती थी, उसका आम लोगों ने विरोध किया। पीएम मोदी कह रहे थे कि अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आई तो मुस्लिमों को आरक्षण देगी। मैं कहना चाहूंगा कि चंद्रबाबू नायडू तो मुस्लिमों को आरक्षण देने के पक्ष में हैं। ऐसे में आप क्या कहना चाहेंगे। अभी कई ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर चर्चा होना बाकी है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार के शासनकाल में ईडी की प्रतिष्ठा पर सवाल उठे हैं। ईडी और सीबीआई बीजेपी की एक्सटेंडेड ब्रांच बन चुकी है। उन्होंने आगे कहा, प्रफुल्ल भाई पटेल के साथ हमारी कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है, लेकिन न्याय की व्यवस्था तो सबके लिए होनी चाहिए।

### पूर्व सांसद आनंद मोहन ने नई सरकार से की दो बड़ी मांग

**पटना।** दिल्ली में एक ओर जहां एनडीए सरकार बनाने की कवायद चल रही है, वहीं दूसरी ओर दबाव की रणनीति भी बनाई जा रही है। इस बीच, पूर्व सांसद और बिहार के मुख्यमंत्री के करीबी आनंद मोहन ने बिहार के हिस्से रेल मंत्रालय देने की मांग की है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि बिहार को रेल मंत्रालय की मांग उचित है। यह मंत्रालय कई बार बिहार के हिस्से रहा है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार भी रेल मंत्री रह चुके हैं और स्वर्गीय दिग्विजय सिंह सहित कई नेता रेल मंत्री का दायित्व निभा चुके हैं। उनके समय से जो काम अधूरे रहे हैं वो अगर पूरे करने हैं तो बिहार को रेल मंत्रालय चाहिए।

# संसद भवन परिसर में फर्जी आधार कार्ड से 3 लोगों ने की घुसने की कोशिश, गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संसद भवन परिसर में फर्जी आधार कार्ड दिखाकर तीन लोगों ने घुसने की कोशिश की। तीनों मजदूर हैं। इनके नाम कासिम, शोएब और मोनिस हैं। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। संसद की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के जवानों ने तीनों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। आरोपितों के खिलाफ आईपीसी की कई गंभीर धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। यह घटना 4 जून दोपहर 1 बजकर 30 मिनट पर संसद भवन के गेट नंबर 3 की बताई जा रही है। सुरक्षाकर्मियों ने गेट पर इनके आधार कार्ड देखे तो तो उनको कुछ शक हुआ। इसके बाद आधार कार्डों की जांच की गई तब साफ हुआ कि वह फर्जी हैं। इसके बाद तीनों को तुरंत हिरासत में ले लिया गया और बाद में उनको गिरफ्तार कर लिया गया। इस घटना के बाद संसद भवन की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआरपीएफ और दिल्ली पुलिस को सौंपी गई है। बताया गया है कि तीनों मजदूरों को संसद भवन परिसर के भीतर एमपी लाउंज के निर्माण कार्य के लिए रखा गया था। उल्लेखनीय है कि पिछले साल दिसंबर में दो लोग संसद भवन की दर्शक दीर्घा में कूद गए थे। इस घटना के बाद संसद भवन की सुरक्षा को बढ़ा दिया गया था। इस मामले में कई लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था। इस घटना को संसद की सुरक्षा में बड़ी सेंध माना गया था। ताजा घटना फर्जी आधार कार्ड से जुड़ी है।



### संसद की सुरक्षा में सेंध के मामले में दिल्ली पुलिस ने अदालत में आरोपपत्र दायर किया

दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने 13 दिसंबर 2023 को संसद की सुरक्षा में सेंध के मामले में शुक्रवार को यहां एक अदालत में आरोपपत्र दायर किया। अदालत ने 24 मई को पुलिस को जांच पूरी करने के लिए 13 दिन का अतिरिक्त समय दिया था। पुलिस ने पटियाला हाउस कोर्ट में 900 पन्नों से अधिक का आरोपपत्र दायर किया है। मामले की सुनवाई कर रही एडिशनल सेशन जज हरदीप कौर ने पिछली सुनवाई के दौरान पुलिस को जांच पूरी करने के लिए अंतिम मौका दिया था। पुलिस ने अदालत को बताया था कि कुछ रिपोर्ट आनी बाकी थी और बड़ी मात्रा में डिजिटल डाटा एकत्र किया गया है। आरोपपत्र में छह आरोपियों नीलम आजाद, मनोरंजन डी., सागर शर्मा, ललित झा, अमोल शिंदे और महेश कुमावत के नाम हैं। सभी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। मनोरंजन डी. और शर्मा ने 13 दिसंबर को संसद पर हुए 2001 के आतंकी हमले की 22वीं बरसी के दिन लोकसभा की दर्शक दीर्घा से वेल में कूदकर वहां पीले धुएं का कैनिस्टर फोड़ा था। हालांकि बाद में सांसदों ने उन्हें पकड़ लिया था।

### सीएम योगी की मां फिर से एम्स में भर्ती, जांच में जुटी डॉक्टरों की टीम



**ऋषिकेश।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी को फिर से एम्स में भर्ती कराया गया है। एम्स पीआरओ संदीप कुमार ने बताया कि उन्हें आंखों से संबधित दिक्कत थी। इसलिए उन्हें यहां जिरियाट्रिक वार्ड में भर्ती कराया गया है। फिलहाल चिकित्सकों की टीम उनकी जांच कर रही है। प्रोफेसर मीनाक्षी धर की देखरेख में उनका उपचार किया जा रहा है। वहीं, कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत भी उनका हाल जानने एम्स पहुंचे। यमकेश्वर विकास खंड के पंचूर गांव निवासी सावित्री देवी (84) को 14 मई को एम्स, ऋषिकेश के जिरियाट्रिक वार्ड में भर्ती कराया गया था। उस समय उनका ब्लड प्रेशर सामान्य से अधिक था। वृद्धावस्था के कारण एम्स में उनकी अन्य जांचे भी की गईं। जिसके बाद दो दिन उनका इलाज किया गया था। जांच रिपोर्ट के सामान्य पाए जाने पर उन्हें 16 मई को एम्स से डिस्चार्ज कर दिया गया था।

# बुजुर्ग की हत्या, मणिपुर के दो जिलों में कर्फ्यू

एजेंसी

**इंफाल।** मणिपुर में 59 साल के एक व्यक्ति की हत्या के बाद जिरीबाम और तामेंगलोंग जिलों में अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को ये जानकारी दी। इंफाल में मणिपुर के एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि गुरुवार रात को जिरीबाम में सोइबाम सरतकुमार सिंह का शव बरामद होने के बाद स्थानीय लोगों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। शुक्रवार को भी स्थिति तनावपूर्ण है, हालांकि नियंत्रण में है। शव पर कई चोटें और कट के निशान मिले थे। इसके अलावा कुछ घरों में आग लगा दी गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने जिरीबाम में अपने लाइसेंसी हथियार वापस करने की मांग की।



लोकसभा चुनाव से पहले इसे जमा करा लिए गए थे। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने जिरीबाम जिले में असम राइफल्स, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और मणिपुर पुलिस का एक संयुक्त नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। जिरीबाम और निकटवर्ती तामेंगलोंग जिले में राज्य पुलिस और केंद्रीय बलों सहित सुरक्षा बलों की एक बड़ी टुकड़ी तैनात की गई है। असम की सीमा से सटे जिरीबाम में मिली जुली आबादी है, जिसमें मैतेई, मुस्लिम, नागा, कुकी और गैर-मणिपुरी रहते हैं। यह जिला पिछले साल 3 मई से मणिपुर में हुई जातीय हिंसा से अब तक काफी हद तक अप्रभावित रहा है।

### जातीय हिंसा में अब तक 220 लोगों की जा चुकी है जान

मैतेई और कुकी-जोमी के बीच जातीय संघर्ष ने अब तक दोनों समुदायों के 220 से अधिक लोगों की जान ले ली है। एक साल से अधिक समय से चल रही जातीय हिंसा में दोनों समुदायों के 70,000 से अधिक लोग अपने घरों से विस्थापित हो चुके हैं। दंगों में हजारों घर, सरकारी और गैर-सरकारी संपत्तियां और धार्मिक संरचनाएं नष्ट या क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

## ग्वालियर के बाल संप्रेक्षण गृह से पांच बच्चे भागे

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिला बाल संप्रेक्षण गृह से पांच अपचारी बच्चों के भागने का मामला सामने आया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है कि आखिर ये बच्चे भागने में सफल कैसे हो गए। अपनी कमजोर सुरक्षा व्यवस्था के कारण यह संप्रेक्षण गृह हमेशा चर्चा में रहता है। मिली जानकारी के अनुसार, यह बाल संप्रेक्षण गृह थाटीपुर थाना क्षेत्र के गोविंदपुरी इलाके में स्थित है। इन बाल अपचारियों ने शौचालय की दीवार में छेद किया और वहां से 5 बच्चे भागने में सफल हो गए। जो बच्चे फरार हुए हैं उनमें से चार पर चोरी और एक पर हत्या का आरोप है।

### नीरभ कुमार प्रसाद आंध्र के मुख्य सचिव नियुक्त



**अमरावती।** आईएएस के वरिष्ठ अधिकारी नीरभ कुमार प्रसाद को आंध्र प्रदेश सरकार ने के एस जवाहर रेड्डी की जगह नया मुख्य सचिव नियुक्त किया है।

## नीट यूजी परीक्षा 2024 / एक ही केंद्र से 8 छात्रों को पूरे अंक आने पर उठा सवाल

# इस मामले में एससी की देखरेख में हो जांच : कांग्रेस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मेडिकल परीक्षा नीट के आयोजन और रिजल्ट पर प्रश्न उठाए हैं। कांग्रेस पार्टी का कहना है कि आखिर कैसे एक साथ 67 टॉपर को नीट परीक्षा में 720 में से पूरे 720 अंक मिल गए। इसके अलावा कांग्रेस ने यह भी प्रश्न उठाया है कि एक ही सेंटर के 8 बच्चे कैसे 720 में से 720 अंक हासिल कर टॉपर बन गए। पार्टी ने अब इस पूरे मामले में सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में जांच की मांग की है। कांग्रेस का यह भी कहना है कि जब परीक्षा में हर सवाल 4 नंबर का था तो फिर छात्रों के 718-719 नंबर कैसे आए। कांग्रेस ने नीट परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने का आरोप लगाया और कहा परिणाम में 67 छात्रों को 720 में से 720 अंक मिलना बड़ा संदेह पैदा करता है। शुक्रवार को कांग्रेस मुख्यालय में इस विषय पर पार्टी नेता कन्हैया कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने जो सफाई दी है वह बहुत अजीब है। कन्हैया के मुताबिक एनटीए का कहना है कि उन्होंने कई छात्रों को ग्रेस अंक दिए, जिसकी वजह से उनका स्कोर 720 पहुंच गया। 67 टॉपर आए हैं। इसका मतलब यह है कि देश के सबसे प्रतिष्ठित संस्थान एम्स में भी टॉपर्स को दाखिला नहीं मिल पाएगा। यहां केवल 50-60 छात्रों को दाखिला मिल पाता है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के मुताबिक, इस साल पहले पेपर लीक होने का समाचार आया, जिसे दबा दिया गया। अब मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के कई परीक्षार्थियों ने छात्रों के अंक बढ़ाए जाने के आरोप लगाए हैं। छात्रों का कहना है कि इस बार रिकॉर्ड 67 परीक्षार्थियों ने टॉप रैंक हासिल की और इनमें से कई अभ्यर्थी तो एक ही परीक्षा केंद्र से बताए जा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने कहा कि सवाल यह है कि आखिर छात्रों के साथ ये धोखा कैसे हुआ, किसने किया और क्यों यह परिणाम जानबूझकर 4 जून को चुनाव नतीजों के शोर में घोषित किया गया, जबकि इसे 14 जून को घोषित होना था। ऐसे में छात्रों का इस परीक्षा की शुचिता में विश्वास बहाली बेहद जरूरी है, जो निष्पक्ष और पारदर्शी जांच से ही संभव है।

### रिजल्ट के बाद बड़ी संख्या में आत्महत्या की खबरें आ रही हैं : प्रियंका

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी नीट 2024 के रिजल्ट में अनियमितता का आरोप लगाते हुए जायज शिकायतों के समाधान के लिए जांच की मांग की। एक्स पर एक पोस्ट में प्रियंका गांधी ने कहा, पहले, नीट परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हो गया, और अब छात्र रिजल्ट में घोटाले का आरोप लगा रहे हैं। रिजल्ट आने के बाद पूरे देश से बड़ी संख्या में छात्रों के आत्महत्या की खबरें आ रही है। सरकार इसपर तुरंत ध्यान दे।

### पटवारी घोटाले की तरह हरियाणा में नीट घोटाला : अरुण यादव

**भोपाल।** कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने नीट के नतीजे पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा है कि मध्य प्रदेश में हुए पटवारी घोटाले की तर्ज पर ही हरियाणा में नीट घोटाला हुआ है। हरियाणा में एक ही सेंटर के 5 से ज्यादा बच्चों ने टॉप किया है। सरकार गड़बड़ी की जांच करा दोषियों को सजा दिलाए।

### कर्नाटक : रेवन्ना की मां को अपहरण मामले में मिली अंतरिम जमानत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने सेक्स वीडियो स्कैंडल से जुड़े अपहरण के एक मामले में शुक्रवार को प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी रेवन्ना को अंतरिम जमानत दे दी। अदालत ने 14 जून तक के लिए उनकी जमानत मंजूर की है। उच्च न्यायालय ने आदेश सुनाते हुए भवानी रेवन्ना को शुक्रवार को एक बजे जांच के लिए उपस्थित होने और जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया। भवानी रेवन्ना के उनके गृह जिले हासन और मैसुरु जिले के केआर नगर ताल्लुक, जहां से शिकायतकर्ता का संबंध है, में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अदालत ने विशेष जांच दल (एसआईटी) को निर्देश दिया है कि उन्हें शाम पांच बजे के बाद पूछताछ के लिए न रोका जाये।

# यूपी की जनता ने भाजपा का अहंकार तोड़ा : शिवपाल यादव

एजेंसी



**लखनऊ।** सपा के महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने भाजपा को एक बार फिर निशाने पर लिया है। उत्तर प्रदेश में सपा की बेहतरीन परफॉर्मेंस पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा अहंकार में थी और उत्तर प्रदेश की जनता ने उनका ये अहंकार तोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सपा के कार्यकर्ता के खिलाफ अगर कोई झूठी शिकायत भी कर देता था तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाता था। इन सब के बाबजूद भी हमारी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में बेहतर प्रदर्शन किया। भाजपा पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि इन लोगों ने तो चार सौ पार का नारा दिया था। उनका मकसद संविधान को बदलना, लोकतंत्र को खत्म करना और तानाशाही करना था। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता और सपा के कार्यकर्ताओं ने तानाशाही को हराने का काम किया है। ये जीत जनता और सपा के कार्यकर्ताओं की है। केंद्र में पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए की नई सरकार के गठन पर उन्होंने कहा कि इस पर हम कुछ नहीं कहेंगे, लेकिन हां इतना जरूर कहेंगे कि इनका अहंकार टूट गया है। 37 सीटों के साथ सपा देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनने पर उन्होंने कहा कि नेताजी का हमेशा आशीर्वाद रहा है।

## एक नजर

### लक्ष्य सेन क्वार्टर फाइनल में, ट्रीसा-गायत्री की जोड़ी बाहर

जकार्ता। भारत के लक्ष्य सेन ने इंडोनेशिया ओपन 2024 बीडब्लूएफ सुपर 1000 टूनामेंट में अपना दबदबा बनाये रखते हुए गुरूवार को पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। लक्ष्य ने जापान के केन्ता निशिमोतो को राउंड 16 में 21-9, 21-15 से पराजित किया। लक्ष्य ने शक्तिशाली क्रॉस कोर्ट स्मैश, शानदार प्लेसमेंट से पहले गेम में 4-0 की बढ़त बनाने के बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। जापानी खिलाड़ी के पास लक्ष्य का कोई तोड़ नहीं था। वह गलतियां करते रहे और दूसरा गेम भी गंवा बैठे। लक्ष्य का अगला मुकाबला शुक्रवार को दूसरी सीड डेनमार्क के एंडर्स एंटनसन से होगा।

### न्यूयॉर्क की पिच मानकों के अनुरूप नहीं है : आईसीसी

न्यूयॉर्क। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने स्वीकार किया है कि नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पिचें मानकों के अनुरूप नहीं हैं और उसने वादा किया कि टी 20 विश्व कप के शेष मैचों के लिए इसमें सुधार किया जाएगा। इस स्थल पर खेले गए दो मैचों में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने 100 से भी कम रन बनाये हैं और विकेट से अतिरिक्त उछाल तथा अतिरिक्त स्विंग ने दूसरी पारी में खेलने वाली टीमों को भी परेशान किया है। इस मैदान पर खेले गए टी 20 विश्व कप के पहले मैच में श्रीलंका की टीम 77 रन पर लुढ़क गयी जबकि दक्षिण अफ्रीका ने 16 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### क्लासिक, सुपरकिंग्स, डेंजर, वॉरियर्स, पैंथर्स, विंग्स ने दर्ज की जीत

देहरादून। सचिवालय क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित हॉट वेदर टी-10 टूनामेंट के पहले दिन शुक्रवार को क्लासिक, सुपरकिंग्स, डेंजर, वॉरियर्स, पैंथर्स और विंग्स की टीमों ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की। महाराणा प्रताप क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए आज के पहले मैच में क्लासिक ने हरिकेन को 44 रन से शिकस्त दी। इस मैच में टीम क्लासिक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कुल 10 ओवरों में 03 विकेट पर 161 रन बनाए। जवाब में हरिकेन की टीम निर्धारित ओवरों में 05 विकेट पर 117 रन ही बना पाई। मैन ऑफ द मैच धीरज पाल को दिया गया।

# स्कॉटलैंड ने नामीबिया को पहली बार हराया

एजेंसी

ब्रिजटाउन (बारबाडोस)। कप्तान रिची बैरिंगटन और माइकल लीस्क के शानदार प्रदर्शन की बदौलत स्कॉटलैंड ने नामीबिया को शुक्रवार को पांच विकेट से हराकर टी 20 विश्व कप में अपनी पहली जीत दर्ज की। कप्तान गेरहार्ड इरस्मस के 31 गेंदों में 52 रन की बदौलत नामीबिया ने 155/9 का लड़ने लायक स्कोर बनाया। बैरिंगटन के 35 गेंदों पर नाबाद 47 और लीस्क के 17 गेंदों पर 35 रन की बदौलत स्कॉटलैंड ने नौ गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। यह स्कॉटलैंड की नामीबिया के खिलाफ पहली टी 20 जीत है जिससे वह अब आईसीसी रैंकिंग में अफ्रीकी देश से ऊपर चला जाएगा। नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। हालांकि आसमान पर बादल छाये हुए थे। स्कॉटलैंड ने गेंद से शानदार शुरूआत की। ब्रैड व्हील ने जेपी कोट्जे को शून्य पर आउट कर दिया। पावरप्ले में दो और विकेट गिरे, जब जान फ्राइलिनक (12) को ब्रैड करी ने बोल्ड किया और निकोलस डेविन (20) क्रिस सोल की गेंद पर कैच आउट हुए। जेन ग्रीन (27 में से 28) और डेविड विसे (13 में से 14) ने स्कॉटलैंड की प्रभावशाली गेंदबाजी का विरोध किया, लेकिन नामीबिया को देर से रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा, केवल इरस्मस को कुछ प्रवाह मिला, जिससे उनकी टीम ने कुल 155/9 का स्कोर बनाया। स्कॉटलैंड के लक्ष्य का पीछा जॉर्ज मुन्से (15 में 7) के टैंगेनी लुंगामेनी के हाथों जल्दी गिरने से शुरू हुआ। इसके बाद इरस्मस ने आठवें ओवर में माइकल जोन्स (20 में से 26) को आउट कर दिया और स्कॉटलैंड का स्कोर 49/2 हो गया। नामीबिया के कीपर जेन ग्रीन द्वारा ब्रैंडन मैकमुलेन को आउट करने के लिए की गई एक चतुर स्टंपिंग ने गति बदल दी। जब 11वें ओवर में मैथ्यू क्रॉस एलबीडब्ल्यू (5 में 3) आउट हो गया, तो नामीबिया होड़ में बना रहा। हालाँकि, बेरिंगटन ने 13वें ओवर की समाप्ति पर लगातार चौके लगाए और स्कॉटलैंड को वापस पटरी पर ला दिया। लीस्क ने अगले ओवर में छक्का जड़कर स्कॉटलैंड को 100 रन के पार पहुंचाया। 17वें ओवर में 19 रन से स्कॉटलैंड नामीबिया पर अपनी पहली टी20 जीत के करीब पहुंच गया, जिसमें साझेदारी 50 रन से अधिक हो गई। लीस्क को अगले ओवर में आउट कर दिया गया और बेरिंगटन ने दूसरे-आखिरी ओवर में छक्का मारकर मैच समाप्त कर दिया।



**संक्षिप्त स्कोर** नामीबिया 20 ओवर में 155/9 (गेरहार्ड इरस्मस 52; ब्रैड व्हील 3-33); स्कॉटलैंड 18.3 ओवर में 157/5 (रिची बेरिंगटन 47, माइकल लीस्क 35; गेरहार्ड इरस्मस 2-29)

## पाकिस्तान तीनों विभागों में अच्छा नहीं खेला : बाबर

एजेंसी

डलास। पाकिस्तान की सह-मेजबान अमेरिका के हाथों टी 20 विश्व कप के अपने पहले मैच में गुरूवार को सुपर ओवर में सनसनीखेज पराजय के बाद कप्तान बाबर आजम ने स्वीकार किया कि उनकी टीम खेल के तीनों विभागों में अच्छा नहीं खेली। पाकिस्तान को शुरूआत में संघर्ष करना पड़ा और उसने पॉवरप्ले की समाप्ति तक 30 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। बाबर आजम और शादाब खान ने 48 गेंदों पर 72 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला। लेकिन अमेरिका ने पाकिस्तान को 159/7 पर रोक दिया और फिर स्कोर की बराबरी की और सुपर ओवर में मैच जीतकर टूर्नामेंट का एक बड़ा अपसेट कर दिया। बाबर के अनुसार, पाकिस्तान की बल्लेबाजी पॉवरप्ले में ही उखड़ी हुई थी, वे मध्य ओवरों में धीमे रहे हुए और डैथ ओवरों में काफी निराश किया।

गेंदबाजी करते हुए वे गति के साथ अपनी शुरूआती योजना को अंजाम तक नहीं पहुंचा पाए और मध्य ओवरों में स्पिन के साथ विकेट नहीं ले पाए। बाबर ने मैच के बाद कहा, ईमानदारी से कहूं, तो जब भी आप मैच हारते हैं



*बाबर आजम और शादाब खान ने 48 गेंदों पर 72 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला।*

आप हमेशा निराश होते हैं। पहले छह ओवरों में हमने मौकों का फायदा नहीं उठाया, 10वें ओवर के बाद हमें कुछ लय मिली तो हमने ज्यादा विकेट गंवा दिया और फिर आपकी लय चली गयी। एक बल्लेबाजी इकाई के तौर पर हमें मध्य और अंतिम ओवरों में रन बनाने चाहिए थे। बाबर ने कहा, पहले छह ओवरों के दौरान तेज गेंदबाजों को मदद मिल रही थी, लेकिन बाद में ऐसा नहीं था। सुबह 10.30 बजे मैच शुरू होने के कारण यह तो तय था कि तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी, विपक्षी गेंदबाजों ने इसका फायदा उठाया।

## चेन्नइयिन एफसी ने लालडिनपुइया को अपने साथ जोड़ा

एजेंसी

चेन्नई। चेन्नईयिन एफसी ने तीन साल के सौदे पर डिफेंडर पीसी लालडिनपुइया के अधिग्रहण के साथ 2024-25 सीजन के लिए अपना तीसरा अनुबंध पूरा कर लिया है। मिजोरम के 27 वर्षीय खिलाड़ी को डिफेंस के साथ-साथ मिडफील्ड में भी काम करने की क्षमता के लिए जाना जाता है। वह जमशेदपुर एफसी के साथ शानदार प्रदर्शन के बाद मरीना मचान्स में शामिल हो गए हैं। दिलचस्प बात यह है कि लालडिनपुइया ने 2022 में ओवेन कॉयल के नेतृत्व में जमशेदपुर के साथ इंडियन सुपर लीग में पदार्पण किया और वह उसी वर्ष आईएसएल लीग शील्ड जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। मुख्य कोच कॉयले ने कहा, लालडिनपुइया में हमें शानदार सीजन के बाद एक अविश्वसनीय सेंटर बैक मिला है। मैंने उनके साथ कुछ समय तक काम किया है और मुझे विश्वास है कि टीम के बीच उन्हें काफी पसंद किया जाएगा। पहले कॉयले के नेतृत्व में खेलने के बाद, प्रतिभाशाली फुटबॉलर को मुख्य कोच की खेल शैली की बहुत अच्छी समझ है और उम्मीद है कि जब वह चेन्नईयिन में स्कॉट्समैन के साथ फिर से जुड़ेगा तो वह एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



### भारतीय कप्तान सुनील छेत्री ने शानदार अंदाज में ली विदाई

कोलकाता। गुरुवार रात कुवैत के खिलाफ अपने आखिरी मैच के बाद भारत के सबसे चमकते सितारे भावुक सुनील छेत्री पोस्ट-गेम प्रेस कॉन्फ्रेंस में नजर नहीं आए। भारतीय कप्तान आखिरी बार एक ऐसे अंदाज में विदा लेने में कामयाब रहे, जो सिर्फ.वही कर सकते थे, जो क्लास से भरा हुआ था। सुनील छेत्री ने मीडिया को एक पत्र के जरिये अपना आखिरी संदेश दिया। मीडिया को दिये अपने पत्र में उन्होंने लिखा, पिछले 19 सालों में मुझे आपमें से बहुत से लोगों से कई मौकों पर बातचीत करने का मौका मिला है। कई बार ऐसा हुआ जब मुझे अपनी इच्छा से बहुत कम बोलना पड़ा और कई बार ऐसा हुआ जब मैंने आपके सवालों का जवाब लंबे मोनोलॉग के साथ दिया। छेत्री ने अपने पत्र में लिखा, कुछ जवाब निराशा से भरे थे, कुछ जवाब ऐसे थे जो आपकी झुंझलाहट के लिए बहुत ज्यादा गैर-प्रतिबद्ध थे और फिर प्रेस कॉन्फ्रेंस जो जल्दबाजी में खत्म हो गई।

## प्रियंका बाला संभालेंगी सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की कमान

एजेंसी

कोलकाता / पश्चिम बंगाल। कोलकाता में 12 जून से शुरू हो रही बंगाल प्रो टी 20 लीग में प्रियंका बाला सवोर्टेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की कप्तानी संभालेंगी जिसे लेकर वह काफी उत्साहित हैं। 11 से 28 जून तक चलने वाली इस रोमांचकारी लीग का महिला चरण 12 जून को साल्ट लेक के जादवपुर विश्वविद्यालय में शुरू होगा। कप्तानी को लेकर प्रियंका बाला कहती हैं, हालांकि मैं पहले भी टीमों की कप्तानी कर चुकी हूं पर बंगाल प्रो टी 20 लीग एक बड़ा मंच है और सवोर्टेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की कप्तानी करना मेरे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। मुकाबलों की तैयारी को लेकर प्रियंका ने कहा, हम अपनी रणनीति के हिसाब से चल रहे हैं और इसके लिए टीम नेट्स में खूब पसीना भी बहा रही है। टीम अपना पहला मुकाबला 12 जून को हार्बर डायमंड्स के खिलाफ खेलेगी।

## अफगानिस्तान की 'क्षमता' को जानता है न्यूजीलैंड : विलियम्सन

एजेंसी

जार्जटाउन। न्यूजीलैंड के टी 20 विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ पहले ग्रुप सी मैच से पूर्व कप्तान केन विलियम्सन ने कहा कि उनकी टीम के खिलाड़ी राशिद खान के नेतृत्व वाली अफगान टीम की 'क्षमताओं और विश्व स्तरीय कौशल' से भली भांति परिचित हैं। विलियम्सन ने कहा कि अफगानिस्तान एक संतुलित टीम है जिसके पास मजबूत स्पिन विकल्प है और उसके पास अच्छे तेज गेंदबाज और बल्लेबाज हैं। कीवी कप्तान ने मैच से पूर्व प्रेस कॉन्फ्रेंस ने कहा, वे एक ऐसी टीम हैं जो हर साल विकसित और विकसित हुई है और निश्चित रूप से कुछ फ्रेंचाइजी क्रिकेट में शामिल खिलाड़ी अपनी टीम के भीतर मौजूद प्रतिभा और विश्व स्तरीय कौशल से अच्छी तरह से वाकिफ हैं। हमेशा उनके पास वास्तव में मजबूत स्पिन विकल्प थे।

## क्रिकेट खेल रहे दो बच्चों के बीच हुए खूनी संघर्ष में तीन घायल

नवीन मेल संवाददाता। विश्रामपुर क्रिकेट खेल रहे दो बच्चों के बीच हुई मामूली विवाद खूनी संघर्ष का खेल बन गया। जिसमें एक बच्चे के पक्ष के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में 11 वर्षीय गोलू कुमार, 19 वर्षीय सुनैना कुमारी व 37 वर्षीय सुषमा देवी का नाम शामिल है। सभी रेहला थाना क्षेत्र के डंडिला कला के रहने वाले हैं। सभी घायलों का विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए मेदिनीना नगर स्थित मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में रेफर कर दिया गया। घटना गुरुवार देर रात की बताई जाती है।जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम क्रिकेट खेलने के क्रम में दो बच्चे गोलू व राजा किसी बात को लेकर आपस में भिड़ गए। वहीं दूसरे पक्ष के बच्चा राजा के बड़े भाई व परिजनों ने बिना जाने मार पीट शुरू कर दिया।

## गढ़वाल और नॉर्दन यूनाइटेड ने दर्ज की जीत

एजेंसी

नई दिल्ली। मिलिंद नेगी के दर्शनीय गोल से नॉर्दन यूनाइटेड एफसी ने फ्रंटियर फुटबाल क्लब को एक गोल से हरा कर पूरे अंक अर्जित किए। मिलिंद को प्लेयर ऑफ द मैच आंका गया। नेहरू स्टेडियम पर खेले गए डीएसए ए डिवीजन मुकाबले के एक अन्य मैच में गढ़वाल यूनाइटेड एफसी ने पश्चिम हीरोज पर 3- 1 की जीत दर्ज की। विजेता के लिए प्लेयर ऑफ द मैच सिद्धार्थ खीची ने दो गोल जमाए। पराजित टीम का गोल सोहंगपाम हंग्शी ने किया। गढ़वाल की जीत में पुकाल दुलग के आत्मघाती गोल का भी योगदान रहा। नॉर्दन यूनाइटेड की जीत का आकर्षण हेमंत के क्रॉस पर स्थानापन्न खिलाड़ी मिलिंद द्वारा जमाया गया गोल था। इस जीत के साथ विजेता टीम ने पूल बी में चार मैचों में 6 अंक जुटा लिए हैं।



## अदाणी को कोलकाता बंदरगाह के लिए मिला पांच साल का अनुबंध

एजेंसी

अहमदाबाद। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने शुक्रवार को बताया कि उसे कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर नेताजी सुभाष डॉक कंटेनर टर्मिनल का पांच साल परिचालन करने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट मिला है। इसके साथ ही देश के सबसे बड़े पोर्ट डेवलपर-सह-ऑपरेटर कंपनी ने पूर्वी तट के सबसे बड़े कंटेनर टर्मिनल पर अपनी उपस्थित दर्ज करा ली है। एपीएसईजेड के पूर्णकालिक निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अश्विनी गुप्ता ने कहा, नेताजी सुभाष डॉक के कंटेनर हैंडलिंग केंद्र का अनुबंध एपीएसईजेड को मिलना देश भर में बंदरगाह और लॉजिस्टिक



इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की हमारी प्रतिबद्धता और पश्चिम बंगाल में हमें जो संभावनाएं नजर आती हैं, उन्हें रेखांकित करता है। गुप्ता ने कहा, देश और विदेशों में विभिन्न कंटेनर टर्मिनलों के संचालन के दो दशक से ज्यादा के हमारे अनुभव से ग्राहकों और राज्य के लोगों को फायदा होगा। एपीएसईजेड को प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया के जरिये यह पांच साल का अनुबंध मिला है।

# आरबीआई ने आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया

एजेंसी

मुंबई। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को सात फीसदी से बढ़ाकर 7.2 फीसदी कर दिया है। आरबीआई ने निजी उपभोग में सुधार और ग्रामीण क्षेत्र की मांग मजबूत होने से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाया है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को यहां मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक की। उसके बाद इसकी जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अभी तक घरेलू आर्थिक गतिविधियां मजबूत हैं। घरेलू मांग बढ़ने से विनिर्माण गतिविधियों में तेजी आई है। शक्तिकांत दास ने कहा कि विभिन्न आर्थिक संकेतकों से पता चलता है कि सेवा क्षेत्र की रफ्तार भी कायम है। उन्होंने कहा कि एमपीसी ने इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए वास्तविक जीडीपी की वृद्धि दर 7.2 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। उन्होंने कहा कि पहली तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 7.3 फीसदी, दूसरी तिमाही में 7.2 फीसदी, तीसरी तिमाही में 7.3 फीसदी और चौथी तिमाही में 7.2 फीसदी रहेगी।

### 2024-25 के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान 4.50 फीसदी

मुंबई। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने मानसून सामान्य रहने के अनुमान को देखते हुए चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए मुद्रास्फीति (महंगाई) के अनुमान को 4.50 फीसदी पर बरकरार रखा है। यह पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के 5.40 फीसदी के अनुमान से कम है। हालांकि, आरबीआई ने इसके साथ ही खाद्य कीमतों के परिदृश्य पर करीबी नजर रखने की जरूरत पर बल दिया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को यहां द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक के बाद फैसलों की जानकारी दी। दास ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को 4.5 फीसदी पर बरकरार रखा गया है। उन्होंने बताया कि पहली तिमाही में मुद्रास्फीति के 4.9 फीसदी, दूसरी तिमाही में 3.8 फीसदी, तीसरी तिमाही में 4.6 फीसदी और चौथी तिमाही में 4.5 फीसदी रहने की संभावना है। शक्तिकांत दास ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति मार्च-अप्रैल पहली तिमाही में नरम पड़ी है लेकिन खाद्य मुद्रास्फीति पर लगातार दबाव की वजह से आम आदमी को इसका लाभ नहीं मिल पाया है।



## पेटीएम ने यूपीआई लेनदेन में सुधार के शुरुआती संकेत दिखाए

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत में ऑनलाइन ट्रांजेक्शन का चलन बढ़ता जा रहा है। हर कोई पेमेंट के लिए यूपीआई का उपयोग करता है। इस बीच पेमेंट एंड फाइनेंशियल सर्विस कंपनी पेटीएम को अपने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) बिजनेस में सुधार और मजबूत स्थिरता के शुरूआती संकेत मिल रहे हैं। यह कंपनी के लिए जबरदस्त वापसी का संकेत है। मई में पेटीएम प्लेटफॉर्म पर प्रोसेस्ड यूपीआई ट्रांसक्शन्स (लेनदेन) का कुल मूल्य बढ़कर 1.24 ट्रिलियन रुपये हो गया। इसका श्रेय कंपनी द्वारा शुरू की गई कई पहलों को जाता है -- यूपीआई पर क्रेडिट कार्ड, यूपीआई लाइट आदि। मई में प्लेटफॉर्म पर कुल लेनदेन 1.14 बिलियन पर स्थिर होने के





साथ पेटीएम मार्केट हिस्सेदारी के मामले में तीसरा सबसे बड़ा प्लेयर बन गया। जबकि यह मार्च में एक थर्ड-पार्टी एप्लीकेशन प्रदाता (टीपीएपी) बन गया था। पेटीएम मार्केट हिस्सेदारी के मामले में तीसरी सबसे बड़ी कंपनी बनी हुई है। इसके अलावा, अपने मर्चेंट बेस के विस्तार को देखते हुए कंपनी पीयर-टू-मर्चेंट (पी2एम) यूपीआई लेनदेन में सबसे आगे बनी हुई है।

### अदाणी वन पर अब बस यात्रा का विकल्प भी

नई दिल्ली। अदाणी समूह के ट्रैवल, लाइफस्टाइल और शॉपिंग प्लेटफॉर्म अदाणी वन ने शुक्रवार को बताया कि उसने अपने यूजरों को बस यात्रा का विकल्प उपलब्ध कराने के लिए फ्लिपकार्ट के स्वामित्व वाले ऑनलाइन ट्रैवल एग्रीगेटर क्लियर ट्रिप के साथ करार किया है। कंपनी ने बताया कि क्लियरट्रिप अदाणी वन यूजरों को तीन लाख से ज्यादा रूटों और निजी तथा राज्य परिवहन निगमों के 10 लाख से अधिक बस कनेक्शनों तक पहुंच उपलब्ध करायेगा।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 651.5 अरब डॉलर

*31 मई को विदेशी मुद्रा 651.5 अरब अमेरिकी डॉलर के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया है।*

एजेंसी

मुंबई। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 31 मई तक 651.5 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। पिछले हफ्ते 24 मई को मुद्रा भंडार 646.67 अरब डॉलर पर था। इसके बाद विदेशी मुद्रा भंडार में 4.83 अरब अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को तीन दिवसीय द्विमासिक मौद्रिक नीति समीति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक के फैसलों की घोषणा करते हुए देश के विदेशी मुद्रा भंडार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 31 मई को विदेशी मुद्रा भंडार 651.5 अरब अमेरिकी डॉलर के ऐतिहासिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर हमें अपनी बाह्य वित्त पोषण की जरूरतों को आसानी से पूरा करने का विश्वास है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए चालू खाते का घाटा अपने टिकाऊ स्तर के भीतर रहने की संभावना है। इसके साथ उन्होंने प्रेषित धन, सेवा निर्यात और कम व्यापार घाटे से आने वाली मदद का संकेत दिया। देश का विदेशी मुद्रा भंडार को किसी भी बाह्य क्षेत्र की गड़बड़ी को झेलने में अर्थव्यवस्था की समग्र ताकत का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख कारकों में से एक माना जाता है।



### सर्राफा बाजार में तेजी का रुख, महंगे हुए सोना और चांदी

नई दिल्ली। एक दिन की गिरावट के बाद आज घरेलू सरार्फा बाजार में आज एक बार फिर तेजी का रुख बन गया है। देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में सोना और चांदी महंगे हो गए हैं। सोना आज 400 रुपये से 700 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। सरार्फा बाजार में आज आई इस तेजी के कारण देश के सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना 73 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गया है।

## दिल्ली के सदर बाजार में कौड़ियों के भाव मिलते हैं लड़कियों के कपड़े

एजेंसी

नई दिल्ली। लड़कियों की पसंद का ध्यान रखते हुए दिल्ली में ऐसे कई मार्केट हैं जहां आप अपनी पसंद की शॉपिंग कर सकते हैं। देसी से लेकर वैस्टर्न तक सस्ते प्राइस में आप कपड़े खरीद सकते हैं। अगर आप दिल्ली के बाहर रहते हैं और दिल्ली आने का प्लान कर रहे हैं तो ये कुछ मार्केट जरूर जाएं। इस बाजार में हर चीज आपको बहुत ही सस्ती मिलेगी, लेकिन आपको यहां थोक में सामान लेना होगा। ज्यादातर दुकानदार सदर बाजार से ही सामान मंगवाते हैं। सदर बाजार में केवल कपड़े ही नहीं अन्य कई चीजें आपको मिल जाएगी। अगर आप डिजाइनर और लेटेस्ट फैशन के लिए कुछ तलाश कर रहे हैं तो आपके लिए सरोजनी बेस्ट है। क्योंकि यहां पर एक से एक सुंदर और क्लासी वैस्टर्न ड्रेस मिलता है। रही बात प्राइस की तो यहां काफी रिजनेबल दाम पर हर चीज मिल जाती है, इसके लिए आपको बारगेनिंग आनी चाहिए।

## एक नजर

### पलामू पुलिस लाइन में पेड़ गिरने से जख्मी जवान दिल्ली एम्स में भर्ती



**पलामू।** पुलिस लाइन में पेड़ गिरने से जख्मी जवान नित्यानंद महतो को शुक्रवार को एयर एम्बुलेंस से दिल्ली एम्स में भेजा गया। उसे एम्स के न्यूरो विभाग में भर्ती कराया गया है। इससे पहले रांची के एक निजी अस्पताल में इलाज कराया गया। उल्लेखनीय है कि चार जून को पलामू पुलिस लाइन में एक भारी-भरकम पेड़ गिरने से पुलिस के एक हवलदार, दो जवान और एक होमगार्ड के जवान को गंभीर रूप से चोट लग गई थी। सभी को एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया था। सभी जवान मतगणना के दिन चुनाव ड्यूटी में तैनात होने वाले थे। नित्यानंद महतो और जयदेव सिंह के सिर में गंभीर रूप से चोट लगी। गंभीर रूप से जख्मी जवान नित्यानंद महतो और जयदेव सिंह को रांची के एक निजी अस्पताल में रेफर किया गया था, जहां के डॉक्टरों ने नित्यानंद महतो को दिल्ली रेफर कर दिया।

### नहर में ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के संतोषडीह गांव के पास नहर में ट्रैक्टर पलटने से चालक की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतक परता गांव निवासी स्व. गुड्डू पासवान के 25 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार है। मृतक के माता व पिता का पूर्व में ही देहांत हो चुका है। घर में एक छोटा भाई की परवरिश भी सूरज ही करता था। जबकि एक विवाहित बहन ससुराल में है। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि परता पंचायत के कबरा खुर्द स्थित सोन नदी के बालू घाट से बालू का उठाव कर हैदरनगर आने के क्रम में गुरुवार की देर शाम संतोषडीह गांव के समीप नहर में ट्रैक्टर के पलटने से हादसे का शिकार चालक हो गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया गया।

### कोयला लदी मालगाड़ी के वैगन में लगी आग

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन की टीम ने कोयले से लदी मालगाड़ी के एक वैगन में लगी आग पर एक घंटे के प्रयास के बाद काबू पा लिया। यह जानकारी डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन के अधीक्षक उमेश कुमार ने दी यह आग ब्रेक वैन से नौ नंबर के कोयले से लदे वैगन में लगी थी। यह मालगाड़ी बुकरू टोरी रेलवे कोल साइडिंग से चली थी यह मालगाड़ी उत्तर प्रदेश जा रही थी। कोयले के वैगन में आग लगने की घटना में तेजी से वृद्धि हुई है। कोयला वैगन में आग लगने की यह 7वीं घटना है। जिस पर काबू पाया गया। डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों में लगे आग पर काबू पाने की अच्छी व्यवस्था है।

# कार ने टेंपो में मारी टक्कर पांच मजदूर महिलाएं घायल

## हर रोज की तरह काम करने के लिए आ रही थीं लातेहार





नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के समीप सिटी हॉस्पिटल के पास शुक्रवार की सुबह तकरीबन 9:30 बजे विपरीत दिशा से आ रही एक कार ने टेम्पू पर टक्कर मार दी जिससे टेंपो पर सवार पांच महिलाएं घायल हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही लातेहार पुलिस और भाजपा नेता अनिल सिंह, पवन कुमार, संत गुप्ता, राजदेव प्रसाद मौके पर पहुंचे। मानवता का परिचय देते हुए सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से लातेहार सदर अस्पताल पहुंचाया। घायलों में तेत्री देवी (उम्र 35 वर्ष) पति बीरेंद्र भगत, सुरजमनी देवी (उम्र 25 वर्ष), पति विजय भगत, किरण कुमारी (उम्र 20 वर्ष) पिता सीताराम उरांव, कालेश्वरी देवी (उम्र 32 वर्ष) पति प्रेम उरांव, सुमित्रा देवी (उम्र 45 वर्ष) पति स्व0 देवराज लोहरा शामिल है। सभी लातेहार सदर प्रखंड के पेशरार पंचायत के कुलगड़ा ग्राम के रहने वाले हैं। हर दिन की तरह आज भी मजदूरी करने के लिए लातेहार आ रही थी की इसी बीच सिटी हॉस्पिटल के पास यह घटना घटित हो गई वही टैम्पू चालक बुद्धेश्वर यादव को भी हल्की चोटें आई है।

### पास में सिटी हॉस्पिटल होने के बावजूद भी घायलों को नहीं मिली एंबुलेंस

वही प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सिटी हॉस्टिपल सामने होने की वजह से वहां के प्रबंधक से एम्बुलेंस की मांग की पर प्रबंधक के द्वारा यह कहते हुए एम्बुलेंस देने से इंकार कर दिया गया की चालक ही नहीं है। पर वहीं भर्ती मरीजों के परिजनों ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा की एम्बुलेंस के चालक है पर एम्बुलेंस नहीं देना गलत बात है।

### खतरे से सभी बाहर : डॉ रुचिका वर्मा

सभी घायलों को लातेहार सदर अस्पताल की डॉ0 रूचिका वर्मा ने प्राथमिक उपचार किया। उन्होंने बताया कि घटना में घायल सभी लोगों को सिर और हाथ में चोटें आई है। पर सभी पांचों महिलाएं खतरे से बाहर हैं, इनकी प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया जाएगा।

## तेज रफ्तार ट्रक ने वृद्ध को रौंदा, मौत



**चंदवा।** रांची- चतरा मुख्य मार्ग पर स्थित टोरी रेलवे फाटक के समीप शुक्रवार की दोपहर एक अज्ञात ट्रक ने वृद्ध को रौंद डाला जिससे घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। वृद्ध को चपेट में लेने के बाद ट्रक बड़ी तेजी से बालूमाथ की ओर भाग निकला। भाग रहे ट्रक को स्थानीय लोगो ने पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वे असफल रहे। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना चंदवा पुलिस को दी। सूचना के बाद चंदवा पुलिस एम्बुलेंस के साथ घटना स्थल के लिए निकली, लेकिन एम्बुलेंस व पुलिस वैन टोरी रेलवे फाटक बंद होने के कारण लगे जाम में फंस गई। इस दौरान लगभग आधे घण्टे तक वृद्ध का शव एनएच पर ही पड़ा रहा। फाटक के खुलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। खबर लिखे जाने तक मृतक वृद्ध की शिनाख्त नही हो पाई थी। स्थानीय लोगो ने बताया कि वृद्ध रेलवे फाटक के आसपास भिक्षा मांग कर जीवकोपार्जन किया करती थी।

## न्यूज बॉक्स

### पलामू में कोयला लदा ट्रक और बीड़ी पत्ता लदा ऑटो जब्त, पांच गिरफ्तार



**पलामू।** जिले की पांकी पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई कर कोयला लदे 16 चक्का ट्रक (जेएच09बीबी6931) जब्त किया है जबकि बीड़ी-केन्दु पत्ता लदे एक ऑटो पर भी कार्रवाई की गयी है। दोनों वाहनों में सवार पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इनमें ट्रक के चालक सह मालिक नवादा के साजिद अंसारी (25), हेरहंज लातेहार के रोहन के निवासी सह चालक सुफियान अंसारी (19) और ऑटो से नागेन्द्र सिंह (35), जय राम उरांव (32) एवं सीता राम मांझी (40) शामिल हैं। तीनों तरहसी के लालगढ़ा के रहने वाले हैं।

### लोहड़ी गांव में कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के लोहड़ी गांव में नौ दिवसीय रामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ की शुभारंभ पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, अजजा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरों, सतबरवा जीप सदस्या सुधा कुमारी, मेदनीगर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, धावाडीह मुखिया रिंकी यादव, उप मुखिया मुधीर कुमार साव ने मुख्य यजमान नवल किशोर पाठक उनकी पत्नी प्रमिला देवी को कलश देकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु भक्त नगर भ्रमण कर शिक्षक प्रशिक्षक महाविद्यालय स्थित झरना से कलश में जल भर कर यज्ञ मंडप पहुंचे। जहां श्रद्धालुओं को वैदिक मंत्रोचार के बीच कलश की स्थापना कराई गई। कलश यात्रा में शामिल विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता ने कहा कि यज्ञ करने से पूरा वातावरण शुद्ध होता है। जहां पर यज्ञ होता है वहां पर देवता का आगमन होता है। यज्ञ करने से सुख समृद्धि के साथ लोगों को शक्ति मिलती है। यज्ञ समिति के अध्यक्ष अखिलेश पाठक ने बताया कि कलशयात्रा नगरभ्रमण के बाद संध्या 9 बजे से रात्रि 11 बजे तक मानस प्रवचन का आयोजन किया गया है। जो 14 जून तक प्रतिदिन होगा। जिसमे झांसी उत्तर प्रदेश की कथा वाचक मानस माधुरी माला लोगों को प्रवचन देंगी। 15 जून को भक्ति जागरण का आयोजन होगा वहीं यज्ञ के दौरान प्रतिदिन शाम 7 बजे से भजन संध्या आयोजित होगी। 16 जून को हवन एवं महाप्रसाद वितरण के साथ महायज्ञ का समापन होगा। कलश यात्रा में सामाजिक कार्यकता आशीष कुमार सिन्हा, विकास तिवारी, अजय उरांव, मनीष कुमार, महेश यादव, विजय पाठक के साथ यज्ञ समिति से आषुतोष पाठक, गौरी शंकर पाठक, बलराम पाठक, राम स्वरूप पाठक, सुरेश पाठक, मृत्युंजय पाठक, निर्दोष कुमार के साथ दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### लू लगने से एक युवक की बिगड़ी हालत, सीएचसी में इलाज जारी

**विश्रामपुर।** शुक्रवार को लू लगने से एक युवक की अचानक तबीयत बिगड़ गई है। जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विश्रामपुर में किया जा रहा है।वही युवक की पहचान पांडु प्रखंड अंतर्गत कजरू गांव निवासी सतेंद्र कुमार के रूप ने हुई है। जानकारी के अनुसार सतेंद्र अपने किसी निजी काम से विश्रामपुर की ओर आ रहे थे। तभी अचानक सड़क पर चक्कर खाकर गिर पड़े। जिन्हे स्थानीय लोगो ने सीएचसी विश्रामपुर लाकर भर्ती करवाया। जहां चकित्सको ने युवक को लू लगने की पुष्टि की। चिकित्सीय टीम में जीएनएम सतेंद्र कुमार,अनिल कुमार सहित कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद दिखे।

# छिपादोहर : सामूहिक दुष्कर्म मामले में नामजद सभी आरोपी गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र में घटित सामूहिक दुष्कर्म मामले में बरवाडीह एसडीपीओ वेंकटेश कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल द्वारा सामूहिक दुष्कर्म मामले में सभी आरोपी को त्वरित कार्रवाई करते हुई छापामारी दल द्वारा गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल किया है। इस संबंधमें छिपादोहर थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में एसडीपीओ वेंकटेश कुमार ने बताया कि थाना में सामूहिक दुष्कर्म की कांड संख्या 12/24 दिनांक 5.6.24 पीड़िता द्वारा दर्ज कराया गया था। दर्ज प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर एसडीपीओ वेंकटेश कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह द्वारा गठित छापामारी दल द्वारा सामूहिक दुष्कर्म के मुख्य आरोपी राजेश भुइंया व सुनील सिंह, सनोज सिंह सभी ग्राम गाड़ी थाना छिपादोहर के निवासी एवम छोटू सिंह बरियातू थाना लातेहार के निवासी हैं। सभी अभियुक्त से कड़ाई से पूछताछ करने के बाद मास्टरमाइंड मुख्य आरोपी राजेश भुइंया पीड़िता महिला का देवर के इशारे पर सामूहिक दुष्कर्म कीघटना को अंजाम दिया गया था। घटना के संबंध में एसडीपीओ ने बताया कि पीड़िता महिला के पति बाहर कमाने गया हुआ था। इसी बीच 3 जून दोपहर 12 बजे पीड़िता अपने घर पर अकेले थी। इसी का फायदा उठाकर उसका चचेरा देवर राजेश भुइंया समेत अन्य तीन आरोपी पानी मांगनेके बहाने उसके घर में घुस कर सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। घटना के बाद पुलिस का द्वारा प्राथमिक की दर्ज कराया गया था। गिरफ्तार सभी आरोपी को लातेहार जेल भेज दिया गया है। वही इस छापामारी दल में एसडीपीओ, थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह, राजेश कुमार सअनि समेत छिपादोर थाना पुलिस के जवान शमिल थे।

# क्रिकेट खेल रहे दो बच्चों के बीच खूनी संघर्ष, 3 घायल

*विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज को किया रेफर*



नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** क्रिकेट खेल रहे दो बच्चों के बीच हुई मामूली विवाद खूनी संघर्ष का खेल बन गया। जिसमें एक बच्चे के पक्ष के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में 11 वर्षीय गोलू कुमार, 19 वर्षीय सुनैना कुमारी व 37 वर्षीय सुषमा देवी का नाम शामिल है। सभी रेहला थाना क्षेत्र के डंडिला कला के रहने वाले हैं। सभी घायलों का विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए मेदिनीना नगर स्थित मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में रेफर कर दिया गया। घटना गुरुवार देर रात की बताई जाती है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम क्रिकेट खेलने के क्रम में दो बच्चे गोलू व राजा किसी बात को लेकर आपस में भिड़ गए। वहीं दूसरे पक्ष के बच्चा राजा के बड़े भाई व परिजनों ने बिना जाने मार पीट शुरू कर दिया। जिसमे पहले पक्ष के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज को ले जाया गया। जहां ड्रेसर आदित्य कुमार, राजन बहेलिया सहित कई स्वास्थ्यकर्मियों ने घायलों का इलाज किया। वहीं गंभीर स्थिति को देखते हुए मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। वहीं घायल गोलू कुमार के परिजनों के द्वारा घटना की शिकायत रेहला थाना में की गई है।

## पेज एक का शेष

### तीसरी बार 9 जून को शपथ लेंगे नरेंद्र मोदी

उन्होंने कहा कि शुक्रवार सुबह एनडीए की बैठक हुई और सभी साथियों ने मुझे फिर से एक बार इस दायित्व के लिए पसंद किया है। एनडीए के सभी साथियों ने राष्ट्रपति को इसकी जानकारी दी है। राष्ट्रपति ने मुझे बुलाया था और मुझे प्रधानमंत्री मनोनीत के रूप में नियुक्ति दी है। नरेंद्र मोदी 9 जून को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। मालूम हो कि मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। 4 जून को आए लोकसभा चुनाव के नतीजे में एनडीए को स्पष्ट बहुमत मिला है। एनडीए के सभी घटक दलों ने प्रधानमंत्री मोदी में अपना पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए उन्हें अपना नेता चुना और समर्थन पत्र दिए हैं। इधर राष्ट्रपति भवन में नई सरकार के शपथ ग्रहण कार्यक्रम की तैयारी चल रही है। इन्हीं तैयारियों के मद्देनजर राष्ट्रपति भवन को 5 से 9 जून तक आमजनों के लिए बंद रखा गया है।

### पीएलएफआई के 3उग्रवादी गिरफ्तार, लूटी गई बाइक बरामद

तीनों रांची जिले के लापुंग थाना के कथकुवांरी वरटोली के रहने वाले हैं। उनके पास से लाल रंग की मोटरसाइकिल (जेएच 23बी 5816) भी बरामद की गई। उनकी निशानदेही पर तोरपा थाना क्षेत्र से लूटी गई टीवीएस अपाची बाइक (जेएच 23एक 5524) को भी राहुल साहू के घर से बरामद कर लिया गया।

### फिर शुरू होगा आपकी योजना, आपके द्वार कार्यक्रम

अब तक कुल तीन चरण का अभियान चलाया जा चुका है, जिसका काफी अच्छा रिस्पांस मिला था। इसलिए इस अभियान को सरकार ने फिर से शुरू करने का निर्णय लिया है। लेकिन जुलाई में संभावित नगर निकाय चुनाव को देखते हुए सरकार बैठक की तिथि तय करेगी। इन सारी चीजों को लेकर मुख्यमंत्री जल्द ही बैठक करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार ने सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरी होने के बाद 12 अक्टूबर 2022 से इस अभियान का शुभारंभ किया था, पहला चरण 12 अक्टूबर से 22 अक्टबूर तक चला था। दूसरा अभियान 2022 में ही एक नवंबर से 12 नवंबर तक चला था. इस दोनों अभियान के तहत 55,44,554 आवेदन विभिन्न विभागों से संबंधित सरकार को प्राप्त हुए, जिसमें से 55,36,636 आवेदन निष्पादित कर दिए गए हैं।वहीं 7,918 आवेदन अभी प्रक्रियाधीन है. तीसरा चरण 24 नवंबर 2023 से 26 दिसंबर 2023 तक चला। इसमें सबसे अधिक मामले अबुआ आवास योजना के आए। 26 फरवरी को नए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने साहिबगंज में साहेबगंज, गोड्डा और पाकुड़ जिले के 24 हजार के करीब लाभुकों को पहली किस्त और स्वीकृति पत्र सौंपा गया था। पहली किस्त की राशि खाते में ट्रांसफर कराए गए थे।

**अभियान में ये मामले आए :** पंचायत और वार्ड स्तर पर आयोजित शिविरों में अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, सामुदायिक और व्यक्तिगत वनपट्टा से संबंधित मामले, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त जाति, आय, जन्म, मृत्यु, दिव्यांगता प्रमाण पत्र में जरूरी संशोधन, भूमि से जुड़े मामले, आयुष्मान कार्ड, आम जनों के सामाजिक-आर्थिक बुनियादी जरूरतों से जुड़े मामले, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, श्रम विभाग अंतर्गत श्रमाधान पोर्टल पर प्रवासी श्रमिकों का पंजीकरण, राजस्व अभिलेखों में संशोधन- परिमार्जन, आधार और राशन कार्ड में संशोधन, बिजली बिल से संबधित शिकायत का निवारण समेत अन्य कार्य के आवेदन आए।

# पुल निर्माण में अनियमितता का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज प्रखंड के सुदरवर्ती कुलहिया पंचायत के लादी वादी गांव के समीप शुक्रवार को करोड़ों रुपए के लागत से बतरे नदी पर बन रहे पुल निर्माण में अनियमितता बरतने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। लोगों ने संवेदक के प्रति अपना आक्रोश प्रकट किया। बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत करोडों रुपये की लागत से करीब एक माह से लादी वादी बरवाडी बतरे नदी पर पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है। परंतु निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना था कि संवेदक द्वारा पुल निर्माण में मिट्टी युक्त बालू का उपयोग किया जा है। साथ ही पिलर में सरिया मानक के हिसाब से नही दिया जा रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि संवेदक गड़बड़ी को ठीक कर निर्माण कार्य में गुणवक्ता युक्त सामग्री का उपयोग कर काम करे। साथ ही स्थानीय मुंशी पर मनमानी तरीके से काम करने का भी आरोप लगाया है। इस संबंध में पूछे जाने पर काम करा रहे साइड इंचार्ज अशोक कुमार ने कहा कि मानक के अनुसार पुल निर्माण का कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के शिकायत को ध्यान में रखते हुए हर हाल में गुणवत्ता पूर्ण पुल का निर्माण कराया जाएगा। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र भुईयां, पूर्व मुखिया मथुरा रजक, वीरेंद्र यादव, यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव, संतोष मेहता, लखन सिंह, सुदामा सिंह, जयनंदन सिंह, विमलेश सिंह, जयप्रकाश शर्मा, गजेंद्र सिंह, सोनू यादव, अनिल यादव, ललेश यादव, संतन मेहता, संजय बारी, मनोज मेहता, विश्वनाथ यादव, सिकंदर यादव, विनय मेहता, नंदू यादव सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# 32 बंदरों की मौत : पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सांस रुकना बताई गई मौत की वजह



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के सोरठ गांव में हुए 32 बंदरों की मौत का कारण पता चल गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है कि आखिर बंदरों की मौत कैसे हुई। दरअसल, एक कुएं से 32 बंदरों के शव बरामद किए गए थे। उस समय आशंका जताई जा रही थी कि सभी बंदरों की मौत कुएं के पानी में डूबने से हुई है। पूरे मामले में वन विभाग की टीम ने जांच टीम बनाकर सभी बंदरों के शवों का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद सभी शवों को दफना दिया गया था।पूरे मामले में बंदरों के पोस्टमार्टम के लिए पशुपालन विभाग ने तीन पशु चिकित्सकों की टीम बनाई। इसमें ट्यूरिंग पशु चिकित्सक, बीएएचओ, वीएस पलामू शामिल थे। तीनों डॉक्टरों ने सभी 32 बंदरों के शवों का पोस्टमार्टम किया था। 32 बंदरों की मौत की वजह अस्फीसिया बताई गई है। यह वह स्थिति होती है जब कोई सांस नहीं ले पाता, जिससे मौत हो जाती है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताया गया है कि पानी में रहने की वजह से अस्फीसिया की स्थिति पैदा हुई और सभी की मौत हो गई। सभी बंदरों की मौत पोस्टमार्टम से 12 से 24 घंटे पहले हुई थी। बंदरों के फेफड़ों में पानी के साथ-साथ धूल भी भरी हुई थी। बंदरों की त्वचा पर गर्मी के कारण झुर्रियां पड़ गई थीं। त्वचा, चेहरे और पेट पर चोट के निशान भी थे। बंदरों की त्वचा के नीचे के ऊतक क्षतिग्रस्त हो गए थे। बंदरों के शरीर में खून के थक्के भी जमे हुए थे।डीएफओ कुमार आशीष बंदरों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कई बातों का जिक्र है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताया गया है कि बंदरों की मौत पानी में डूबने से हुई है। प्यासे बंदर कुएं में गए थे और उनकी मौत हो गई थी।2 जून को पलामू के पांकी थाना क्षेत्र के सोरठ में एक कुएं से 32 बंदरों के शव बरामद किए गए थे। उस दौरान पलामू के इलाके में भी गर्मी पड़ रही थी और तापमान 47 डिग्री सेल्सियस के आसपास था। आशंका है कि बंदर पानी की तलाश में कुएं में कूद गए और उनकी मौत हो गई।

# प्रदर्शन : नल जल योजना में गड़बड़ी ग्रामीणों ने कार्यालय में जड़ा ताला




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड के सांभर पंचायत के ग्रामीणों नल जल योजन में गड़बड़ी व पेयजल संकट के निदान को लेकर शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय के समक्ष एक दिवासीय रोष पूर्ण प्रदर्शन किया। दो घंटा तक अनशन पर बैठने के बाद भी प्रखंड कार्यालय का कोई प्रतिनिधि बातचीत या आश्वासन के लिए नहीं पहुंचा तो सामूहिक रूप से मेन गेट की ताला लगा दिया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे पिंटू पांडेय ने बताया कि पंचायत के सभी ग्रामीण जल संकट से त्राहिमाम कर रहे हैं। इसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है। अजीज होकर ग्रामीण जनता धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। जल के बिना कोई दैनिक कार्य संभव नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि नल जल योजना में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गई है। नल जल योजना अक्षत कंस्ट्रक्शन द्वारा किया जा रहा है। इसके पहले पंचायत में जलमीनार लगाया गया था। रुपयों की बंदरबांट की गई थी। ग्रामीणों ने योजना में हो रहे गड़बड़ी को रोकने,योजना की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने के साथ ग्रामीणों को नल जल योजना पूरे ना होने तक टैंकर से पानी की मांग की है। ग्रामीणों ने पीएचईडी विभाग को उपायुक्त के माध्यम से मांग पत्र सौंपा। प्रखंड कार्यालय में तालेबंदी की सूचना पर लेस्लीगंज थाना के एएसआई राजू मांझी प्रदर्शन स्थल पर पहुंच कर पहुंच कर ग्रामीणों को समझा बूझकर मेन गेट का ताला खुलवाया।

# संत मरियम के 3 छात्रों ने किया बेहतर प्रदर्शन, नीट परीक्षा में लहराया परचम



Akanksha Bharati | Pinky Kumari | Priyanshu Kumar

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** देश की कठिन परीक्षा में शुमार महत्वपूर्ण परीक्षा एनटीए द्वारा आयोजित नीट 2024 की परीक्षा में मेदिनीनगर के छात्रों के सर्वांगीण विकास को कृत संकल्पित प्रतिष्ठित विद्यालय संत मरियम स्कूल के छात्रों ने सफल होकर विद्यालय, अपने माता-पिता समेत पूरे पलामू को गौरवान्वित किया है। विदित हो की चिकित्सक बनने का सपना सजोये देश के लाखों छात्र इस कठिन परीक्षा में बैठते हैं,जिसमें एक स्कूल से 3 विद्यार्थी का चयन अति महत्वपूर्ण है। इस विद्यालय की छात्रा आकांक्षा भारती सुपुत्री डॉक्टर ओम प्रकाश भारती ने 689 अंक,99.77परसेंटाइल पिंकी कुमारी सुपुत्री संतोष महतो 649 अंक 98.68 परसेंटाइल, प्रियांशु कुमार पुत्र श्री सतेंद्र प्रसाद 635 अंक 98.11 परसेंटाइल प्राप्त किया। इन सभी छात्रों को राजकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश प्राप्त करने का अवसर मिलेगा,जो एक सफल चिकित्सक बनकर देश के लोगों को स्वास्थ्य लाभ दे सकेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने बताया कि छात्रों की सफलता पर विद्यालय परिवार गौरवांवित है। यह सफलता कुशल और अनुभवी शिक्षकों के बेहतरीन मार्गदर्शन और छात्रों के मेहनत के संयुक्त परिश्रम का परिणाम है। निश्चित तौर पर आने वाले समय में विद्यालय से और अधिक बच्चे इस प्रकार की सभी कठिन परीक्षाओं में सफल होंगे।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एनडीए गठबंधन 26 सालों में और ज्यादा मजबूत हुआ

# पीएम बोले- पहले एनडीए, आज भी एनडीए और कल भी एनडीए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र में नई सरकार के गठन से पहले संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गठबंधन कैसे सबल हुई है और सरकार कैसे काम करेगी, इसको लेकर इशारों में सबकुछ समझा दिया। पीएम मोदी ने बैठक में कहा कि पहले एनडीए, आज भी एनडीए और कल भी एनडीए। न हम हारे थे और न हारे हैं। ये एनडीए की महाविजय है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में साफ कर दिया कि गठबंधन के इतिहास में अगर आंकड़ों के हिसाब से देखें तो ये सबसे मजबूत गठबंधन सरकार है। इस बार भाजपा को केवल 240 सीटें मिली है। जबकि, 2014 में 282 और 2019 में 303 सीटें अकेले भाजपा ने अपने दम पर जीती थी, जो बहुमत के आंकड़े से ज्यादा था। ऐसे में विपक्ष को लग रहा था कि यह गठबंधन शायद ही जम पाए। लेकिन, शुक्रवार को जब संसदीय दल की बैठक में एनडीए के घटक दलों ने पीएम मोदी के पक्ष में अपना समर्थन व्यक्त किया तो बात ही कुछ और नजर आई। मोदी आर्काइव नाम के एक्स हैंडल पर इसको लेकर एक पोस्ट भी शेयर किया गया, जिसमें लिखा गया, एनडीए व्यापक स्पेक्ट्रम है। इसमें नरेंद्र मोदी के द्वारा 1998 में एनडीए के गठन के एक साल बाद 1999 में दिए गए बयान का हवाला देते हुए यह बताने की कोशिश की गई कि कैसे गठबंधन की सरकार चलाना भी पीएम मोदी को आता है। पीएम मोदी ने तब 1999 में कहा था, "यह वास्तव में एक प्रयोग है जो भारतीय राजनीति के इतिहास में एक आदर्श उदाहरण के रूप में दर्ज किया जाएगा। एनडीए एक इंद्रधनुष की तरह है, यह इंद्रधनुष बना रहेगा और अटल बिहारी वाजपेयी सूरज की किरणों में और चमकेंगे। जब यह बयान दिया गया था तब मोदी भाजपा के सबसे युवा महासचिव थे।



*न हम हारे थे और न हारे हैं। ये एनडीए की महाविजय है।*

### नरेन्द्र मोदी 'सही समय पर सही नेता' हैं देश के : चंद्रबाबू

तेलगु देशम पार्टी (टीडीपी ) नेता चंद्रबाबू नायडु ने संसदीय दल के नेता के तौर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम का गर्मजोशी से अनुमोदन किया। शुक्रवार को संसद भवन की पुरानी इमारत के संविधान सदन में अपने अभिभाषण के दौरान चंद्रबाबू नायडु ने कहा कि जिस दृष्टिकोण और उत्साह के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन वर्षों में काम किया है उसके मुताबिक वे देश के लिए 'सही समय पर सही नेता' हैं। लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को बहुमत मिलने के बाद शुक्रवार को दिल्ली में संसदीय दल की बैठक हुई और इसमें सभी ने नरेन्द्र मोदी के नाम पर मुहर लगाई।

### संसदीय दल की बैठक में पीएम के पैर छूने के लिए झुके नीतीश

बैठक में नीतीश कुमार ने अपनी पार्टी की तरफ से भाषण दिया और फिर अपनी कुर्सी की ओर लौटे तो मोदी का झुककर पैर छूने लगे। लेकिन, मोदी ने उनको ऐसा करने से रोका और दोनों ने झुककर एक-दूसरे का अभिवादन किया। नीतीश ने मोदी के पक्ष में अपनी पार्टी का समर्थन जताते हुए कहा कि 10 साल से यह प्रधानमंत्री हैं और इन्होंने देश की खूब सेवा की। आगे भी आपको जो भी करना है करिए, हम आपके साथ हैं। मैं तो चाहता हूं, आज ही शपथ ले काम शुरू कर दीजिए। इस बार तो कुछ इधर-उधर लोग जीत गए हैं, लेकिन, अगली बार जब आप आइएगा तो ये सभी हार जाएंगे।



## एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद मोदी आडवाणी और जोशी से मिले





*पीएम मोदी ने लालकृष्ण आडवाणी और डॉ. मुरली मनोहर जोशी से आवास पर जाकर मुलाकात की*

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी से उनके आवास पर मुलाकात की। इसके बाद मोदी वरिष्ठ नेता डॉ. मुरली मनोहर जोशी से भी उनके आवास पर मिले। मुलाकात के दौरान आडवाणी की बेटी प्रतिभा भी वहां मौजूद रहीं। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे मोदी ने गुलदस्ता देकर उनका अभिवादन किया। उल्लेखनीय है कि पिछली बार प्रधानमंत्री के तौर पर नेता चुने जाने के दौरान दोनों वरिष्ठ नेता, मोदी के साथ सभागार में मौजूद थे।

## अमेरिकी कांग्रेस के संबोधन में गाजा युद्ध का बचाव करेंगे नेतन्याहू

**वाशिंगटन।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू 24 जुलाई को एक संयुक्त बैठक में अमेरिकी



कांग्रेस के दोनों सदनों को संबोधित करेंगे। नेतन्याहू भाषण में गाजा में अपने युद्ध के बारे में विस्तार से बताएंगे। राष्ट्रपति जो बाइडेन गाजा में एक स्थायी युद्ध विराम समझौते को अंतिम रूप देने के लिए उन्हें मनाने की कोशिश कर रहे हैं और उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी संघर्ष पर और अधिक विभाजित हो रही है। भाषण की तारीख घोषित होने से पहले ही कई वामपंथी डेमोक्रेट्स ने हमास के साथ युद्ध में नेतन्याहू के व्यवहार को लेकर उनका बहिष्कार करने की बात कही है। नेतन्याहू को यह निमंत्रण पिछले हफ्ते अमेरिकी कांग्रेस में दोनों दलों के नेताओं ने दिया था, जिनमें सीनेट में बहुमत के नेता डेमोक्रेट चक शूमर भी शामिल थे। वह नेतन्याहू के कड़े आलोचक रहे हैं। चक शूमर ने हाल ही में इजरायल में नए चुनाव कराने का आह्वान किया था। सदन के स्पीकर माइक जॉनसन ने गुरुवार देर रात 24 जुलाई की तारीख का ऐलान किया।

## मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 15 से 21 जून तक

**नई दिल्ली।** मुबंई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का 18वां संस्करण 15 जून से शुरू होगा। इस बार यह आयोजन मुंबई सहित दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और पुणे में भी समानांतर रूप से आयोजित होगा, जिसमें अलग अलग भाषाओं की फिल्में दिखाई जाएंगी। यह आयोजन 21 जून, 2024 तक चलेगा। इसमें 110 बेहतरीन फिल्में दिखाई जाएंगी, जिसमें 25 अंतरराष्ट्रीय फिल्में हैं और 77 राष्ट्रीय फिल्में हैं। इसके साथ इस बार महोत्सव में फिल्म बाजार की शुरूआत की गई है, जिसका उद्देश्य डॉक्यूमेंट्री फिल्मों को बढ़ावा देना है। इसके साथ फिल्म महोत्सव में प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता क्यूरेटेड विषयों पर 25 से अधिक मास्टरक्लास, पैनल चर्चा और ओपन फोरम में भाग लेंगे।

# दिल्ली में हुई जदयू की बैठक प्रधानमंत्री मोदी को पूर्ण समर्थन

- *नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार एनडीए संसदीय दल के नेता चुने जाएंगे।*

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एनडीए के सांसदों की बैठक हो रही है। इससे पहले जनता दल यूनाइटेड के सांसदों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में दिल्ली में बैठक की। इस बैठक में जेडीयू के सांसद शामिल हुए। इस दौरान जदयू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को पूर्ण समर्थन की बात दोहराई।

जेडीयू की यह बैठक सरकार गठन व केंद्रीय कैबिनेट समेत विभिन्न मुद्दों पर सहमति व जानकारी के लिहाज से



महत्वपूर्ण बताई जा रही है। बैठक में पूर्व सांसद आनंद मोहन, सांसद ललन सिंह सहित जनता दल यूनाइटेड के तमाम वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक से पहले जदयू के सांसदों ने रेल मंत्रालय की मांग दोहराई। जदयू सांसद व नीतीश कुमार के करीबी माने जाने वाले सांसद ललन सिंह कह चुके हैं कि कैबिनेट का विषय प्रधानमंत्री का विशेषाधिकार है। नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार एनडीए संसदीय दल के नेता चुने जाएंगे। उन्हें नेता चुनने के लिए संसद भवन परिसर में एनडीए के सभी सांसदों की बैठक हो रही है। एनडीए संसदीय दल की बैठक में भाजपा और सहयोगी दलों के सभी सांसद नरेंद्र मोदी को एनडीए के संसदीय दल का नेता चुनेंगे। भाजपा एवं सहयोगी दलों के सांसदों के साथ-साथ, एनडीए के सहयोगी दलों के नेता, भाजपा शासित सभी राज्यों के मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री, विभिन्न राज्यों से जुड़े भाजपा के नेता बैठक में मौजूद हैं।

## नैतिकता के आधार पर मोदी पीएम बनने के लायक नहीं : उदित

**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने पर कांग्रेस नेता उदित राज की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा है कि नैतिकता के आधार पर उन्हें प्रधानमंत्री नहीं बनना चाहिए। उदित राज ने कहा कि बीजेपी से ही अगर किसी को प्रधानमंत्री बनाना है, तो आठ लाख वोटों से शिवराज सिंह चौहान चुनाव जीते हैं। अमित शाह भी लगभग सात लाख वोटों से जीते हैं। वैसे तो बीजेपी ने चुनाव में नरेंद्र मोदी को मुख्य चेहरा बनाया था, लेकिन वो हारते-हारते बच गए। इसके अलावा, उदित राज ने नीतीश कुमार पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा, नीतीश कुमार अपनी पार्टी को बचाने के लिए आरजेडी के पास गए थे। दूसरी बात यह है कि आरजेडी कभी बड़ी पार्टी हुआ करती थी, लेकिन बीजेपी ने उसे छोटा दल बना दिया और ऐसा ही अकाली दल के साथ किया गया।

## कंगना रनौत थप्पड़ कांड पर सुनील जाखड़ ने कहा, हिंसा अस्वीकार्य

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर एक्ट्रेस से सांसद बनीं कंगना रनौत को एक महिला सीआईएसएफ कर्मी द्वारा थप्पड़ मारे जाने की घटना पर अब भाजपा की पंजाब इकाई के अध्यक्ष सुनील जाखड़ का बयान आया है। उन्होंने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण कहा है। उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात नहीं है। अपनी असहमति व्यक्त करने के लिए किसी भी तरह की हिंसा अस्वीकार्य है और इसकी निंदा की जानी चाहिए। जाखड़ ने कहा, "इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि सुरक्षा वर्दी पहने एक व्यक्ति ने इस तरह की गैरकानूनी हिंसक हरकत की। यह बयान कंगना रनौत ने तीन साल पहले किसानों के विरोध प्रदर्शन पर दिया था। उनका बयान असंवेदनशील हो सकता है, लेकिन एक सुरक्षा कर्मचारी द्वारा सांसद को थप्पड़ मारने से एक गलत मिसाल कायम होती है।" उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर हुई यह घटना पंजाब और उसके लोगों को बदनाम करने वाली है। जाखड़ ने न केवल घटना के समय पर बात की, बल्कि कानून को अपने हाथ में लेने वाले व्यक्ति को कुछ वर्गों से मिल रहे समर्थन पर भी सवाल उठाया।

**समीक्षा** / अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर

# 21 जून को देशभर में आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर हैं। इसको लेकर शुक्रवार को सूचना और प्रसारण मंत्रालय और आयुष मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजनों की समीक्षा शुरू कर दी। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू और आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने शुक्रवार को 21 जून को मनाए जाने वाले आगामी योग कार्यक्रमों की मीडिया और आउटरीच गतिविधियों की समीक्षा की। आयुष मंत्रालय ने जानकारी दी कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की मीडिया इकाइयां योग अभ्यास के लाभों के बारे में जागरूकता के साथ-साथ सामान्य योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम गतिविधियों का आयोजन करने की तैयारी कर रही हैं। प्रेस सूचना ब्यूरो, प्रसार भारती, न्यू मीडिया विंग और अन्य सहित विभिन्न मीडिया इकाइयों द्वारा प्रमुख गतिविधियों की योजना बनाई गई है। इसके तहत लोक सेवा प्रसारक, प्रसार भारती दूरदर्शन (डीडी) एवं ऑल इंडिया रेडियो (एआईआर) नेटवर्क के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों का प्रसारण करेगा।



### योग का सर्वश्रेष्ठ कवरेज करने वालों को मिलेगा पुरस्कार

योग के प्रचार प्रसार में मददगार मीडिया संस्थानों को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय सम्मानित करेगा। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मीडिया सम्मान की शुरूआत दो साल पहले की थी। इस साल भी निजी मीडिया संस्थानों को प्रोत्साहित करने की पहल जारी रखते हुए यह पुरस्कार दिए जाएंगे। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने योग के संदेश को फैलाने में प्रिंट, टीवी और रेडियो में मीडिया हाउस एवं कंपनियों के योगदान को मान्यता देने के लिए नौ जून 2023 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मीडिया सम्मान की स्थापना की थी। पुरस्कार श्रेणियों में योग को लेकर 'अखबार में सर्वश्रेष्ठ मीडिया कवरेज', 'इलेक्ट्रॉनिक मीडिया (टीवी) में सर्वश्रेष्ठ मीडिया कवरेज' और 'इलेक्ट्रॉनिक मीडिया (रेडियो) में योग को लेकर सर्वश्रेष्ठ मीडिया कवरेज' शामिल हैं। इस वर्ष के पुरस्कार, पिछले वर्ष के पुरस्कारों के साथ, योग दिवस के बाद समारोह में प्रदान किए जाएंगे।

## मोदी में गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने की क्षमता नहीं : कांग्रेस

एजेंसी

**गुवाहाटी।** कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली एनडीए सरकार के भविष्य को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार चलाने के लिए आपको बड़ा दिल और खुले, समावेशी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी में ये गुण नहीं हैं। उनमें गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए इन आवश्यक गुणों का अभाव है। गोगोई ने उत्तर प्रदेश के लोगों का भी आभार जताते हुए कहा कि यहां की जनता ने राहुल गांधी का कद पीएम मोदी से ऊपर कर दिया है। यहां की जनता ने राहुल गांधी को नरेंद्र मोदी से बड़ा जनादेश



दिया है। रायबरेली में राहुल गांधी की जीत का अंतर वाराणसी में पीएम मोदी से ज्यादा है। गौरव गोगोई ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का पूरे भारत में महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है, विशेषकर उन राज्यों में जो परंपरागत रूप से भाजपा का गढ़ माने जाते हैं। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में भाजपा के मार्जिन में गिरावट आई है।